51. पोढवे फाग बसंत खेलि फाग अनुराग भरे दोऊ, हँसति चले पोढ़न पीय प्यारी।।नवल कुंज नव धाम मनोहर, नवल बाल नव केलि बिहारी।।1।।नवल सहचरी गान करति नव, नवल ताल बीना कर धारी।। पौढ़े नवल सेज नव "व्रजपति", चांपत चरन नव भानु कुमारी।।2।।

52. बसंत आज सुभग दिन बसंत पंचमी जसुमति करति बधाई।। विविध सुंगध उवटि कें लाल कों ताते नीर न्हवाई।।1।। बांधी पाग बनाय सेत रंग आभूषन पहराई।। तनक सीस पर मोर चंद्रिका दिस दाहिनी ढरकाई।।2।। गृह गृह तें ब्रज सुंदरि सब मिलि नंद पोरि पे आई।। अंब मोर के पुष्प मंजुरी कनिक कलश बनाई।।3।। चोवा चंदन अगर कुंकुमा केसरि रंग मिलाई।। प्रमुदित छिरकत प्रान पिया कों अबीर गुलाल उड़ाई ।।4।। बाजत लाल मृदंग झांझ डफ गावत गीत सुहाई।। तन मन धन नोछावरि कीनों आनंद उर न समाई।।5।। श्रीगिरिवरधर तुम चिरजीवों भक्तन के सुखदाई।। श्रीवल्लभ पद रज प्रताप तें 'हरीदास' बलिजाई।।6।।

53. बसंत खेलि फागु अनुरागु मुदित, जुबती जन देति असीस।। रसिकन की रस रासि श्रीवल्लभ, जीयौ कौटि बरीष।।1।। फिरि आई खेलन कैं कारन, अबला जुरि दस बीस।। 'हरिदास' कै स्वामी स्यामा, खेलौ बसंत, जय जय गोकुल कै ईस।।2।।

54. बसंत परम पुनीत बसंत पंचमी मुरत शुभ दिन साजे हो।। गोपी ग्वाल मुदित मन मांहि खेलत बन वृजराजे हो।।1।। ब्रह्मादिक सनकादिक नारद सुर विमान चढआये हो।। अष्टसिद्धि नव निधि हू ठाडी ले कर कुसुम बधाये हो।।2।। फूल्यो वृंदावन फूल्यो गोवर्धन फूल्यो जमुना तीर ।। 'रामदास' प्रभु गिरीधर फूले नख शिख शोभा स्याम शरीर।।3।।

55 बसंत बसंत पंचमी मदन प्रगट भयो सब तन मन आनंद।। ठोर ठोर फूले पलास द्रुम और मोर मकरंद।।1।। विविध भांत फूल्यो वृंदावन कुसुम समूह सुगंध।। कोकिल मधुप करत गुंजार गावत गीत प्रबंध ।।2।। सारस हँस सरोवर के तट बोलत सरस अमंद।। नाना पहुप परागन के भरी आवत पवन सुगंध ।।3।। बैनु बजाय करी मन मोहित गोपीन को नंदनंद ।। मिल धाई वृषभानु सुता पै परी प्रेम कें फंद ।।4।। गोवर्धन गिरि कुंज सदन में करत विहार सुछंद।। 'दास' निरखि बलि बलि शोभा पै स्यामा गोकुलचंद।।5।।

56 बसंत आई आज बसंत पंचमी खेलन चलो गोपाल।। संग सखा ले हो मन मन मोहन हम ले हें व्रजवाल।।1।। चोवा चंदन ओर अरगजा केसरि माट भराई।। अबीर गुलाल की झोरी भरि भरि ले हो हाथ पिचकाई।।2।। छिरकत हंसत चलत वृंदावन करत कुलाहल देत हें गारी।। ग्वालन संग लिये नंदनंदन सखियन संग श्रीराधा प्यारी।।3।। एक नाचत एक धाय मिलावत एक मृदंग एकताल बजावत।। यह सुख देखि सुर लोक आनंदित 'स्यामदास' बलिहारी जावत।।4।।

57 बसंत नवल बसंत बीच वृन्दावन मोहन रास रचायौं।। सुर बिमान चढि देखन आए निरखि निरखि सुख पायौं।। नाँचति लाल पग नूपुर बाजैं मुरली सब्द सुहायौं।। ताल मृदंग, झांझ, ढफ बाजति सब इक तार मिलायौं।।2।। साँवल, स्याम, गौर हैं प्यारी मिलि रस सिंधु बढायौ ।। गोपी ग्वाल परसपर नाँचति अद्भुत रंग जमायौं।।3।। कहा कहौं लीला राधा बर की किन हुं अंत न पायौं।। या लीला पै वार वारनैं 'रामदास' बलि जायौ।।4।।

58 बसंत नवल बसंत नवल वृंदावन नवल ही फूले फूल ।। नवल ही कान्ह नवल वनी गोपी निर्तत एक ही तूल।।1।। नवल गुलाल उडे रंग बूका नवल बसंत अमूल।। नवल ही छींट बनी केसरि की मेटत मनमथ सूल।।2।। नवल ही ताल पखावज बाजत नवल पवन के झूल।। नवल ही बाजे बाजत 'श्रीभट' कालिंदी के कूल।।3।।

59. पोढवे बसंत खेलत खेलत पौढी श्रीराधा नवललाल गिरिधर पिय संग। चोवा, चंदन अगर अरगजा झारत फिरत सकल अंग–अंग।।1।। बाजत ताल मृदंग अघोटी बीना मुरली तान तरंग। 'कुंभनदास' प्रभु गोवर्धनधर छबि पर मोहे कोटि अनंग।।2।।

55 बसंत बसंत पंचमी मदन प्रगट भयो सब तन मन आनंद।। ठोर ठोर फूले पलास द्रुम और मोर मकरंद।।1।। विविध भांत फूल्यो वृंदावन कुसुम समूह सुगंध।। कोकिल मधुप करत गुंजार गावत गीत प्रबंध ।।2।। सारस हँस सरोवर के तट बोलत सरस अमंद।। नाना पहुप परागन के भरी आवत पवन सुगंध ।।3।। बैनु बजाय करी मन मोहित गोपीन को नंदनंद ।। मिल धाई वृषभानु सुता पै परी प्रेम कें फंद ।।4।। गोवर्धन गिरि कुंज सदन में करत विहार सुछंद।। 'दास' निरखि बलि बलि शोभा पै स्यामा गोकुलचंद।।5।।

56 बसंत आई आज बसंत पंचमी खेलन चलो गोपाल।। संग सखा ले हो मन मन मोहन हम ले हें व्रजवाल।।1।। चोवा चंदन ओर अरगजा केसरि माट भराई।। अबीर गुलाल की झोरी भरि भरि ले हो हाथ पिचकाई।।2।। छिरकत हंसत चलत वृंदावन करत कुलाहल देत हें गारी।। ग्वालन संग लिये नंदनंदन सखियन संग श्रीराधा प्यारी।।3।। एक नाचत एक धाय मिलावत एक मृदंग एकताल बजावत।। यह सुख देखि सुर लोक आनंदित 'स्यामदास' बलिहारी जावत।।4।।

57 बसंत नवल बसंत बीच वृन्दावन मोहन रास रचायौं।। सुर बिमान चढि देखन आए निरखि निरखि सुख पायौं।। नाँचति लाल पग नूपुर बाजैं मुरली सब्द सुहायौं।। ताल मृदंग, झांझ, ढफ बाजति सब इक तार मिलायौं।।2।। साँवल, स्याम, गौर हैं प्यारी मिलि रस सिंधु बढायौ ।। गोपी ग्वाल परसपर नाँचति अद्‌भुत रंग जमायौं।।3।। कहा कहौं लीला राधा बर की किन हुं अंत न पायौं।। या लीला पै वार वारनैं 'रामदास' बलि जायौ।।4।।

58 बसंत नवल बसंत नवल वृंदावन नवल ही फूले फूल ।। नवल ही कान्ह नवल वनी गोपी निर्तत एक ही तूल।।1।। नवल गुलाल उडे रंग बूका नवल बसंत अमूल।। नवल ही छींट बनी केसरि की मेटत मनमथ सूल।।2।। नवल ही ताल पखावज बाजत नवल पवन के झूल।। नवल ही बाजे बाजत 'श्रीभट' कालिंदी के कूल।।3।।

59. पोढवे बसंत खेलत खेलत पौढी श्रीराधा नवललाल गिरिधर पिय संग। चोवा, चंदन अगर अरगजा झारत फिरत सकल अंग–अंग।।1।। बाजत ताल मृदंग अघोटी बीना मुरली तान तरंग। 'कुंभनदास' प्रभु गोवर्धनधर छबि पर मोहे कोटि अनंग।।2।।

60. विशेष बसंत श्रीवल्लभ प्रभु करुना सागर जगत उजागर गाइए।। श्रीवल्लभ के चरन कमल की बलि-बलि बलि-बलि जाइए।।1।। वल्लभी सृष्टि समाज संग मिली जीवन कौं फल पाइए।। श्रीवल्लभ गुन गाइए और याहि तैं 'रसिक' कहाइए।।2।।

61 बसंत खेलत हैं हरि आनंद होरी।। करतल ताल बजावत गावत रामकृष्ण की जोरी।।1।। ऋतु कुसुमाकर कामदेव पिय माखन दूध दही की चोरी ।। जाके भवन कछु नहि पावत ताके चले उठि भाजन फोरी ।।2।। देखत गोपी सुंदर लीला घूंघट और हँसि मुख मोरी।। 'परमानंद' स्वामी बहु रंगीसब यों सुख देखि कर पौरी।।3।।

62 बसंत खेलति खेलति पौढी स्यामा नवललाल गिरिधर पिय सँग।। चोवा चंदन अगर कुंमकुमा झारति फिरति सकल अँग अँग।।1।। बाजति ताल मृदंग अघौंटी बीना मुरली तान तरँग ।। 'कुंभनदास' प्रभु यह बिध क्रीडति जमुना पुलिन लजावति अनँग।।

63 बसंत खेली बसंत जाम चारयौ निसि हँसति चले पौढ़न पिय प्यारी।। नवल कुंज नव धाम मनोहर नवल बाल नव केलि बिहारी ।।1।। नवल सहचरी गान करति नव नवल ताल बीना करधारी।। पौढ़े नवल सेज नव 'ब्रजपति' चाँपति चरन नव, भानु कुमारी।।2।।

64 बसंत बसंत बनाई चली ब्रज सुंदरि रसिकराय गिरिधर पिय पास।। अँग अँग बेलि फूलि मृग नैंनी कुच उतंग मनौं कमल विकास।।1।। कोक कला बिध कुंज सदन मैं गिरिवरधर सँग किये बिलास।। कुसम पर्यंक अँक भरि पौढे निरखति बलि 'परमानँद' दास।।2।।

65 बसंत खेलि फाग अनुराग भरे दोऊ हँसति चले पोढन पीय प्यारी।। नवल कुंज नव धाम मनोहर नवल बाल नव केलि बिहारी।।1।।नवल सहचरी गान करति नव नवल ताल बीना कर धारी।। पौढे नवल सेज नव ब्रजपति चांपत चरन नव भानु कुमारी।।2।।

66 बंसतोत्सव बसंत आज बसंत बधायौ है, श्री बल्लभ राज दुआर। श्री विट्ठलनाथ कियौ है रुचि-रुचि, नवल बसंत सिंगार।। बल्लभी सृष्टि समाज संग सब, बोलत जय जयकार।। पुष्टि भाव सों पूजत है मिलि, बाढ्यौ है रंग अपार।। प्रेम भक्ति कौ दान करत, श्री बल्लभ परम उदार।। कृपा दृष्टि अवलोकि दास कों, देत हैं पान उगार।। श्रीबल्लभ राजकुमार लाल, ब्रजराज कुमर अनुहार। ऐसौ अद्भुत रूप अनूपम, 'रसिक' जात बलिहार।।

होरी के पद

67 जगायवे विभास जागो कृष्ण खेलो रंग होरी। अबीर गुलाल लियो भर झोरी।।1।। ब्रज–नव–बधु निकसी खेल को घोख रायजी की पौरी।। कछु खाओं सुगध पेट भर करो रगमगे राम तुम जोरी। संग सखा खेलन को जाओ 'दास निरख' बोलत हो होरी।।

68. कलेऊ विभास करो कलेऊ बलराम कृष्ण तुम मिल ब्रज नारी सिमटि सब आई। चोबा चंदन अगर कुंमकुमा साज काम की सब सज लाई।।1।। कछु खायो कछु धरनि गिरायो उमंग आनंद उर न समाय 'सूर स्याम' होरी रस पागे उठे अचवन करि बीरा खाय।।2।।

69. विभास खिलावन आवेगी ब्रजनारी। जागो लाल चिरैयाँ बोलीं कहि जसुमति महतारी।।1।। औट्यो दूध पान करि मोहन बेगि करि स्नान गुपाल। करि सिंगार नवल बानिक बन फेंटन भरो गुलाल।।2।। बलदाऊ ले संग सखा सब खेलो अपने द्वार। कुमकुम चोवा चंदन छिरको घसि मृगमद घनसार।।3।। लरकन हेरि सुनो मनमोहन गावत आवे गारी। 'ब्रजपति' तब हीं चौंकि उठि बैठे कित मेरी पिचकारी।।4।।

70. विभास जागि कह्यौ जननी सों मोहन। आज कहा मोइ बैगि जगायौ, सो बताय कहियै मोहि सोहन।।1।। जसुमति कह्यौ जु आज परब दिन, पून्यौ सुख की रासी। डाँडों रोपन नंद जाँइगें, संग लियैं ब्रजवासी।।2।। उत बृषभान इत नंदराय जू, होड़ परैगी भारी। उत प्यारी इत प्यारे कौ दल, को जीतै को हारी।।3।। तातें मनमोहन बलदाऊ, सब समाज मिल लीजै। और गोप लीजै रखवारी, गोपी सब बस कीजै।।4।। यह सुनि रमकि उठे गिरिबरधर, मैया मोय ही न्हवाओ। देखों आज खेल होरी कौ, माखन मोहिं खबाओ।।5।। तब जसुमति गोपाल लाल कों, उबटि न्हवाये प्रीत। करत सिंगार परम रूचिकारी, ब्रज बासिन से चीत।।6।। रुचिर पाग बाँधी सिर ऊपर, मोरि चद्रिंका धारी। तब सब बात जानि ब्रजबनिता, चली सिंगार सिंगारी।।7।। सब मिलि एक ठौर व्है आईं, जसुमति गृह के द्वार। भीतर धँसि उर लाइ ललन, मुख हरषे लोचन चार।।8।। सैनन में सब भेद कह्यौ, हँसि मोहि मोहन मन लीन्हों। 'रसिक प्रीतम' जानत अंतर गति, मन भायौ सब कीन्हों।।9।।

71. विभास आज तौ छबीलौ लाल प्रात ही खेलन चल्यौ, सखा संग के लै लिये, प्रेम गारी रह्यौ गाइ कै।। खेलत–खेलत सब, बृषभान जू की पौरि आये, हो हो हो हो बोलें बोल प्यारी मन भाइ कै।। 1।। छबीली प्यारी रचौ उपाइ, स्याम कों लीये बुलाइ, मैया की दृष्टि बचाइ लीन्हे उर लाइ कैं।। अरस परस हरष दोऊ, महा मोद रस भीने, सहचरी सुख पावें महा "रसिक" मुख सो गाइ कें।।2।।

72. भैरव भोर भये नंदलाल संग लिये ग्वाल बाल फेंटन भर्यो गुलाल बोलत हैं मुख होरी। केसरि भरि कलस साथ पिचकारी लिये हाथ छिरकत हैं सोंधो गुलाल डारत ब्रज खोरी।।1।। जुवतिन जूथ माहिं धँसि काढत पकरि बांह मन में कछु सकुच नाहिं लीने भरि कोरी। बाजत डफ मृंदग ताल कूजत मुरली रसाल झुंडन मिलि गावत बिच महुवरि धुनि थोरी।।2।। यह बिधि हरि करत केलि बरन्यो नहि जात खेल अनुरागे पागे सब आये नंद पोरी। निरखत मुख मुसिक्यानी आरति वारत नंदरानी छबि पर वार डारों 'हरिजीवन' तृन तोरी।।3।।

73 भैरव वृंदावन बंसीबट के तट ब्रजभूषण खेलत हे होरी।। अगर अबीर गुलाल उडावत नंदनलाल बृषभान किशोरी।।1।। अपने अपुने गृहतें निकसी आली सास ननन की चोरी ।। ओर सखी सब छांडि स्याम मेरो कर मरोड पहोंची गहितोरी।। 'सूरदास' प्रभु सबसुखदायक कंचन अरु पारसकी जोरी।।3।।

74. ललित तुम कौन के बस खेले हो रंगीले, हो–हो होरियां।। अंजन अधरन पीक महावर नैन रंगे रंग रोरियां।।1।। बार–बार जृंभात परस्पर निकसि आई सब चोरियां।। "नंददास" प्रभु उहांई बसौ किन जहाँ बसै वे गोरियां।।2।।

75. ललित कुंज कुटीर मिली जमुना तीर खेलत होरी रस भरे अहीर।। एक और बलबीर धीर हरि एक और जुवतिन की भीर।।1।। कैकी कीर कंला गुन गुभीर पिक डफ मृदंग धुनि कर मंजीर।। पग मंजीर कर लै अबीर केसरि के नीर छिरकत हैं चीर।।2।। भई है भीर रति पथ के तीर आनंद समीर परसत सरीर।। "नंददास" प्रभु पहिरे चीर तन मिटत पीर, बाढ्यो सुख को सीर।।3।।

76. देवगंधार आजु माई! मोहन खेलत होरी। मोहन खेलत होरी। नौतन भेष काछि ठाढे भये संग राधिका गोरी।।1।। अपने भवन तै आई देखनि श्रीवृषभानु किसोरी। चोबा चंदन और कुमकुमा मुख मंडित लै रोरी।।2।। छूटी लाज तब तन न सँभारति अति विचित्र बनी जोरी। माँच्यो खेल रंग भयो भारी या उपमा कों को री।।3।। देति असीस चली ब्रज बनिता अंग–अंग सब भोरी। 'परमानंद' प्यारी की छबि पर गिरिधर देत अँकोरी।।4।।

77 बिलावल हरि सँग होरी खेलनि आँई । चन्द्रभगा, चंन्द्रावलि भांमा, राधा परम सुहाई।।1।। चोवा चंदन अगर कुँमकुमा सुरँग गुलाल उड़ाई।। रतन–जटित पिचाकाईन भरि भरि छिरकति कुँवर–कन्हाई।।2।। ताल,मृदंग, पटह ढ़फ बाजै, घोष नगारे घाई।। श्रीमंडल सहनाई सुंदर बिच बिच बैनु बजाई।।3।। अरस परस खेलति पिय प्यारी, उपमा बरनि न जाई।।'सूरदास' बलि जाई बदन की निरखि निरखि मुसिकाई।।4।।

78. देवगंधार हो–हो होरी खेलति गिरिधारी।। इत सब बालक उत ब्रज–जुबती सँग वृषभानु दुलारी।।1।। आँई जुरि सब नंद पौरि पै भीर भई अति भारी।। बाजति ताल मृदंग झांझ डफ गावति दै कर तारी।।22।। चोवा चंदन अरू अरगजा केसरि रंग संभारी।। रतन खचित पिचकारी कर लै छिरकति हैं पिय प्यारी।।3।। सुरँग गुलाल अबीर उड़ावति हो–हो सबद उचारी।। बरन–बरन भये बसन सबन के भीजि रही रँग सारी।।4।। सब सखियन मिलि मोहन पकरे कर जु गहे सुकुमारी।। नैंन आँजि छीन लई मुरली, देति भाँवती गारी।।5।। फगुवा देहु हमारो लालन, मोहन मदन मुरारि।। मेवा बसन आभुषण दीनै, देति असीस, ब्रजनारी।।6।। निरखि बिनोद हरखति सुरपति, जिय पुहुप वृष्टि करि भारी।। 'श्रीविट्ठल'' गिरिधरन' लाल की तन मन धन बलिहारी।।7।।

79 देवगंधार हों तो होरी नंदलाल सो खेलोंगी। भरूं भराउं गति उपजाउ जग उपहास सहेलोंगी।।1।। नाचूँ उघरि बजाउं गाउं पतिव्रत पायन पेलूंगी। कृष्ण जीवन लछिराम के प्रभु सों रीझि माल गुलरी मेलोंगी।।2।।

80 बिलावल ग्वालिनी फगुवा माँगनि आई।। आजु चलौ नँद जू की पौरी
अद्भुत खेली मचाई।।1।। सुरँग गुलाल अबीर उड़ावति, करन कनक पिचकाई।।
झाँझ झालरी रबाब किन्नरी बाजे बहुत मँगाई।।2।। भरे अरगजा केसु, केसर सौंधो
बहुत सुहाई।। ताल, मृदंग, उपंग, चँग, रँग, भेरि दमाम बजाई।।3।। या विधि तैं नंद
जू के द्वारे बहु विधि खेल मचाई।। देखि जसोमति मन अति प्रफुलित अंग-अंग सुख
पाई।।4।। सब मिलि आँई धाई महरि पै मोहन देंओ बताई।। सुनि बलबीर आई ठाढ़े
भए चंद्रावलि पकराई।।5।। तब नँद लाल धाई जुवतीन पै चहुँ दिसि तैं जुरि आई।।
मोहन पकरि स्यामा बस कींनौं होरी बोलि सुनाई।।6।। यह संकरषन देखि हँसे मन,
मोहन पकर्‍यों जाई।। एकनु घेरि लेति मुख चुंबन, एकनु, काजर ल्याई।।7।। या बिधि
होरी खेलति हैं, जु भेट परसपर माई।। नंद-नँदन वृषभानु किसोरी गोपी मन हुलसाई।।8।।
अब हीं फगुवा देहु लाल जू तौई छूटन पाई।। तब हीं मान लियौ नँद लाला कियौ सबन
मन भाई।।9।। एक हि नैन आँजि बृजनाथ हि एकनु पान खवाई।। एकु हि बाम भाग
होई ठाड़ी मुरली लेत छिड़ाई ।।10।। एकु हि केसर घोर सुरंगी सौंधो जिस बिध लाई।।
एकुई अंगिया झटकति पटकति तारी दै दै नँचाई।।11।। तब हि नारी को भेख बनायौ
सैंदुर मांगि सुहाई।। सारी सुरँग रँगी बहु रँग तैं पुहुप माल पहिनाई।।12।। श्रीराधा नँद
लाल भई नव सखि एकु लईं बुलाई।। उन बलबीर कौ भेख कियों है श्रीस्यामा मुरली
बजाई।।13।। यह मुख लखि सुर नर मुनि मोहे, कोटि अनंग लजाई।। जोरी अद्भुत
लीला-सागर, 'सूरदास' बलि जाई।।14।।

81 बिलावल जिन डारो जू अँखियन में अबीरा।। रतन जटित पिचकाई कर
लिये भर-भर केसर नीरा ।।1।। ललिता प्रीतम को मुख मांड्यो चरच्यो स्याम सरीरा।।
'सूर' प्रभु रस वस कर लीनो इन हलधर को वीरा ।।2।।

82 बिलावल व्रजनारी ब्रजराज गोप गृह मोहन देखन आई।। शोडष साजि सिंगार
शोडष वरष की एक दाई।।1।। दिव्य वसन भूषन तन गावे गारि सुहाई।। श्रवन सुनत
आनंद मनमोहन दई हे दिखाई।।2।। रग मगों वदन विलोकि के नेन रहे अरुझाइ।। सुंद
श्याम स्वरूप रूप अति वरनी न जाइ।।3।। केसरि साल जवाद कनक कूंडो जो भराई।।
रतन खचित पिचकाइन छिरकत कुंवर कन्हाई।।4।। खेल मच्यो व्रज के बिच अरगजा
कीच मचाई।। ताल मृदंग ढोल डफ मुरली शब्द सुहाइ ।।5।। हो हो हो कहि बोलत
आनंद उर न समाइ।। तिन में मुख्य श्री राधा सेनन देत दिखाई।।6।। सिमिटि सकल व्रज
सुंदरी मोहन पकरे धाई। पीतांबर वनमाला मुरली लई छिनाई।।7।। हँसि हँसि हरि पें माँगत
फगुवा देहु कन्हाई।। लीला ललित मनोहर माधोजन मन भाई।।8।।

83 बिलावल नवरंगी लाल बिहारी हो।।तेरे द्वे बाप द्वे मेहेतारी।।ध्रु।।नवरंगी ले नवल बिहारी।। हम देहि कहा करी गारी।।1।। द्वे बाप सबे जग जाने।। सो तो वेद पुरान बखाने।।2।। वसुदेव देवकी जाये।। सो तो नंद महर के आये।।3।। हम बरसाने की नारी।। तुम्हे देहे हँसि हँसि गारी।।4।। तेरी फूफी कुंतीरानी।। सो तो सूरज देखि लुभानी।। 5।। तेरी बहिन सुभद्रा कुवारी।। सो तो अर्जुन संग सिधारी।।6।। द्रुपद सुता सी तेरी भाभी।। सो तो पांच पुरुष मिल लाभी।।7।। हम जाने जू हम जाने।। तुम उखल हाथ तो बंधाने।।8।। हम जानी बात पेहेचानी।। तुम कब के भये दधि दानी।।9।। तेरी माया ने सब जग ढूंढ्यो।। कोउ छाँड्यो न बारो बूढो।।10।। जन कृष्णा गारी गावे।। तब हाथ धारको लावे।।11।।

84. बिलावल घोस नृपति सुत गाइयें जाके बसियें गाम।। लाल बलि झूमिका हो।। बहोरि सुहागिनि गाइये जा को श्रीराधा नाम।। लाल।।1।। चली हें सकल ब्रजसुंदरी नव सत साजि सिंगार।। गावत खेलत तहाँ गई जहां घोषराय दरबार।।2।। जाय नैन भरि देखिये सुंदर नंदकुमार।। नील पीत पट मंडिता उर गज मोतिन हार।।3।। सखा संग अति रस भरे पहरे बिबिध रंग चीर।। गीत बिचित्र कोलाहला अरू ब्रज–वासिन भीर।।4।। डिम–डिम दुंदुभी झालरी रूंज मुरज डफ ताल।।। मदन भेरि राय गिड–गिडी बिच–बिच बेनु रसाल।।5।। अति रस भरी ब्रज सुंदरी देत परस्पर गारि।। अंचल पट मुख दै हंसी मोहन वदन निहारि।। 6।। पहलो झूमक ताही को जाको श्रीमोहन पूत।। देखि परे सिर मोहनी जुवती जनमत धूत।।7।। दूसरो झुमक ताही को जाकी श्रीराधा नारि।। पिय–प्यारी रोके गहैं मन में चोंप बिचारि।।8।। जुवति कदंब सिरोमनी श्रीराधा वर सकुमारि।। उत ब्रज सिसु–गन नायका बलि अरू गिरिवरधारि।। 9।। एकन कर बूका लिये इक गुलाल अबीर।। प्रमदा गन पर बरख ही कूकें दैत अहीर।।10।। रतन खचित पिचकाइयां नव कुंकुम जल सों घोरि ।। पिय सन सुख व्है छिरक हीं तकि–तकि नवल किसोरि।।11।। स्याम सुभगतन सौह ही नव केसरि के बिंदु।। ज्यों जलधर में देखिये मानौ उदित बहु इंदु।।12।। जुवति जूथ

मिलि धाइयो पकरे बलि मोहन जाय।। नव केसरि मुख मांडि कें छाँडे आंखि अंजाय।।13।। यह बिधि होरी खेल हीं जाति बंधु संग लाय।। पूरन–ससि–निस डह डही पून्यो होरी लगाय।।14।। परिवा सकल घोख जन भानु सुता चले न्हान।। अरगजा अंग चढाइयों बिमल बसन परिधान।।15।। दुतिया बंदन बांधियो सिंघासन युवराज।। छत्र चंवर गोविंद गहे श्रीवल्लभ कुल सिरताज।।16।।

85. बिलावल नंद सुबन ब्रजभाव ते फाग संग मिलि खेलो जू।। आज हमें तुमें जान दीजो जुवती–दल पेलो जु।।1।। रसिक–सिरोमनि साँवरे श्रवन सुनत उठि धाए जु।। बलि समेत सब टेरि कें घर–घर ते सखा बुलाये जु।।2।। बाजे बहु–बिधि बाज हीं ताल मृदंग उपंग।। डिम–डिमि दुंदुभी झालरी आवज कर मुख चंगा।।3।। उत ते नव सत साजि कें निकसी सकल ब्रजनारी।। झुंडन आई झुमि कें कल गावत मीठी गारी।।4।। केसरि कुंकुम घोरि कें भाजन भरि भरि लाई।। छूटी सनमुख स्याम के करन कनिक पिचकाई।।5।। उत हिं समाज गोपाल सों भरे महा–रस खेलें। चौवा मृगमद सानि कें जुवती जूथ पर मेलें।।6।। सोभित बालिक बृंद में हरि हलधर की जोरी।। उत हि चतुर चंद्रावली सब गुन निधि राधा गोरी।।7।। सोंह बदे ललिता कहे कौऊ पगन पिछोंडे डारे। इत नायक उत नायका को जीते को हारे।।8।। टिके परस्पर देखि कें खेल मच्यो अति भारी।। इत उत औट न मान ही चौंकि परे नर नारी।।1।। जुवति जूथ–दल पेलि कें छेकि सुबल गहि लीनो जु।। कंठ उपरना मेलि कें खेंचि आप बस कीनो जु।।10।। सुनौ सुबल साची कहुँ तो भलें छूटन पाओ।। छल बल बानिक बानिकें नेंक हलधर कों पकाराओ।।11।। बहोरी सिमिटि ब्रजसुंदरी संकरसन गहि घेरे।। फेंट गजाय के बोलत हो–हो–होरी जु।।16।। मगन भई ब्रज सुंदरी नव रस भीज्यो हीयो जु।। इत अग्रज उत स्याम पें दुहुं दिस फगुवा लीयौ जु।।17।। परसि परम सुख उपज्यो भयो त्रियन मन भायौ।। सादर चारू चकोर ज्यौ मानौ विधु प्रीतम पायौ जु ।।18।। नागरि अति अनुराग सौ मुदित वदन तन हेरें जु।। सर्वस वारें वारनें एक अंचल हरि पर फेरें।।11।। “चत्रभुज” प्रभु संग खेल हीं यह बिधि घोष कुमारी जु।। सब ब्रज छायौ प्रेम सों सुख सागर गिरिधारी जु।।20।।

86. बिलावल आगम सुनि ऋतुराज कौ फूली सब ब्रजनारी जू।। बरन–बरन सिंगारि कियें चंदन चरचित सारी जु।।1।। नव नवलासी फूल की फूल लिये भरि झोरी।। अरगजा चंदन वंदन अरू घसि लीनी रोरी।।2।। मंगल साज सबै सजे तब निकट कुंवरि के आई।। प्रथम हि द्योस बसंत है मन हरखित दैत बधाई।।3।। गांवें गारि सुहावनी अति प्रमुदित नवल किसोरी।। संग ब्रज कुसल समाज सों फिरि आई फागुन होरी।।4।। ताल मृदंग बजावहीं रूंज मुरज सहनाई।। डफ दुंदुभी अरू झालरी जनु बाजत मदन दुहाई।।5।। सुनि सु घोख कोलाहल जिय सबहिन कौ सरसानों।। गिरधर के अनुराग सों भीजि रह्यो बरसानों।।6।। यह बिधि साज समाज लै मिलि चली राय जु की पौरी।। श्रीराधा जु के लेन कों उठि नंदरानी दौरी।।7।। प्रथम ही केसरि नीर ले अंग चीर सबन के बोरे।। केसरि अरगजा घोरि कें सिर भरि–भरि गडूवा ढौरे।।8।। सोंधो सुरंग गुलाल लै बहु साखि जवाद मिलायौ। आनि अचानक लाडिली हंसि महरि वदन लपटायौ।।1।। दिरक्यौ सब मिलि धाइ कें छल बल सों उठि दौरी।। जानि कुंवरि बृषभान की तब महरि लई भरि कौरी।।10।। चुंबत चांपति प्रेम सों पुनि–पुनि कंठ लगावै। जो कछु आनंद जीय कौ मुख कहत कह्यौ नहीं आवै।।11।। मनिमय नाना भांति के भूषण बसन मंगायै। तब हम इन कों लेंइगी कहौ गिरिधर कहाँ दुरायै।।12।। कछु एक ओचक चाहि कें तब महरि बदन मुसिक्यानी।। नागरि सब गुन आगरी बात हिये की जानी।।13।। तब जुवती जन धाई कें चढी जाय चित्रसारी।। सकुचत वदन दुरावहीं हँसि गहे जाय गिरधारी।।14।। घेरि लिये चहुं–ओर तें अब छूटो कहाँ पलायै।। क्यौं जुवतिन के बस परे तुम कहीयत अधिक बलायै।।15।। काहू बातें भेद की कहि कानन में उठि दौरी।। काहू अचानक आनि कें लाल लिये भरि कौरी।। 16।। काहू नाना–भांति सों रंग चित्र कपोलन कियो।। काहू मरूबट मांडि कें मधिबेंदा रोरी दीयो।।17।। काहू नीकि भांति सों अंजन नैन बनायै। सहज ही चपल कुरंग सें ढरि कानन लों आये।।18।। काहू गहि बेनी गुही रचि मोतिन मांग सुढारी।। तन–सुख की सोंधे सनी सुठि सारी सरस संभारी।।19।। चंपकलता चली धाइ कें तब चिबुक दिठोना दीनों।। मोहि रही सब मोहनी ब्रज–रूप मोहनी कीनों।।20।। नाना बरन अबीर लै मनमोहन वदन लगायौ।। पूरनचंद मानो घन में नव इंद्र धनुस सो छायौ।।21।। केसरि ढौरी सीस तें बहि चले खार पनारै।। अरगजा अरू गुलाल सों भरे घरन के द्वारै।।22।। सनमुख मुख हि नीहारते सुख निरखत कौऊ न अघानी।। गारी देत सुहावनी अति रस सौ लपटानी।।23।। आगें व्है मोहन लिये हँसत–हँसत सब आई।। घूंघट सों मुख ढांकि कें, पगन महरि के लगाई।।24।।

यह कन्या काहू राय की सो आप समर्पन कीनी।। रूप बेस गुन स्याम के यह बिधाता दिनी।। 25।। हरखत मन आनंद सौ तुम बांटो आज बधाई।। बिधि ते रूप उजागरी हम कौन बधू लै आंई।।26।। बिंहसि बधू को नाम लै तब महरि गोद बेठारी।। प्रमुदित अति आनंद सों बिधितन गोद पसारी।। 27।। घूंघट औट उतारि कें तब जुवती मुरि मुसिक्यानी।। हँसी परस्पर नागरी तब देखत महरि लजानी।।28।। हो–हो–होरी बोल ही नाचें दे कर तारी।। प्रमुदित कर हिं कुलाहल गावै मीठी गारी।। 29।। यह ब्रज होरी खेल कौ सब सुख ते सुख न्यारो।। यह समाज नित माधुरी के टरत न हिय ते टारयो।।30।।

87 बिलावल कुंज कुटीर जमुना के लीए तीर खेलत होरी रस भरे अहीर। एक और बलबीर धीर हरि एक और युवतिन की भीर।। 1।। कैकी कीर कंला गुन गंभीर पिक डफ मृदंग धुनि कर मंजीर । पग मंजीर कर लै अबीर केसरि के नीर छिरकत चीर।। 2 ।। भई है भीर रति पथ के तीर आनंद समीर परसत सरीर। "नंददास" प्रभु पहिरे चीर तन मिटत पीर बाढयों सुख को सीर।।3।।

88. बिलावल श्रीलक्ष्मन कुल गाइयै, श्रीवल्लभ सुबन सुजान।। लाल मन मोहना हो।। सोम बंस सुख दैन कुँ प्रकटे द्विज कुल भान।। गुन निधि गोपीनाथ जु निर्गुन तेज निधान।।1।। पुरूषोत्तम आनंद में श्रीविठ्ठल ब्रज के भूप।। कौटि मदन विधु वारनें मुख सोभा सुख रूप।।2।। भूतल द्विज बपु धारि कें श्रुति पथ कियौ प्रचंड।। मारग पुष्टि प्रकासि कें माया मत कियौ खंड।। 3।। श्रीगिरिधिर गुन आगरे।। पूरन परमानंद।। राज सिरोमनि लाडिले करूनामय गोविंद।।4।। श्रीबालकृष्ण मुख चंद्रमा पंकज नैन बिसाल।। श्रीवल्लभ गोकुलनाथ जु प्रिय नवनीत दयाल।।5।। श्रीपति श्रीरघुनाथ जु जगजीवन अभिराम।। रूप–रासि जदुनाथ जु कमला पूरन काम।।6।। नव किसोर घनस्याम जु अंग–अंग सुखदाय।। बालक सब ब्रह्म जानि कें बेद विमल जस गाय।।7।। बिंद्रा विपिन सुहावनों ब्रजलीला सुखसार।। "मानिकचंद्र" प्रभु सर्वदा श्रीगोकुल करत बिहार।।8।।

89 बिलावल अरी ते रंग राख्यो खेलत हरि संग होरी।। छबिसों गई लपटाय छबीली पिय मुखचन्द चकोरी।।1।। हँसि के छिरक्यो छेल छबीलो भर-भर कनक कमोरी।। रंग अनंग नगन रंग बाढ्यो हँसत ओट मुख मोरी।।2।। धन तेरो भाग सुहाग लाडिली धन वृषभान किसोरी।। कृष्णजीवन 'लछीराम' के प्रभु प्यारे चिरजीयो यह जोरी।।3।।

90 बिलावल सौंधे की हैं उठति झकौरें, मोहन रंग-भरे।। चोवा, चंदन, अगरु कुंकुमा, सोहैं माट भरे।।1।। रतन जटित पिचकारी करगहि, बालक बृंद खरे।। भरि पिचकारी रस सौं डारी, सो मन प्रान हरे।।2।। सब सखियनि मिलि मारग रोक्यौ, अरु मोहन पकरे।। अंजन आँजि दियौ अँखियन मैं, हा हा करि उबरे।।3।। फगुवा बहुत मँगाई साँवरे, कर लै अरज करे।। धनि धनि सूर, भाग ता के, प्रभु जा कैं सँग बिहरे।।4।।

91. बिलावल ब्रज नारी ब्रज राज गोप गृह मोहन देखन आईं।। सोडस साजि सिंगार सोडस बरस की एक दाई।। 1।। दिव्य बसन भूषन तन गावै गारि सुहाई।। श्रवन सुनत आनंद मन मोहन दई हें दिखाइ।।2।। रग–मगो वदन बिलोकि के नैन रहे अरूझाइ।। सुंदर स्वरूप रूप अति बरनी न जाई।।3।। केसरि साख जवाद कनक कुंडो जो भराई।। रतन खचिन पिचकाइन छिरकत कुँवर कन्हाई ।।4।। खेल मच्यौ ब्रज में अरगजा कीच मचाई ।। ताल मृंदंग ढोल डफ मुरली सब्द सुहाई।।5।। हो हो–हो कहि बोलत आनंद उर न समाई।। तिन में मुख्य श्रीराधा सैनन दैत सिखाई।।6।। सिमिटि सकल ब्रज सुंदरि मोहन पकरे धाई।। पीतांबर बन–माला मुरली लई है छिनाई।।7।। हँसि–हँसि हरि पें माँगत फगुवा देहु कन्हाई।। लीला ललित मनोहर "माधो" जन मन भाई।।8।।

92. बिलावल फाग खेलन ब्रज–सुंदरी नंदराय घर आई।। जसुमति अति आदर देत रोहिनी लेत बुलाई।।1।। गावत गीत सुहावने हँसि–हँसि दै तन गारी।। दुरि ये न होरी खेलिये नंद कुँवर गिरधारी।।2।। सुनि मृदु बचन त्रियन के निकसे हें मोहन लाला।। मन हुं कनिक कमल ढिंग आवत मधुप रसाला।।3।। ताल मृदंग उपंग चंग बीना डफ राजे।। दुंदुभी डिमि–डिमि झालरी बिच–बिच मुरली बाजे।।4।। कनिक कलस केसरि भरे संग लिये सत गोरी।। चोवा मृगमद गोर चंदन वंदन रोरी।। अरगजा भरि–भरि पिचकाई फेंटन सुरंग गुलाला। छिरकत भरत परस्पर हो–हो बोलत ग्वाला।।6।। मोहन गोपिन छिरकत केसू केसरि नीरा।। इत त्तें तकि–तकि दृगन भरत मुठी

अबीरा।।7।। घिरि आई ब्रजनारी नंदलाल गहि लीने।। एक अधर रस पीव ही एक आलिंगन दीने।।8।। प्यारी काजर देत है ललिता गहै कर दौऊ।। चंद्रावलि मुख मांडत हँसत सखी सब कौऊ।।9।। हरद कपोल लगावत उड़वत पीत पिछोरी।। हँसत दे–दे कर तारी बोलत हो–हो–होरी।।10।। यह बिधि पिय संग खेल हीं आनंद उर न समाई।। देखत देव थकिन भये पोहोपन वृष्टि कराई।।11। न्हान चले जमुना सब सोभा अति बनि आई।। राधा गिरिधर देखि कें "सूरदास" बलिजाई।।12।।

93 होरी डांडा (महासुदी 15) सोरठ बिलावल होरी खेलियै हो सुंदर लाल, चंचल नैन बिसाल।। ब्रज जन के प्रतिपाल, लीला नर गोपाल।। गहि ठोड़ी जसुमति कहै, तुम सँग लेहु सकल ब्रजबाल।।1।। होरी॰ बिबिध सुगंधन उबटनौं, सब अंग बैठि उबटाऊं।। चंदन अंग लगाइ के सुख ताते नीर न्हवाऊँ।।2।। अंग–अंगोंछो प्रीति सों घसि, मृगमद तिलक बनाऊं।। अंजन नैनन आंजि कै, भौंह मसि बिंदुका लगाऊँ, अलकावलि अति मोहिनी मोतिन लर सरस गुँथाऊँ।। मधि लटकन लटकाइ कैं, हौं देखत अति सुख पाऊँ।।4।। पगिया पेच सँभारी कै, खिरकिन दार सीस बराऊँ।। मोर चंद्रिका तनक सौं, हौं दिसि दाहिनी धराऊँ।। झीनी झंगुलिया अति बनी, सो तौ स्याम अंग पहिराऊँ।। अति सुगंध पुहुपन बस्यौ, तापर फुलेल चुपराऊँ।।6।। सूथन गाढे अंग की हो, लाल चरन बिरचाऊँ।। फेंटा कटि तट बांधिकैं, और सुरंग गुलाल भराऊँ।।7।। आभूसन बहु भाँति के, अंग तुमहि पहिराऊँ।। फूलन की माला गरें धरि, देखत सुख न अघाऊँ।।8।। घर–घर ते सब गोप गन, लरिकन पठै बुलाऊँ।। केसर के मटुका भरों, पिचकारी हाथ दिवाऊँ।।9।। सिंहद्वार ठाड़े रहौं, तुमें संग दै हों बलदाऊँ।। आगे व्है मेरे लाड़िले, ब्रज ललना रंग छिरकाऊँ।।10।। बड़रे गोपन बोलि कै, रखवारे संग रखाऊँ।। मन मानें त्यों खेलियै सब ब्रज–रस सिंधु समाऊँ।।11।। बिबिध भांति ब्रजराज सों कहि, बाजे बहु बजवाऊँ।। फगुआ दैवे कों अबहि, नव भूषन बसन मँगाऊँ।।12।। सब ब्रज–जुबतिन कों अब हि, घर–घर तें बेगि बुलाऊँ।। मेरे लालन के चाउ सों, फगुवा के गीत गवाऊँ।।13।। रंगमँगे बागे देखिकै, अपने दोऊ दृगन सिराऊँ।। मुक्ता फल थारी भरों, हौं लै आरती उतराऊँ।।14।। आंकों भरि–भरि गोद लै, घर भीतर हौं चली जाऊँ। ब्रज–जुबतिन के जुथ मे, हौं फूली अंग न समाऊँ।।15।। माय मनोरथ यों करै, जाकौ श्रीजसुमति है नाँऊँ। दिजै यह फल "रसिक" कों, श्रीबल्लभ गुन गाऊँ।।16।।

94. बिलावल नंद गाम कौ पांडे ब्रज बरसाने आयौ।। अति उदार बृषभान जानि सनमान करायौ।।1।। पांडे जू के पायन कों हँसि–हँसि सीस नवायौ।। पाय धुवाय न्हवाय प्रथम भोजन करवायौ।।2।। धाय आई ब्रज–नारी जिन यह सूधो पायौ।। भानु–भवन भई भीर फाग कौ खेल मचायौ।।3।। सीसी सरस फूलेल अंग–अंगन झलकायौ।। हनूमान की प्रतिमा मानौ तेल चढायौ।।4।। काजर सों मुख मांडि बदन बिंदा जु बनायौ।। कारे कलस श्रवत मानों चपरा–चिपकायौ।।5।। गज–गामिनि गोंछन सों तुक मैया लपटायौ।। देह धरें मानौ फागुन खेलन ब्रज में आयौ।। 6।। कहुं चंदन कहुं बंदन कहुं चोवा लपटायौ।। ऋतु बसंत जानों केसू को द्रुम नव फूलन छायौ।।7।। काहू गूलरी माला काहू झंगला पहरायौ।। मानो गज घंटान बीच गज गाह बनायौ।।8।। रंग रह्यौ चहोंटियन अंग रातों व्है आयौ।। गुंजन कौ गहनो मानौ प्रोहित पहरायौ।।1।। माथे तें मोहनी नें छाछ कौ माट ढरायौ।। मानो काँचे दूध सौ गिरि गौवर्धन न्हायौ।।10।। चोर भोर भई खोर मानौ गंगा–जल ढायौ।। महादेव की जटा चूरि चरनोदिक आयौ।।11।। लगत दंत सों दंत गिडि–गिडी अंग लगायौ।। मानो हौ सुघर संगीत ताल कठतार बजायौ।।12।। श्रीराधा राधा कहि अपनों बोल सुनायौ।। अरी भान की कुंवरि सरनि हौ तेरी आयौ।।13।। सुनि कें प्रेम बचन गरो राधा भरि आयौ।। बाबा जू कौ दगला ले प्रोहित पहरायो।।14।। कीरति जु पांय लागि तातो पय प्यायौ।। तो लो खेलत होरी ब्रज में दूल्हे आयौ।। 15।। साचे स्वांगन सजि कें सबे समूह सुहायौ।। तपा व्यास को पूत धूत सुकदेव बनायौ।।16।। सनकादिक चारयों निस ज्यों संयास सुहायौ।। घूमत आयो इंद्र स्वांग उन्मत्त नचायौ।।17।। ब्रज की बीथनि बीच–कीच में लौट पुटायौ।। चारि वदन को स्वांग चतुर चतुरानन लायौ।।18।। पंचानन पांचों मुख सों संगीत बजायौ।। हरि को व्है जु बावरों नारद नाचत आयौ।।19।। देखि नंद के लाल जंत्र धरि गाल बजायौ।। महादेव पट तार दैत यह पट प्रभु भायौ।।20।। हो हो–हो होरी हरि हाँसीन हँसायो।। माया निपुन भई सो नारद हल हुलरायौ।।21।। काम कामनी भयौ सबन कौ चित्त चुरायौ।। ललिता जोरी गांठि लाल को व्याह रचयौ।।22।। गठ जोरो बृषभान कुंवरि सों जाय जुरायौ।। नवल अंब के मोर कौ मोरी मोर बनायो।।23।। पीत–पिछोरी तानि छबीलों मंडप छायौ।। फागुन की गारिन कौ सखा चार पढ़ायौ।।24।। होरी की अग्यारी करि दूल्हे परनायौ।। होरी को पकवान सो भरि–भरि झोरिन खायौ।।25।। फूलि फाग की फाग फल्यो जिन यह जस गायौ।। "जन हरीया" घनस्याम बास बरसानें पायौ।।26।।

95. बिलावल गोपी हौ नंदराय घर माँगन फगुवा आई।। प्रमुदित कर हिं कुलाहल गावत गारि सुहाई।।1।। अबला एक अगमनी आगें दई है पठाई।। जसुमति अति आदर सौ भीतर भवन बुलाई।।2।। तिन में मुख्य राधिका लागत परम सुहाई।। खेलों हँसो निसंक संक मानों जिन काई।।3।। बहु मोली–मनिमाला सबन देहुं पहराई।। मनि माला लै कहा करें मोहन दै हु दिखाई।।4।। बिनु देखें सुंदर मुख नाहिन परत रहाई।। मात पिता पति सुत गृह लागत री बिस माई।। 5।। सुनि कें प्रेम बचन दामोदर दई दिखाई।। घर मे तें घनस्याम भुजा भरि भामिनि लाई।।6।। नव सिख सुंदर सींवा रूप लावन्य अधिकाई।। रही ब्रज–बधू निहारि रंक मानों निधिपाई।।7।। अरगजा चंदन वदन चहुं दिस तें लै धाई।। भरति भांव ते लाल करन कनिक पिचकाई।।8।। दरस–परस पिय अतिसय सुंदरि सब लपटाई।। कुच भुज बीच किच मची अति श्रम की झपटाई।।9।। मंडित कर हिं कपोल एक लै काजर आई।। आलिंगन चुंबन रस नहीं सुरझत सुरझाई।।10।। अंचल सों पट–जोरें रीझि सकुच सिरनाई।। दंपत्ति सौभग संपति कौऊ पीवत न अघाई।।11।। यह लीला अति ललित सौ तो नंदरानी भाई।। हरषित उदित मुदित सबहिन की करत बडाई।।12।। पट दुकूल आभूसन चोली दिव्य मँगाई।। जसुमति अति प्रफुलित मन सुंदरि सब पहराई।।13।। यह मेरे आंगन गृह आवो री नित माई।। नैन श्रवन सुख भयौ लाल जु की कीरति गाई।। 14।। निकसी देत असीस जियो तेरो मोहनराई।। यह ब्रज "माधोदास" रहौ नित नंद दुहाई।।15।।

96. बिलावल मोहन वृषभान के आयें जु।। तहाँ अति रस न्योति बुलायें जुं।।1।। बृषभानु पुरा की गोरी श्रीराधा कृष्ण पियारी।।2।। चढ़ि दूल्हे ब्याहन आये ।। सिंहासन दे बैठाये।।3।। नाना बिध भई है रसोई।। तहाँ जेवत अति सुख होई।।4।। तहाँ मिलि जुवती बडभागी ।। गावे कृष्ण चरित्र अनुरागी।।5।। तहाँ बोली एक ब्रजनारी।। आवौ देहि कृष्ण को गारी।।6।। इने गारी कहा कही दीजे ।। गुन औगुन रस लहीजै।।7।। द्वै–बाप सबे कौऊ जाने।। जिन बेद पुरान बखाने।। 8।। बसुदेव कें सुत जो कहाये ।। तुम नंद गोप के आयै।।9।। तेरी मैया आन–आन जाती ।। वे हिल–मिल बैठे पांती ।।10।। तेरी फूफी पंच भरतारी ।। जाको जस पावन कारी।।11।। पति पांडु सबै जग जाने।। सुत आन–आन कैं आनै।।12।। तेरी द्रुपदी सुतासी भाभी ।। वह पंच पुरूष मिल लाभी।।13।। जाकी जग बदत बडाई।। सो ता भक्त सिरोमनि गाई।।14।। तेरी बहिन सुभद्रा कुमारी ।। सौ तौ अरजुन संग सिधारी ।।15।। श्रीकृष्ण

तेरी महतारी।। वह तो पहिरे तनसुख सारी।।16।। रानी रातो लेहेंगा सोहें ।। तेरी चितवनि में जग मौहें।।17।। तुम कहियत तौ ब्रह्मचारी ।। जाके सोरे–सहस्र ब्रजनारी।।18।। तुम कहियत हौ दधि –दानी ।। जिन कुबजा सौ रति मानी ।।19।। कृष्ण जु तेरौ बल बीरा ।। जिन करष्यो कालिंदी तीरा ।।20।। तुम बन–बन धेनु चराई। भयै घोष सकल सुख दाई।।21।। बृंदाबन बेनु बजायौ।। ब्रज–सुंदरी रास खिलायौ।।22।। सूने भवन पराये आयै ।। चोरी करि माँखन खायै ।।23।। गारी गावै हरि जु की सारी ।। वे हँसि–हँसि दे हे तारी ।।24।। गारी गावै हरि जु की सासू ।। वे ढरति प्रेम के आसू ।।25।। गावो–गावो सबै मिल गारी ।। तुम सुन हु लाल बिहारी ।।26।। वे हँसि–हँसि गावे गारी।। पट ओट हँसी मुख मोरी।।27।। छाँडे दुर्योधन सें राजा ।। तेरे कुल हु न आवै लाजा।।28।। ललिता यह मंगल गायौ।। सुनि "सूरस्याम" सचु पायौ।।30।।

97. बिलावल हो–हो बोलत डोलत मोहन खेलत होरी।। सुन धुनि सुनि ब्रज–सुंदरि गृह–गृह तें सब दौरी।।1।। नागरि गुन आगर रस सागर बेस किसोरी।। तिन में सरस सुहागिनि राजत राधा गोरी।।2।। उत बलि मोहन गोहन गोप–कुंवर लख कोरी।। सब ही तन–तन रूप बेस भूसन सतनो री।।3।। ताल मृदंग उपंग चंग सब ही डफ होरी।। डिम–डिम दुंदुभी मदन भेरि नाहिन धुनि थोरी।।4।। चंदन वंदन बूका भरि–भरि लीनै झोरी।। भरत भरावत गावत मुख लपटावत रोरी।।5।। मृगमद मलय कपूर कुँडी सत केसर घोरी।। अरगजा सोंधे सींचि सुगंध करी ब्रज खोरी।।6।। लाज गई सब भाजि सो गावे गारिन भोरी।। इत राधा ललितादिक उत बलि मोहन जोरी।।7।। भामा चंद्रभगा बलि जु पकरे भरि कोरी।। पकरि पेंज सों आय करी झक–झोरा झक–झोरी।।8।। कुच कपोल कर परसत रज आरज की चोरी।। गहे गिरिधर श्रीराधा जु भुज–बल बाँह मरोरी।।9।। छीनी मुरलि माला अरू कटि पीत पिछोरी।। गोपिन गोप हराय गहे बलि मोहन जोरी।।10।। बंस लिये गोपी हाथ भरे रंग भाजन फोरी।। मार परी मुरी आय टिके ब्रजराज की पौरी।।11।। बलि कौ बल जो बिगोबे कौऊ बरज्यो न रह्यौ री।। स्वांग सबै जु बनावें न पावें जान गहों री।।12।। नैन आँजि मुख मांडि स्याम सिर गूँथी मोरी।। हो–हो–हो–हो व्है रही उडवत पीत पिछोरी।।13।। मोहन कों पहरावत अपने भूसन छोरी।। बागो आप बनाय पाग बांधी तजि डोरी।।14।। भूलि रह्यो सब गोकुल लोचन लगी है ठगोरी।। पलटे तन, मन, सुख अंग सब दीसत नोरी।।15।। रह्यो रस खेलत फाग जुगल वर कैलि कर्यो री।। संतत "माधो" को मन मदनगुपाल हर्यो री।।16।।

98. बिलावल बरसाने की गोपी मांगन फगुवा आई।। कियो है जुहार नंद जु कों भीतर भवन बुलाई।।1।। एक नाचत एक गावत एक बजावत तारी।। काहे मोहन राय दुरि रहे मैया दिवावत गारी।।2।। आदर दैत ब्रजरानी अब निज भागि हमारे।। प्रीतम सजन कुल बधू पाये दरस तिहारे।।3।। सुन कुंवरि मेरी राधे अब ही जिन मुख मांडो।। जेंवत स्याम सखन संग जिन पिचकाई छाँडो।।4।। केसरि बहोत अरगजा कित मोहन पर डारो।। सीत लगे कोमल तन तुम ही चित्त बिचारों।।5।। अंचल ऊपर दै रही दौऊ मैया त्रन तोरी।। बरजत भर कुंकुमा निर्भय नवल किसोरी।।6।। कहत रोहिनी जसोदा ओली ओडति आगें।। जाय भरो ब्रजराजे मोहन दीजे मांगें।।7।। मोहन मांगे पैयें तो दिन दस हम हिं दै हो।। गोप कुंवर के पलटें जो चाहो सो लै हो।।8।। सुबल सुबाहु श्रीदामा सुनत अचानक आये।। कंचन माट भरे दधि लें गोपिन सिर नाये।।9।। ग्वाला गुपाल सखा सब हँसत करत किलकारी।। दूध लीयो भीतर ते छिर कीं सब ब्रज–नारी।।10।। जो सुख सोभा बाढी कहत कहा कहि आवै।। ललिता कुंवरि कुंवर कौ अंचल गहि–गहि लावे।।11।। भये निरंतर अंतर तजि वल्लभ ब्रजबाला।। गिरि–गिरि परत गलिन में हार तोरि मनि माला।।12।। प्रभु मुंकुद ब्रजवासी अटक कौन की माने।। कहत भैया "माधोजन" चलो भरो वृषभाने।।13।। इतनो मांग्यो पांऊं देहु बृंदावन बासा।। कुंवर कुंवरि तहाँ विहरत चरन कमल की आसा।।14।।

99. धमार गावत धमार आईं ब्रज की सुकुमार नार।। चित्र अंकित डफ संवार तृण टकोर अंगुरी ढार बजवत रिझवार ग्वार।।1।। सुनि निकसे सुघरराय अर्भक लीने बुलाय शंख शृंग चंग उपंग महुवर बंसी सहनार।। घुघरू, घंटा, घडियाल, कंस, ताल, कठ–ताल, दुंदुभी, मृदंग राग–रंग होत नंद–द्वार।।2।। चौवा मृगमद गुलाल मुख मंडित किये गोपाल केसर पुंज कंचन कर सीसवार।। पिचकाई करन लाई धारा छूटत सुहाई सहचरी समीप आय, छिरक रही हार–हार।। 3।। अति बिचित्र बाल मित्र बिरहत मिल जुवति जुथ गावत है सुर संयुत, होरी के गीत–गार।। "मुरारी दास" प्रभु गोपाल, फगुवा दीनों संभार, दें असीस उलट चली, रूप माधुरी निहार।।4।।

100. धमार (धमार के प्रारम्भ की अलापचारी ऐसे गाई जाय है।) श्रीव्रजराज कुंवर वर गाइये, आनन्द की निधिवर गाइये। भक्तन को मनभामती गाइये। श्रीलाडिले ललनवर गाइये। श्रीबालकृष्णलाल चरन चित लाइये। श्रीनवनीतपियाजी को रिझाइये। श्रीमथुरेशजी को धाइये। श्रीगोकुलनाथ प्रभु को रिझाइये। श्रीविट्ठलनाथ चरन सिर नाइये। श्रीद्वारकाधीश गुन गाइये। श्रीमुकुंदरायजी ध्यान लगाइये। श्रीमदनमोहनलाल चरन चित लाइये। श्रीवृंदावन निधिवर गाइये।।

101 धमार प्रोहित बृषभानु कौ हो आयौ नंदराई दरबार ।।ध्रु०।। सिंघ पौरि खेलैं ब्रज-बाला छिरकति कुंमकुम नीर।। ब्रज की बीथिनि खेल मच्यौ हो भई परसपर भीर।।1।। घेरि लयौ ब्राह्मन चहुँदिस तैं लीने बसन उतारि।। नैन आँजि कैं दयौ दिठौंना बैंनी गुही सँबारि ।।2।। तन सुख चीर, लाह कौ लहिंगा, अँगिया बनी कटाब।। कंठ पोति, कर पौहौंची सोहै, बाजूबंद जड़ाब।।3।। तिया-भेष अद्‌भुत जु बन्यौ है कहति सबैं ब्रजनारि।। दै पट तार नचावैं पांडे, गावति हैं मिलि गारि।।4।। उत तैं आवति हैं नंद-नंदन, गोप सखा संग जोरि।। प्रोहित की गति देखि साँवरो हँसति, मुदित मुख-मोरि।।5।। तब मोहन जुवतिन मधि आए पांडे दियौ छुड़ाई।। फगुवा बहुत मँगाई सबन कौं देति है हरखि बुलाई।।6।। देति असीस चलीं ब्रज-बनिता, चिर जियौ ब्रजराई।। जाके राज सदाँ इहि बिधि सौं, खेलति है हम आई।।7।। तिहिं औसर पांडे कौं दींने, नौतन बसन मँगाई।। चल्यौं बहुरि बृषभान-पुरा कौं फूल्यो अंग न माई।।8।। ब्रह्मादिक, सनकादिक, नारद, रहे बिमानन छाई।।यह छबि निरखि बारि तन, मन, धन, 'विष्णुदास' बलि जाई।।9।।

102 आसावरी बरसानैं तैं कुंवरि राधिका होरी खेलनि आँई हो।। सँग सखी बृंद लीए बहु नागरी उड़गन चंद सुहाई हो।।1।। गावति गारी बनी ब्रजनारी नंद भुवन में आई हो।। पकरि लये स्याम सुंदर, धन दामिनि देति दिखाई हो।।2।। तब सखी भेख बनाई मोहन कौं सारी सुरंग सुहाई हो।।अति बहु मोली अरगजा चोली केसरि रँग रँगाई हो।।3।। नख सिख भेख बनाई स्याम कौं उपमा कहत न जाई हो।। जुबति बृंद में जुबति भेख धरि बैठेंकुंवर कन्हाई हो।।4।। तब नंद रानी अति सरसानी मेवा बहुत मँगाई हो।। चिरजीयो नट नागर जुगजुग 'सरस रंग' गुन गाई हो।।5।।

103. आसावरी धनि–धनि नंद जसोमति हो धन्य श्रीगोकुलगाम।। धन्य कुंवर दौऊ लाडिले बलि मोहन जाको नाम।।1।। छबीले हो ललना।। श्रीवल्लभ राजकुमार छबीले।। श्रीगिरिवरधारी लाल छबीले।। तुम या गोकुल के चंद छबीले।। ध्रु०।। सखा नाम लै बोलियो सुबल तोक श्रीदाम।। श्रवन सुनत सब धाइयौ बोलत सुंदर स्याम।।2।। भेस बिचित्र बनाइयो भूसन बसन सिंगार।। मंदिर तै सब सजि चले बालिक बलि बनवारि।।3।। गिरिवरधर अति रस भरे मुरली मधुर बजाय।। श्रवनसुनत सब ब्रज बधू जहाँ–तहाँ ते चलिं धाय।।4।। रूंज मुरज डफ झालरी बाजे बहु बिधि साज।। बिच–बिच भेरि जु बाज ही रह्यो घोख सब गाजि।।5।। पिचकाई कर कनिक की अरगजा कुंकुम घोरि।। प्रान–पिया को छिरक हीं तकि–तकि नवल किसोरि।।6।। एक ओर जुवती भई एक ओर बलबीर।। कमलन मार मचाईयो रूपे सुभट रनधीर।।7।। उलटि आई ठाडी भई अपने–अपने टोल।। झूमक चेतबगाब ही बिचबिच मीठे बोल।।8।। हँसत–हँसत सब आइयो लीनों सुबल बुलाय।। हा–हा काहू भांति सों नेक मोहन कों पकराय।।9।। बोहारि सिमिटि सब धाई यो मोहन लीने घेरि।। नैनन अंजन आंजि के हँसत बदन तन हेरि।।10।। यह बिधि होरी खेल ही सकल घोष संग लाय।। गोवर्द्धनधर रूप पे "गोविंद" बलि–बलि जाय।।11।।

104. आसावरी या गोकुल कै चौहटे रंग राची ग्वालि।। मोहन खेलें फाग नैन सलोने री रंग–राची ग्वालि।। नर–नारी आनंद भयो।। सामल के अनुराग नैन।।1।। दुंदुभी बाजे गह–गहे।। नगर कुलाहल होय।। उमड्यो मानस घोख को।। भवन रयो नहीं कोय।।2।। डफ बांसुरी सुहावनी।। ताल मृदंग–उपंग।। झांझ झालरी किन्नरी।। आबज कर मुखचंग।।3।। उत हि समाज गोपाल के।। बलियुत नंदकुमार।। इतगोपी नव जोवना।। अंबुज लोचन चारू।।4।। गारी देत सुहावनी प्रमुदित गोप कदंब।। जुवति जूथ एकत्र भये।। गावत मदन विटंब।।5।। रतन जटित पिचकाईयां।। कर लीये गोकुलनाथ।। तकि छिरकें बनिता बृंद कौ।। जे राधा के साथ।।6।। केसू कुसुम निचोय कें।। भरत परस्पर आनि।। मृगमद चोवा कुंकुमा।। चारू चतुर सब सानि।।7।। सुरंग गुलाल उडावहीं।। बूका बंदन धूलि।। चढि विमान सुर देख हीं।। देह दिसा गई भूलि।।8।। खेल मच्यो अति गहगर्यो। । चितवत ब्रज बधू धाय।। राधा रसिक गुपाल की।। "आसकरन" बलि जाय।।9।।

105. आसावरी बरसाने की नबल नारि मिलि होरी खेलनि – आंई हो।। बरबट धाय जाय जमुना तट घेरे कुँवर कन्हाई।।1।। अति झीनी केसरि रंग भीनी सारी सुरंग सुहाई।। कंचन बरन कंचुकी उपर झलकत जोबन झांई।।2।। केसरि कस्तुरी मलयागर भाजन भरि–भरि लाई।। अबीर गुलाल फेंट भरि भामिनि करन कनिक पिचकाई।।3।। उत तें गोप सखा सब उमंगे खेल मच्यो उदमाई।। बाजत ताल मृदंग झांझ डफ मुरली मधुर बजाई।।4।। खेलत–खेलत रसिक सिरोमनि राधा जु निकट बुलाई।।"ऋषिकेस" प्रभु रीझि स्यामघन बन–माला पहराई।।5।।

106. सारंग अहो पिय लाल लड़ेती कौ झूमका, सरस सुर गावति मिलि ब्रजबाल। अहो कल कोकिल कंठ रसाल।। ध्रु.।। लाल बलि भूमिका अहो० ।। नव जोबना सरस ससि बदनी, जुबति जूथ जूरि आई।। नख सिख साजि सिंगार सुभग तन, कनक करन पिचकाई।। जुर मिलि सबन जूथ नवला सी, दामिनि सी दरसाई। एक सुगंध संभार अरगजा, भरन नवल कों आई।।1।। पहैरें बसन बिबिध रंग–रंगन, अंग महारस भीनी।। अतरौटा अँगिया अमोल तन, सुख सारी अति झीनी।। गज–गति मंद मराल–चाल, झलकत किंकणी कटि छीनी।। चौकी चमकि उरौज जुगल पर, आनि अधिक छबि लीनी।।2।। मृगमद आढ़ ललाट श्रवन, ताटंक तरनि दुति हारी। खंजन मान हरन अँखियाँ, अंजन रंजित अति भारी।। इक बानिक जिन संग सखी, लीन्ही वृषभान–दुलारी।। एक टक दृष्टि चकौर चंद ज्यों, चितिये लाल बिहारी ।।3।। ररकत हार सुढ़ार जलद, मानों पोत–पुंज अति सोहैं।। कंठसरी दुलरी दमकनि, चौका चमकन मन मोहै।। बेसर थरहरात गज मोतिन, रति भूली गति जोहै।। सीस फूल सीमंत जटित नग, बरन सकत कवि को है।। 4।। नव–निकुंज रस पुंज भरे, महलन प्यारी पिय खेलें।। केसर और गुलाल कुसुम जल, घोरि परस्पर मेलै। मधुकर जूथ निकट आवत झुकि, अति सुगंध की रेलें।। प्रीतम स्रमित जानि प्यारी तब, स्याम भुजा भरि झेले।। 5।। बहु बिध भोग बिलास रास रस, 'रसिक' बिहारिन रानी।। नागर नृपति निकुंज बिहारी संग सुरति रति मानी।। जुगल किसोर भोर नहि जानत यह सुख रैन बिहानी।। "प्रीतम" प्रान प्रिया दौऊ बिलसत, ललितादिक गुन गानी।।6।।

107. सारंग सुरंगी होरी खेलै साँवरो श्रीबृंदाबन मांझ। ब्रज की नवल जु नागरी, घिरि आई सब सांझ।। सरस बसंत सुहाबनो, रितु आई सुख देनु। माते मधुपा मधुपनी कोकिल–कुल कल बेनु। फूले कमल कलिंदजा, केसू कुसुम सुरंग। चंपक बकुल गुलाब के सोंधे सिंधु –तरंग।। सुबल सुबाहु श्रीदामा पठयौ सखा पढाइ। बाजे साजे नवरँगी लीने मोल मढाइ।। रूंज, मुरज, डफ, बांसुरी, भेरिनि कौ भरपूरि। फूंकनि फेरी–फेरि के ऊंचे गई स्रुति–दूरि।। ब्रज कौ प्रेम कहा कहों ? केसरि सों घट पूरि। कंचन की पिचकाइयां मारत हैं तकि दूरि।। ऑधी अधिक अबीर की, चोबा की मची कीच। फेली रेल फुलेल की चंदन वंदन बीच।। ब्रज की नचल जु नागरी सुंदर सूर उदार। खेलन आईं सब मिलीं श्रीराधा के दरबार।। फूल–डंडा गहि आपने मारत बाँह उठाई। चंचल अंचल फरहरै पैने नैन चलाइ। श्रीराधा की प्रिय सखी ललिता लोल सुभाइ। छल करि छैले छिरकि के हँसि भाजी डहकाइ। नारी कौ भेष बनाइ के पठयौ सखा सिखाइ। अति ही अधिक कहा बनी ललिता भेंटें जाइ।। गेंदुक कीनी फूल की लीनी श्रीराधा हाथ। आइ अचानक औंचका तकि मारे ब्रजनाथ।। ब्रज की वीथिनि साँकरी उत जमुना कौं घाट। बल करि सहाइ सवै जुरी दीनें गाढे कपाट।। हलधर बीर महाबली तुम सांचे बलरासि। बल कौ बल जु कहा भयौ ? गहि बांधे भुज–पासि।। नैननि अंजन आंजि कै सोंधौ ऊपर ढारि। पांइ परि द्वार पठै दए रस की रासि बिचारि।। हँसि भाजी सब दै दगा आवन दीनें औरि। मदनगोपाल बुलाइ के गहि लीने बरजोरि।। गिरिधास्यो कर वाम सों, खर मारयौ गहि पांइ। तन कौ भार कहा भयौ, ललिता लैत उठाइ।। घर में घेरि सबै चलीं राधा कौ सँग लेत। दोउ जन खेलि, मिलाइके नैननि कों सुख दैत।। तब ललिता हँसि यों कह्यौ श्रीराधा कों सिर नाइ। नीलांबर मुख ढांपि के रही मोहों मुसिकाइ।। इत श्रीदामा अचगरौ, उत ललिता अति लोल। बीच बिसाखा दै मुरली मांगत ओल।। ब्रजवासी वृषभान कौ मदनसखा वाकौ नाँउ। स्याम मते कौ मिलनिया बस कीनों सब गांउ।। पठयो मदन बंसीठ ही ढीठ महामद लोल। छिन ओर छिन ओर सों छाक्यौ छैल दुछोल।। मदना! मदनगोपाल कों हलधर कों लै आइ। श्रीराधा के दिसि जाइ के चाँप्यौ है हँसि पांइ।। श्रीदामा हँसि यों कह्यौ मेवा देहु मँगाइ। नैकु हमारे स्याम कों आनन कौ मधु प्याइ।। भाग सुहाग सबै बढ्यौ खेलत फाग विनोद।। राधा माधौ बैठारे ब्रजरानी की गोद। भूसन देति जसोमति पहुँची, पांच पचेल। टीका, टीकी, टिकावली, हीरा–हार हमेल।। 'श्रीविट्ठल' पद–पद्म की पावन रेनु–प्रताप। 'छीत–स्वामी' गिरिधर मिले मैटे तन के ताप।।

108. सारंग तें मोहन कौ मन हर्यौं तो बिन रह्यो न जाइ, री प्यारी।।ध्रु०।। कुंज महल बैठे पिया नव पल्लव तलप संवारि, री प्यारी।। बीच जुही बिच सेवती अरू बिच–बिच नवल निवारी, री प्यारी।।1।। तुव पंथ बैठि निहारी कें नव कुंज कुटी के द्वार, री प्यारी।। लोंचन भरि–भरि लेत हैं सुंदर ब्रजराज कुंवर, री प्यारी।।2।। अपनें कर नख गूथ हीं हो बिबिध कुसुम की चोली, री प्यारी।। तेरे उर पहिरावहीं चलो बेगि उठि बोली, री प्यारी। कबहुँक नैननि मूँदि कें करत तुव बदन ध्यान, री प्यारी।।3।। तन पुलकित भुज भेंट ही करत सुधा रस पान, री प्यारी।।4।। चंद देखि आंनद ही तुव मुख की उनहार, री प्यारी।। इह छबि वाहि न पूज हीं निरख कलंक बिचार, री प्यारी।।5।। जदपि सकल ब्रज सुंदरी कबहुँ न मन अरूझाइ, री प्यारी। चातक जलधर बूँद ज्यों भुव जल तृषा न जाइ, री प्यारी।।6।। पिय कौ प्रेम सखी मुख सुन्यो तबै ही चली उठि धाइ, री प्यारी। 'गोविंद' प्रभु पिय सों मिली रहसि कंठ लपटाइ, री प्यारी।।7।।

109. सारंग तारी दै गारी गाव हीं।। एक तै एक बनी ब्रज– वनिता, नाना रंग बरसाव हीं।।1।। बाजत ताल मृदंग झांझ डफ, मोहन बेनु बजाव ही ।। चोवा चंदन अगर कुंकुमा, सुरंग गुलाल उडावही।।2।। इत मोहन उत सखी समूह मिल, खेलें हँसे हँसाव ही।। "सूरदास" प्रभु तुम बहुनायक, फगुवा दै घर आव ही ।। 3।।

110. सारंग नयनन में जिन डारौ गुलाल, तिहारे पाँय परत नंदलाल।। हौत हें अंतर पिय दरसन में बिन दरसन बेहाल।।1।। कनक बैलि बृषभान नंदिनी, प्रीतम स्याम तमाल।। ऋतु बसंत बृंदावन फूल्यौ, नाचत गोपी ग्वाल।।2।। ब्रज के लोग सबै जुर आयै, करत कुलाहल ख्याल।।'रामदास' प्रभु गिरिधर नागर पीक रंग सौहें गाल।।3।।

111. सारंग आज हरि खेलत फाग बनी ।। इत गौरी रोरी भर झोरी, उत गोकुल कौ धनी ।। 1।। चोवा को ढोबा कर राख्यो, केसर कीच घनी।। अबीर गुलाल उडावत, गावत सारी जात सनी।।2।। हाथन बनी कनक पिचकाई ग्वालन छूटी घनी ।। "नंददास" प्रभु संग होरी खेलत, मुर–मुर जात अनी।।3।।

112. सारंग स्याम सलौने मन हर्यो, श्रीबृंदाबन के चंद ललना।।ध्रु।। मोहन मेरे द्वार व्है, उझक चले जब भोर।। ललना।। झलकत श्रीमुख देखिये चिते लियो चित चोर ।।1।। मस्तक पंख मयूर के, गरे गुंजा के पुंज।। बेनु बजायो है सखी, नागर–नवल निकुंज।।2।। सुंदर श्याम सुहावनो, अरू सुंदर बनमाल। औढे सुंदर पट–पीयरो, सुंदर– नयन–बिसाल।।3।। हिये परी जो तालाबेली, सुन मुरली की घोर। चल सखी देखन जाईए, नागर–नवल–किसोर।।4।। मन न रहे क्यों राखियै, राखत नहि रहाय।। कोटि यत्न जो कीजिये, जहाँ प्रीतम तहाँ जाय।।5।। कैसे राखो क्यों रहे, कैसे कें बन जाय।। कैसे के गिरिधर मिलै, सौ मिस कौन कराय।।6।। कैसे संग मिल खेलीये, सास ससुर की लाज।। लाज किये दुख पाईये, बिन मिले होय अकाज।।7।। ऊंचे जो गिरिधर बसे, जो नीचे घर होय।। बिना बुलाये बोलिये, नयन निरख सुख होय ।।8।। बन बपुरी हरनी भली, अपने पतिन समेत।। निस–दिन श्रीमुख देख ही, नैननि को फल लैत।।9।। लटकन लटके फूल कें, घूघर–वारे केस। गाय गोप के बृंद में, बलिहारी यह बेस ।।10।। सांझ समें घर आव ही, मुदित सकल ब्रज बाल। मदन मोहन के बारने बल–बल "दास गोपाल"।।11।।

113. सारंग होरी खेलै री नंदलाल।। नंदमहल की पोरी ठाडौ, संग लिए ब्रज बाल ।।1।। बेनु बजावै मधुरें गावै, और उघटावै ताल।। हरे–हरे जुबतिन में धंसिके, दै भुज चुंबत गाल ।।2।। बदन उघारे बिहँसि निहारै, तिलक बनावै भाल।। कबहुक आलिंगन दै भाजै, आइ मिलै ततकाल।।3।। कबहुक ढिंग व्है अचरा ऐंचै, छ्वावै नीरज नाल ।। कबहुंक आपु बलैयाँ लै कै, पहिरावै बनमाल।।4।। कबहुंक नाचै भाव दिखावै, कबहू दिखावै चाल।। कबहु अँबीर अरगजा डारै, कबहु उड़ात गुलाल।। 5।। कबहुं हाथ जोरि मंडल मधि, नाचै सुर प्रतिपाल।। श्रीबल्लभ पद कमल कृपा तें, गावै "रसिक" रसाल।।6।।

114. सारंग छाँडो–छाँडो हमारी बाट, लँगर साँवरे ।। जिन फोरो ढोरौ मेरी–गागर, भरन दे हु यह घाट।। 1।। जिन पकरौ झगरौ मेरौ अचरा, देख बिचारौ ठौर।। तुम होरी के राते माते, बोलत और की ओर।।2।। लै हो घेर निवेर सबन पै, कर हों न काहू की कान।। "श्रीविट्ठल" गिरिधरनलाल तुम, जीतो तो हो मुसकान।।3।।

चकोरि।।15।। छांडेमन जु मनाई कैं पकरे फिरि बल घेरि।। जुबति भेष बनाई कै पहिरावे षट फेरि।।16।। नैंननि अँजन दै हँसी भले बने बलदाऊ।। छिरकति केसर घोरि कैं कहो कुंवरि कौं नांऊ।।17।। इहि बिधि होरी खेल ही बाढ्यो अति अनुराग। सुधि कछु न समार ही प्रमुदित बृज बडभाग।।18।। नवल लाल रसिक मनी गिरिधर प्रान आधार।। नैंननि कौ फल यह सुख निरखत नंदकुमार।।19।।

175 काफी जमुना के तट खेलति हरि-संग, राधा लै सब गोपी।। नंदलाल गोवरधन धारी, तिन कै नेहनि ओपी।।1।। चलहू सखी ! चली तहाँ जाइयै, छिनु जियरा न रहाई।। बेनु-सब्द करि मन हरि लीन्हौं, नाना राग बजाई।।2।। सजल-जलद-तन पीतांबर छबि, कर मुख मुरली धारी।। तटपट पाग बने मन-मोहन ललना रहीं निहारी।।3।।नैंन नैंन सौ मिलि, कर सौं कर, भुजा ठए हरि ग्रीवा।।मधि नायकगोपाल बिराजत सुंदरता की सींवा।।4।।करत केलि-कौतूहल माधौ, मधुरी बानी गावै।।पूरन चंदन सरद की रजनी, संतन सुख उपजावै।।5।। सकल सिंगार कियौ बृज-वनिता, नख-सिख-लौं भल ठानी।।लोक-बेद-कुल-धर्म काहु की, नैंकु न मानति कानी।।6।। बलि-बलि बल के बीर त्रिभंगी, गोपिनि के सुखदाई।।सकल बिथा जु हरी या तन की हरि हँसि कंठ लगाई।।7।।माधव नारि, नारि माधव कौं, छिरकत चोवा-चंदन।। ऐसौ खेल मच्यौ उपरापरि, नंद-नंदन जग-बंदन ।।8।। ब्रह्मा, इन्द्र, देव-गन गंधर्व, सुमन एक रस बरषैं।।'सूरदास', गोपी बड़भागिनि, हरि-क्रीड़ासुख करषैं।।9।।

176 काफी नंद-नंदन बृषभानु-किसोरी, मोहन राधा खेलत होरी।।श्रीवृन्दावन अति हि उजागर, बरन-बरन नव दंपति भोरी।।1।। एकनि कर है अगरु कुंमकुमा, एकनि कर कैसरि लै घोरी।।एक अर्थ सौं भाव दिखावति नाचति तरुनि, बाल, वृद्ध, भोरी।।2।। स्यामा उतहिं सकल ब्रज-बनिता इतहिं स्याम रस-रूप लहो री।। कंचन की पिचकारी छुटति, छिरकत ज्यौं सचु पावैं गोरी।।3।। अति हि ग्वाल दधि-गोरस माते, गारी देत, कहौ न, करो री।।करत दुहाई नंदराई की, लै जु गयौ कल बल छल जोरी।।4।।झुंडनि जोरि रही चंद्रावति, गोकुल मैं कछु खेल मच्यो री।।'सूरदास-प्रभु' फगुवा दीजै, चिरजीवौ राधा-वर-जोरी।।5।।

177 काफी पकड़े ब्रजजन गिरिधारी।। उमंग भरी गोपी सब आई।। खेल मचायो भारी।। खेंचलेई पीतांबर मुरली।। हां हां करत मोरारी।। हँसी सब देकर तारी।।1।। जीही जपत मुनिवर ज्ञानी।। सकल वासना टारी।। शारदा शेष पार नहिं पावत।। जीहीं जपे त्रिपुरारी।। ताकुं गोपी देत हैं गारी।।2।। काल को काल ईश को ईशन ।। जीत लीयो सुकुमारी।। कर जोरी के पीतांबर मांगत ।। द्यो द्यो मुरलीया प्यारी।। जाओ अब जी तुम्हारी।।3।। भक्त आधीन निगम नित गावत।। मुनिवर कहते बिचारी।।'सूरदास' के प्रभु रसीले।। बार-बार बलिहारी।। मगन कीनी ब्रजनारी।।4।।

शिवरात्रि (राजभोग दर्शन)

178. काफी बाघम्बर ओढे साँवरो यामे जोगिया कोहू नर कौन को सुनर कौन। संख शब्द धुन सुन जित तित ते जुर आई ब्रज नार। बदन बिलोक कुँवर राधे को बैठे आसन मार ।।1।। कौन देस ते आये रावल कहाँ तेरी मनसा जाय। मोहन आय मुनि बन बैठे नैनन सैन बताय।।2।। सिंघी पत्र भभूतन बटुवा सिर चंदन की खौर। मैरे एसी पावत उर मान सखी री कंत बिसार्यो गौर।।3।। चंचल नैन कछुन वाँके मन माधुरी मुस्कान। जोगी नाही बियोगी भोगी है भँवर निदान ।।4।। हँस बूझत बृषभान नंदनी रावल उतर देहु। कारन कौन भेख तपसी को बन तज ढूढत गेह ।।5।। चुटकी भभूत दई राधा को चले बाघम्बर झार। मन हर लियो तनक चितवन मे गोहन लागी नार।।6।। नगर–नगर और भवन–भवन ते निस दिन फिरत उदास। नैन चकोर भये राधे के हरि दर्शन की प्यास ।।7।। जतन–जतन कर मन हर लिनो निरख नैन की कौर। "जगन्नाथ" जग जीवन माधौ प्रीत बढी चहु और।।8।।

179. सारंग सखि री नंद नंदन देखु। धूरि धूसर जटा जुटली हरि किए हर भेषु। नील पाट पिरोइ मनि गन फनिग धोखैं जाइ।।1।। खुनखुना कर हँसत हरि हर नचत डमरू बजाइ। जलज माल गुपाल पहिरे कहा कहौं बनाइ।।2।। मुंड–माला मनौ हर गर ऐसी सोभा पाइ। स्वाति सुत माला बिराजत स्याम तन इहिं भाइ।।3।। मनौ गंगा गौरि डर उर लई कंठ लगाइ। केहरी नख निरखि हिरदै रहीं नारि बिचारि।।4।। बार्ल–ससि मनु भालु तें लै उर धर्‌यो त्रिपुरारि। देखि अंग अनंग झझक्यो नंद सुत हर जान। "सूर" हिरदै बसौ नित स्याम सिव को ध्यान।।5।।

180. सारंग मोहन मुनि है आये हो।। हो मेरे ललना सब को मन हर लीनों।।ध्रु०।। रस मसी चाल चले अल–बेली अंग चढाय बिभूत।। कानन कुंडल मुकुट बिराजत पीतांबर ओढे कटि पूत।।1।। दंड कमंडल गही जप माला आसन लीनों बनाय।। कोटि जतन राधा पचिहारी मुख न बोलत मुसिक्याय।।2।। जगजीवन जोगी हैं आयैं अरस परस लिये ग्वाल।। मानों कोटि उड्डगन ससि जैसे ऐसे बने नंदलाल।।3।। दृग–दृग थेई–थेई धुनि बाजे इत गोपी उत ग्वाल।। आनंद भई हें सकल ब्रज बनिता बोलत बचन रसाल।।4।। ब्रह्मादिक इंद्रादिक मुनिवर देखत कोटि–तेतीस।। श्रीगोपीनाथ एक ख्याल बनायौ सकल रचना कौ ईस।।5।। जान्यों भेद बलि मोहन कौ मुख माड्यों सकल सुवास।। जय–जय–कार करत सुर नर मुनि बरखत कुसुम अकास।।6।। नवल किसोर कहाँ लो बरनो सोभा कही न जाये।। "सूरदास" बलि लाल छबीले निगम निरंतर गाये।।7।।

–:+:–:+:–:+:–:+:–:+:–:+:–:+:–:+:–:+:–:+:–:+:–:+:–:+:–:+:–:+:–:+:–:+:–:+:–

181 काफी बृज में होरी रँग सुहायो।। बंसी बट जमुना तट कुंजन प्रीतम प्यारी भायो।1।। पौढन के समै के औसर ललिता रँग जमायो।। 'सरस रँग' सतत यह जोरी भाग बड़े तैं पायो।।2।।

182. कान्हरों खेलत हैं नंदलाल फाग। इत सब सखा मंडली राजत उत समूह ब्रजलाल।।1।। बाजत सरस मृदंग झाँझ डफ बीना बेनु उपंग ताल। छिरकत कुमकुमा अरू अरगजा उडत अबीर गुलाल।।2।। गावत गारी मगन भरि गोपी मीठी परम रसाल। फगुवा मिस गिरिधर गहिं आने लीन्हीं उर मनी माल।।3।। रस बस भई सकल ब्रज बनिता अंग न कछू सँभाल। 'गोविंद' प्रभु पिय की बलिहारी अंबुज बदन रिसाल।।4।।

183 कान्हरों रंग भर खेलत हें हरि होरी।। रत्न जटीत पिचकाई कर लीये छिरकत नवल किशोरी।।1।ललिता प्रीतम को मुख मांडत केसर सों रंग बोरी।। विचित्र विहारि विहारिन परस्पर आनंद सिंधु झकोरी।।2।।

184 कान्हरों मोसों होरी खेलन आयो।।लटपटी पाग अटपटे पेचन नयनन बीच सुहायो।।1।।डगर डगर में वगर वगर में सबहि के मन भायो।।आनंद धन प्रभु कर दृग मीडत हँस हँस कंठ लगायो।।2।।

185. केदारो भली भई ब्रज होरी, आई, घर आयै घनस्याम री। चौवा चंदन अरू अरगजा वै राधा के काम।। 1।। धन्य तेरौ भाग्य सुहाग, लाडिलो अरू न दूजी बाम।। 'कृष्णजीवन लछीराम" के प्रभु सौ ज्यौ सीता मिली राम।।2।।

186. केदारो खेलत मोहन राधा गौरी। इत हिं गोपिका जुरि–जुरि आई, उत हिं ग्वाल मंडली चाँचरि जोरी।।1।। पिय–प्यारी पर, प्यारी–पिय पर, अबीर गुलाल की डारत झोरी। 'कृष्णदास' बलि जाई इननि पर, स्यामा स्याम की जोरी।।2।।

187 कल्याण खेलत गिरिधर फाग अति अनुराग भरे होरी के।। ग्वालन संग गोकुल गलीयन में गोहन लगे गोरी के।।1।।पिचकाइन पलाश कुसुम जल बूका वंदन भरझोरी के।। बोरी रंग में अंगअंग भाव भरी ब्रज भामिनि भोरी के।।2।।

188 कल्याण होरी खेलत मदन गोपाल संग लिये ब्रजबाल।। छिरकत आन परस्पर हरखत किलक देत करताल।।1।। बाजत डफ मृदंग ओर ताल बिचबिच वेणु रसाल।। प्यारी लई घनसार की झोरी पियहि अबीर गुलाल।।2।। ललिता चंद्रावली मतोकर पकरे स्याम तमाल।।'रामदास' प्रभु फगुवा दीनों श्रीगिरिधर मणिलाल।।3।।

189 कल्याण होरी खेलत कुंज बिहारी।। संग लिये केशर कुंकुम भर पिय पर प्यारी डारी।।1।। चोवाचंदन अगर अरगजा चरचित ब्रज की नारी।। तक तक छिरकत मोहन कों किलक देत करतारी।।2।। मदन गोपाल गहे श्रीराधा हमहि देहु फगुवारी।। श्रीगिरिधर लाल दियो तहां सर्वस्व 'रामदास' बलहारी।।3।।

190 कल्याण जमुना तैं हौ बहुत रिझायौ।। अपनि सौंह दिय नंद–दुहाई, ऐसौ सुख मैं कबहुँ न पायौ।।1।। मिल मातु पितु–बंधु स्वजन सब, सखनि–संग बन बिहरन आयौ।। आजअनंत भगवंत धरनि–धर, सुबस कियौ प्रिय गान सुनायौ।।2।। भयौ प्रसन्न प्रेम–हित तेरे, कलिमल हरे जु इहिं जल न्हायौ।। अब जिय सकुच कछु मति राखहि, माँगि सूर अपनौ मन–भायौ।।3।।

191 कल्याण नंद कुंवर रंग गहर–गरबीली।।निस दिन पिय संग लागी डोलतिछकी छबीली।।1।। ताहीं तैं मान करति सबहिन तैं अंग अंग रूप–रसीली। 'सरस रंग' रस जानति सब बिधि तू ही सुघर–नवेली।।2।।

192. कल्याण श्रीगोवरधनराई लाला अहो प्यारे तिहारे चंचल नैंन बिसाला। तिहारे उर सोहे बन–माला जाते मोही सकल ब्रजवाला।। खेलत–खेलत तहाँ गए जहाँ पनिहारीन की बाट। गागरि ढोरें सीस तें कोउ भरन न पावे घाट।। अरगजा कुंकुम घोरि कें प्यारी लीनो कर लपटाई। अचकां–अचकां आइ कें भाजी गिरिधरलाल लगाई।।3।। नंदराई के लाडिले बलि ऐसो खेल निबारि। मन में आनंद भरि रह्यो मुख जोवति सकल ब्रजनारि।।4।। इहि बिधि होरी खेल हीं ब्रज–वासिन संग लगाई। गोवर्द्धन धर रूप पें हो 'गोविन्द' बलि–बलि जाई।।5।।

193. कल्याण नवल कुंवरि ब्रजराइ के लाल खेलत रस भरे होरी हो। गौर स्याम तन राज हीं अरू बल मोहन की जोरी हो।। ऊचे चढ़ि जब टेरियो सुबल श्रीदामा भाई हो। श्रवन सुनत सब धाईयो बोले कुँवर कन्हाई हो।। मंदिर तें सब सजि चले जाई जुरे सिंघ–पौरी हो। मोहन मुरली बजाव हीं सुनत ब्रज–बधू दौरी हो।। चहुँ दिसि तें बाजे बजें रूंज मुरझ डफ ताला हो। दुंदुभी डिम–डिम झालरी बिच–बिच बेनु रसाला हो।। ब्रज–जन सब एकत्र भए एक ओर ब्रज–नारी हो। गावति गीत सुहावने हँसि–हँसि देतऽब गारी हो।। अरगजा भरि–भरि पिचकाई अंचल बीच दुराई हो। बलराम कृष्ण कों छिरक हीं बदन मोरि मुसिकाईं हो।। कोपि सखा सनमुख भए अरगजा कुंकुम घोरी हो। घेरि सकल ब्रज सुंदरी एक–एक करि ढोरी हो।। जुवती जूथ मधि राधिका उत ब्रजराज किसोरा हो। जुग ससि रूप किरन पीवे लोचन चारू चकोरा हो।। सब सखियन मिलि मतो मत्यो हो मोहन कों पकराई हो। छल–बल सों नहिं पाइये हो किहिं मिस पकरे जाई हो।। ललिता आगें ले दौरी मोहन लीने घेरि हो। पिय प्यारी गाँठि जोरि के हो हँसत बदन तन हेरी हो।। गाल बहोत तुम मारते सुनो हो सखा बल भाई हो। जाई कहो ब्रजराज सों मोहन ले हु छिंड़ाई हो।। इहि बिधि होरी खेल हीं दैत सकल आनंद हो। 'गोविंद' बलि–बलि–बलि जाई जै–जै–जै गोकुलचंद हो।।

194 गौरी नागर नंद दा मैनु दै दै जाँदाँ गालियाँ। बोलीयाँ ठोलीयां कहि–कहि होलियाँ गावदाँ दै दै तालियाँ।। तकु दा फरदा सुधर सलौनियाँ सोहनी खेलनि बालियाँ। लखि ललचाई लबंद लावंदाँ।। चोली दे पिचकारियाँ।।2।। सानू अतर अंडियाँ बडियाँ चाखियां रति तालियाँ।। दिल डसि लेडियाँ सितम करे दियाँ जालिम जुल्फैं कालियाँ।।3।। मैने दी फौजे-बिच लावैदियाँ भौहें दे चल चालियाँ ।। रसिक सखी सौं हँसा मुख चुख लखि अखियाँ हौं दी सुखालियाँ।।4।।

195. मारू आज बन ठन ब्रज खेलन फाग निकस्यों नंद दुलारो।। फब्यो है ललित भाल लाल कें जटित लाल टिपारो।।1।। बडरे बंक बिसाल नयन छबि भरे इतराई।। बन्यो है मंजुल मोरचंद चलत देखत छांई।।2।। उत बनी ब्रज नवकिसोरी गोरी रूप ही भोरी।। बोरी प्रेम रंग में मानौ एक ही डार की तोरी।।3।। ब्रज की बाल लै गुलाल मोहनलाल छायै।। मानो नील घन के ऊपर अरून अंबर आयै।।4।। ताही धूंधर मद–मत्त भ्रमर भ्रमत ऐसे।। बनी है छबि बिसाल प्रेम जाल गोलक जैसें।।5।। बन्यो हें जल–जंत्र खेल छूटि रंग की धारें।। जानों धनुर्धर सरन लरत धार सों मारें।।6।। और कहाँ लगि कहिये खेल परम रस की मूली।। गावत सुक सारद नारद सिव समाधि भूली।।7।। जहीं–जहीं हरि चरित्र अमृत सिंधु सो रति मानी।। "नंददास" ता कों मुक्ति लौ को सो पानी।।8।।

196. बिहाग रसिक दोऊ खेलन लागे होरी।। उत तै निकसे नंद–नंदन इत बरसानें की गोरी।।1।। बाजत ताल मृदंग झांझ डफ मुरली मधुर ध्वनि थोरी।। गोपी ग्वाल सबें जुर आये भवन रह्यों नहीं कोरी।।2।। भवन–भवन तें भामिनि निकसी छिरकत चंदन रोरी।। बाजत बीन रबाव किन्नरी मन्मथ मान लज्यो री।।3।। भरत भांमते मदन गोपाले हो हो हो कर दौरी।। स्यामा स्याम की या छबि ऊपर सब डारत तृन तोरी।।4।। तारी दे ललितादिक भाखत भली बनी यह जोरी।। केसर और मँगाय बिबिध रंग दियों, सीस तें ढोरी।।5।। खेल मच्यो ब्रज–बीथिन–महीयाँ कुंज–कुंज वर–खोरी।। "मुरारीदास' प्रभु फगुवा दीयो, लोचन लगी ठगोरी।।9।।

197. बिहाग बरसाने की ग्वालिनी खेलति फागु बसंता हो। संक न मानें काहु की मात–पिता सुत कंता हो।।1।। चंद्रभगा चंद्रावली मधि नायक राजति राधा हो। सहज सुरूप सुहावनो सोभा सिंधु अगाधा हो।।2।। सकल साज सँग लै चली, आईं बट संकेत हो। पठई सखी एक आपुनी, नंद–कुँवर के हेत हो।।3।। चली सबे चतुर–सिरोमनि, और खेलन कों रस फाग हो। रसिक कुँवरि वृषभान की, तुम सों अति अनुराग हो।। 4।। रामकृष्ण हँसि यों कह्यौ, सुनो हो सखा श्रीदामा हो।। हम पें आईं सबै जुरीं, और तिन में अति भामा हो।।5।। बेगि चलौ सब ग्वाल लै, दिखावौ अपने हाथ हो। जैसें बहोरि न आव हीं, छाँडि आपुने साथ हो।।6।। अनंत अबीर गुलाल लै,

देह निसान धुराई हो। बोहोत कलस सौंधें भरे, कुंकुमा भरि पिचकाई हो।।7।। दल बादल ज्यों देखि कें, सन्मुख आईं धाई हो। मेघ घटा ज्यों बरखे ही हो, अद्भुत खेल मचाई हो।।8।। कमलनि लै–लै नवला सी, कुसुम गेंद करि मारी हो। मुरि भाजे बलि मोहना, हो–हो कहें ब्रजनारी हो।।9।। चंद्रावली जु बल गहे, स्याम गहे श्रीस्यामा हो। सखा गए सब भाजि के लियो है छिडाइ दमामा हो।।10।। संकरसन सौंधे भरे, स्याम भरे सुकुमारी हो। आनन सीस सॅवारि के, भेस बनायो नारी हो।।11।। रस बस भई ब्रज सुंदरी, लीला कहिय न जाई हो। 'चतुर्भुज' प्रभु इन बस कियो, गिरि गोवर्धनराई हो।।12।।

198 बिहाग होरी खेलत कुंवर कन्हाई।। चोवाचंदन अगर कुमकुमा धरणी कीच मचाई।।1।। अबीर गुलाल उड़ाय ललितादिक शोभा वरणी न जाई।। अरस परस छिरके जु स्याम को केसरि भरी पिचकाई।।2।। नख सिख अंग परम रूप माधुरी भूषण वसन बनाई।। गिरिवरधर की यह छबी निरखत 'कुंभनदास' बलि जाई।।

199. ईमन हम तुम मिली दोऊ खेलें होरी नव निकुंज में जैये। अबीर गुलाल कुमकुमा केसरि रंग परस्पर नैये।।1।। और सखी कोउ भेद न जानति ग्वालिनि हूँ न जनैये। 'परमानंद' स्वामी संग खेलत मन भावत सुख पैये।।2।।

200. ईमन लाग्यों रे, लाग्यो! मोसों होरी खेलन लाग्यो। जोबन मत्त कहाँ तू डोलत अबीर डार कित भाग्यो।।1।। नई खिलार खेल ताहीं सों जा के प्रेम–रस पाग्यो। कृष्णजीवन 'लछीराम' के प्रभु पिय सदा ही रहत अनुराग्यो।।2।।

201. ईमन माई होरी खेले कान्ह कुंजन में झुंड में या गोकुल के ग्वेंडे। ढीठ लवार कह्यो नहीं मानत वह पर्यो हे सबन के पेडें।।1।। कंचन की पिचकारी कर लिये डोलत अपने ऐंडे। कृष्णजीवन'लछीराम' के प्रभु पिय तोरत लाज की मेंडें।।2।।

202. ईमन भर मुठी डार गुलाल। लाल तुम खेलौ होरी। चौवा चंदन अरू अरगजा अबीर लिए भर झोरी।। 1।। बाजत ताल मृदंग अघौटी बीन बजावत ध्वनि थोरी। "सूरस्याम" रस बस कर लीनै राधा नवल किसोरी।।2।।

203. ईमन लाल रस माँते हो, खेलत डोलत फाग। संग लिए गोकुल के लरिका, बिबिध उड़ात पराग।।1।। कोऊ लिएँ पिचकारी, छिरकत कोऊ कुंकुम जल लाग। कोऊ अबीर गुलाल उड़ावत, मदन रूकायौ माँग।।2।। कोऊ मधुरे सुर बेनु बजाबत, कोऊ मिल गावत राग। "रसिक प्रीतम" प्यारी संग बिहरत, कंचन मिल्यौ है सुहाग।।3।।

204. हमीर खेलन आये हरि नंद–गाम ते रंग–भीने बरसानें। मृगमद भेद अरगजा चोवा सब नारी–नर सरसाने।।1।। दृग ढिंग छाँड माँड केसर मुख रीझत सुख सरसानें। बिन कारज, कारज कर राखे सोभित चख अरसानें।।2।। सोई अंजन विस ईसद लोचन चढे मदन खरसानें। कृष्णजीवन 'लछीराम' खेल लख लीये जलधर वानें।।3।।

205. हमीर अरी होरी खेलन जैये सांवरे सलोने सों। बड़े–बडे माट भराय केसर सों पिचकारिन छिरकैये।।1।। खेलत–खेलत रंग रह्यो अबीर गुलाल उडैये। 'नंददास' प्रभु होरी खेलत, आनन्द–सिंधु बढैये।।2।।

206. हमीर मो सों होरी खेलन आयो। लटपटी पाग अटपटे पेचन नैनन बीच सुहायो।।1।। डगर–डगर में बगर–बगर में सबहिन के मन भायो। 'आनंद' घन प्रभु कर दृग भींडत हँस हँस कंठ लगायो।।2।।

207 रायसों ऊँचौ सौ गोकुल गाँम जहँ हरि खेलति होरी।। चलौ सखी देखनि जाई पीया अपने कौं चोरी।।1।। बाजति ताल मृदंग और किन्नरी की जोरी।। इत गोपीन कौं झुंड उते हरि हलधर जोरी।।2।। बूका सुंरग गुलाल उड़ावति भरि भरि झोरी ।। गाबति दै दै गारि परसपर भाँमिनि भोरी ।।3।। नबल छबिले लाल तनी चोली की तोरी।। राधा जूचली रिसाई ढीठ सौं खलै को होरी।।4।। खेलन में कैसौ मान सुनौ बृषभानु किसोरी।। 'सूर' सखी उठ लाई हँसति भुज गहि झकझोरी।।5।।

208 रायसों निकसे खेलन होरी हलधर गिरिधरलाल।। सुबल सुबाहू श्रीदामासंग सखा ब्रजबाल।।1।। बन ठन बन ठन निकस चले यमुना के तीर।। चोवा चंदन मृगमद फेंटन भरे अबीर।।2।। करन कनक पिचकाई केसर भरी कमोर।। उडत गुलाल सुरंग रंग मानो उनयो घनघोर।।3।। गयो हे गुलाल ऊंचोचढ द्रुमभये सकलसुरंग।। बाजत भेरि दमामा आवज ताल मृदंग।।4।। सुन ग्वालिनि कोलाहल निकस चली ब्रजनारि।। झुंडन मिल आईं सबदेत भामती गारि।।5।। अचरा ओट पिचकारन मारत धारसोंधार।।6।। सिमिट सकल ब्रज सुंदरी कर गुलाल अंधियारी।। घेरले गई लाल कों ललिता भर अंकवारी।।7।। नयनन अंजन आंज कें मृदमंद मुख लपटाय।। हो हो होरी बोलत हँस कर ताल बजाय।।8।। स्यामा के नील बसन सों जोरत गांठ बनाय।। दोऊ हें अति सुंनद यों कहि लेत बलाय।।9।। छीनत मुरली कर तें एक लकुटिया छिनाय।। एक कहत तुम फगुवा देहु हमें बृजराय।।10।।

209. रायसों सकल कुंवर गौकुल के निकसे, खेलन फाग। हरि हलधर मध्य नायक अंतर अति अनुराग।।1।। ओलन बूका वंदन रोरी हरद गुलाल। बाजत मधुरे महुवर मुरली अरू डफ ताल।।2।। कनक कलस केसर भरे कांवर किंकर कंध। ओर कहाँ लग कहिये भाजन भरे हें सुगंध।।3।। हँसत हँसावत गावत छिरकत फिरत अबीर।। भीज लगे तन सोभित रंग–रंग रंजित चीर।।4।। फूलन की कर गेंदुक करत परस्पर मार। छूटत फेंट लटपटी बिखर परत घनसार।।5।। कोलाहल ग्वालन कौ सुन गोपिका अपार। टोलन–टोलन निकसी कर सोल्हे सिंगार।।6।। रूप माधुरी जिन की कबि पैं बरनी न जाय। तिन्हे सची रती रंभा पग हू परत लजाय।।7।। अति–सरस–स्वर गावत कौऊ झील कौऊ घोर। तिन्हे सुन्यौ नहीं भावत बीना नाद–कठोर।।8।। ललित गली गोकुल की हौत बिबिध बिध कैल। अगर सहित कुंकुम की चली धरनी पर रेल।।9।। गयो गुलाल गगन चढ भये सुर सदन सुरंग। मानो खुर खेर उड़ी है सेना सजी अनंग।।10।। बन्यों बनिता वदन पर कृष्णागर कौ पंक। परिपूरन चंदन ते मानौ च्वै–च्वै चल्यौ कलंक।।11।। छिरकत हरि ना–ना–रंग सोभित गोपिन गात। मानो उमग्यो अंतर तें अँचल प्रेम चुचात।।12।। बोले ग्वाल बराती हमारे हरि कौ ब्याह।। दुलहनि गोप–किसोरी। मोहन सब को नाह।।13।। यह सुन गोपी कोपी हलधर पकरे जाये। अंजन दै दृग छाँडे मृगमद मुख लपटाय।।14।। बहोरि सिमिट सब सुंदरी घेरे मदन गोपाल। कनक कदली मंडल में सोभित तरून तमाल।।15।। तब बृषभान किसोरी हरि भर लीने अंक। कही न जात ता सुख की मानौ निधि पाई रंक।।16।। बरन न सके कौ हरि के अगनित चरित्र बिचित्र। जिहीं तिहीं भाँत "गदाधर" रसना करों पवित्र।।17।।

210 रायसों मिल जु डंडा रस खेलहीं नंदराय जू की पोर।।आनंदसों मनभर रह्यौ नवल किशोरी किशोर।।1।। लटकत फिरत रगमगे इत गोपी उत ग्वाल।। मानो छुटी मदन की मत्तगजन की ढाल।।2।। गारी देत सुहावनी इत सब गोपिका नार।। उत सब होलें बोलें बालक नंदकुमार ।।3।। बाजे बहुविध बाजें ताल मृदंग उपंग।। झांझ झालर किन्नरी मुरली उफ मुख चंग।।4।। चोवा चंदन छिरकहीं अबीर गुलाल सुरंग।। खेल खेल गह गह्यो लाडली लालन संग।।5।। मृगमद केसर घोर कें लीने कर लपटाय।। ओचका आवत दूर तें भाजत मुखहि लगाय।।6।। तब बृषभान दुलारी पकरे मदन गोपाल।। मानो कंचन बेली लपटी स्याम तमाल।।7।। झूमर ही चहुंदिशते नेंक न

राखत लाज।। मानो भूतल उदयो नक्षत्र सहित उडुराज।।8।। काजर लोचन आंज कें
कटिपट लेंहि उतार।। आलिंगन पियदेत हें ये सब ब्रज की नार।।9।। गिरिधर अधर
सुधा कों कोऊ पीवत न अघाय।। हा हा खाउतो छांडें प्यारी को सिरनाय ।।10।।
झटकत गहि मोतिन लर बूझत चिबुक उठाय।। मन मान्यों फगुवा लियो पीतांबर दियो
आय।।11।। श्रीगोकुलगाम सुहावनों कीनी बहुविध केलि।। चिरजीयो दूल्हे दुलहनि
मिल मन्मथ दलपेलि।।12।। सिमिट सकल ब्रजवासी सूरसुता चले न्हान।। विमलबसन
तन पहरे देत बिप्र न बहुदान।।13।। कुसुम वृष्टि सुरपति करें लीला देखें आय।।
श्रीवल्लभचरण प्रतापते 'कृष्णदास' मुखगाय।।14।।

211 रायसों खेलन कों स्यामाजु चली गिरिधर पियपास।। नवसत साज सिंगारहीं
चंदमुखी मृदुहास।।1।।सखी जुरी चहुंदिशतें लेखेलन को साज।। ज्यों करिणी मदमाती
ढूंढत मद गजराज।।2।। बीन रबाव किन्नरी बाजत मृदंग सुचंग।। ललितादिक मध्य
स्यामा गावत सब मिल संग।।3।। श्रवण सुनत गिरिधर पिय श्रीस्यामा को राग।।
अंकभरे प्यारी को लूटत परम सुहाग।।4।। करसों करजोरे बैठे कुंज कुटीर।। ललित
लता गुच्छन में बोलत मधुकर कीर।।5।। केसर मृगमद रोरी सुरंग गुलाल अबीर।।
पियप्यारी मिल खेलत छिरकत चंदन नीर।।6।। बीरी खात खवावतहरखतमुख हसदेत।।
आलिंगन अति रससों कंठ भुजा भरलेत।।7।। कुंञ्ज महल में क्रीडत दंपति अतिसुखरास।।
यहलीला नितगावे अतिबडभागी दास।।8।।

212 रायसों होरी कौ सुख अद्भुत मौपे बरन्यौ न जाई।। अति आनंद हुलसति
मन प्रेम परसपर छाई।।1।। जुरि सब ब्रजनारी आई।। ग्वाल बाल नँदलाल जुमन में
सब सुखपाई ।।2।। अबीर गुलाल अरगजा कुँमकुमा छिरकै रँग ।। कुंज कुटीर में बैठे
राधा गिरिधर सँग।।3।। ललिता श्रीमुख माँड़े अंजन नैन बनाई।। तारी दै सब नारी मुख
सौं होरी गाई।।4।। राधाप्यारी दुलहिनि दुल्हे नंदकुमार।। सीस सेहरौ सोहै छबि लागति
जु अपार।।5।। गारी गावैं हिलमिल बरसाने की नारी।। बाजे बहु बिधि बाजैं सब मिलि
दै कर तारी।।6।। करसौं कर तब जोरे फिरि भाँवर लेति।। अँचल ले दोऊन के गाँठि
सबै मिलि देति।।7।। आरतो कर ललिता जु सुख सौं मंगल गाई।। देति असीस सबै
मिलि 'सूरदास' बलि जाई।।8।।

213 जेतश्री फागु खेलै राधा गोरी श्रीबृषभानु जु की पौरि हो।। नंदलाल बृषभानु नँदनी भलीबनी यह जोरी हो।।1।। चारु, अबीर, गुलाल, लसत तन, बिच बिच राजति रोरी हो।। झख करदम हरि रहसि भरै तब, केसर कुँमकुम घोरी हो।।2।। तन सुख चारु छींट छिरकति तन, डगमगात डोरी हो।। अंचल पट सोभित ऊरु कुच पै उपमा श्रीफल कोरी हो।।3।। स्याम सुभग के बाम अंसपै राजति नवलकिसोरी हो।। नूपुर रुनति कुनित कटि मेखला निरखि मदन मति भोरी हो।।4।। रीझि-रीझि तब 'रसिक राई' कौं मृदु मुसिकनि मुख मोरी हो।। प्रेम गाँठि परि जू परसपर छुटत नहिं क्यौं हुं छोरी हो।।5।।

214. जेतश्री ऋतु बसंत के आगम हो ! प्रचुर मदन कौ जोर। कैलि रस-झूम करा ।। राधा गोरी सुंदरी हों । सुँदर नंदकिसोर केलि० ।।1।। झुंडन मिलि गावति चली हों ! झूमक नंद के द्वार।। नृत्य करें ब्रज-सुंदरी हों ! मोहि लियौ मन मार ।।2।। बिपिन गली सुंदर बनी हों! ललित लवंगनि मेली । अंब मनोहर मौरिया हों ! करनि केतकी बेलि ।।3।। गोकुल गाँउ सुहावनौ हौं ! बृदाबन कौ ठोर। खेल हिं ग्वालन ग्वालिनी हो! रसिक कान्ह सिरमौर ।।4।। एक गोरी एक साँवरी हो ! एक चँद बदन सोहै बाल । एकनि कुंडल जगमगे एकनि तिलक सुभाल ।।5।। एकनि चोली अध खुली हो! एक रही बँद छुटि।। एक अलकावली उर डोलैं हो! एक रही लटे टूटि ।।6।। एकनि चीर जु खसि परे हों! एकनि लरकत लूमि । एक अधर रस घूंटि ही हों ! एक रही कंठ झूमि ।।7।। ताल पखावज बाज रह्यों हों! बीना बेनु रसाल । महुबरि-चंग जु बाँसुरी बजावत गिरिधरलाल।।8।। चोवा चंदन कुंकुमा हो ! उडत गुलाल-अबीर। सुर-नर मुनि-जन मोहियो हों! व्योम विमाननि भीर।।9।। सुरति समागम रस रह्यों हों! मानहु महा-गज-मंत। "परमानंद" प्रभु श्रीपति हों ! रसिक राधिका-कंत।।10।।

215. जेतश्री खेलत फागु संग मिलि दोऊ। आनंद भरि पिय प्यारी हो। नवल किसोर रसिक नंद नंदन। इत वृषभानु-दुलारी हो।।1।। नव रितुराज लता द्रुम फूले, बरन-बरन छबि न्यारी हो। गुंजत मधुप कीर पिक कुंजत, स्रवन सुनत सुखकारी हो।।2।। तैसेइ सुभग गौर सॉबल तन, बनी जोट इक सारी हो। कमल नैन पर बूका मेलत, हँसि सकुचति सुकुमारी हो।।3।। भरि अरगजा कनक पिचकाई, धाई सब ब्रजनारी हो।। भरत भॉव ते मदन गोपालै, बढ्यौ रंग अति भारी हो।। 4।। बहुर्यो मिलि दस पाँच सखी, गोविंद भरे अँकबारी हो।।

चोवा चंदन अगर कुंकुमा दियो शीश तें ढारी हो।।5।। प्रेम मगन मोहन मुख निरखत, तन सब दसा बिसारी हो।। 'चतुर्भुज' प्रभु सुर नर मुनि मोहे, गुन–निधान गिरिधारी हो।।6।।

216 जेतश्री नंदन कुंवर खेलत राधा संग जमुना पुलिन सरस रंग होरी।। नव घन स्याम मनोहर राजत स्यामा सुभग तन दामिनी गोरी।।1।। केसरि रंग कलस भरे बहु संगसखा हलधर की जोरी।। हाथन लिये कनिक पिचकाई छिरकीं ब्रजकी नवल किसोरी।।2।। चीर अबीर उडावत नाचत कटिसों बांधि गुलाल की झोरी।। मगन भई क्रीडत सब सुंदरी प्रेम समुद्र तरंग झकोरी।।3।। बाजत चंग मृदंग अघोटी पटह झांझ झालरि सुर घोरी।। ताल रवाब मुरलि का बीना मधुर शब्द उघटत धुनि थोरी ।।4।। अति अनुराग बढ्यो तिहिं ओसर कुल लज्या मर्यादा तोरी।। मदन गुपाल लाल संग बिहरत देहदसा भूली भई बोरी ।।5।। एक गहत फेंटा फगुवा कों एक करत ठाडी जुठ ठोरी।। एकजु आंखि आंजि कें भाजी एक बिलोकिहंसी मुख मोरी।।6।। एकन लई छिनाय मुरलिका देति गारि मोहन कों भोरी ।। एक फुलेल अरगजा चोवा कुंकुम रस गागरि सिर ढोरी।।7।। विविध भांति फूल्यो बृंदावन कूंजत कीर खट पद पिकमोरी।। निरखत नेहभरी अंखियांसो यों चितबत निस चंद चकोरी।।8।। थके देव किन्नर मुनिगन सब मनमथ निजमन गयो लज्योरी।। 'परमानंददास' या सुख कों जाचत विमल मुक्ति पद छोरी।।9।।

217. जेजेवंती माई आज तो मोहन संग रंग–भरी खेलोंगी।। लोक लाज पायन सों पिछोंडो पेलौगी।।1।। निंदरोंगी आरज पंथ का हू तै न डरोंगी।। निधरक अंकबार पिया कों भरोंगी।।2।। केसर के रंग छिरक रंगीलो करोंगी।। बेसरि मोती काजें फगुवा कों अरोंगी।।3।। ललित त्रिभंगी रस ढरन ढरोंगी।। रति पति रण "ब्रजपति" सो लरोंगी।।4।।

218. जेजेवंती होरी खेलन आई आज हो–हो हो–हो होरी सरसानी मधुबन की नारी।। अपने पतिन तज–तज धांई।।1।। घेर लयो गोकुल चहूं ओर ते हरि पकरवे की लोह लगाई।। ग्वाल बाल सब भये हें दुचिते ललिता गहि हलधर जु कौ लाईं।।2।। आतुर बस जब भये लाल जु भूल गये सब ही चतुराई।। ऐसी मार परी है परस्पर नंद पौरि जमुनां तांई।।3।। फेंट पकर कौऊ फगुवा मांगत कौऊ बंदन रोरी ले धाई।। अंचल की ढाल मुख ऊपर नयन थकी सैनन बान चलाई।।4।। नव–सत साज चली सजनी सब मानो छूटे गज गहे हें लुगाई।। "सूरदास" हलधर दौऊ रोके लगहु गुहार गोपाल गुसांई।।5।।

219 नायकी होरी रंग भर गावें सोई खिलार डफ लिये बजावें।। गाय गाय के रंग उपजावे जोई रीझे ताकों फेर सुनावे।।1।। सबे अरगजे मरगजे बागे नयन सेन दे रस उपजावे।। कहियत नायक दक्षण–लक्षण आप गदाधर नाम कहावे।।2।।

220 नायकी लाल गुलाल की मार रस भरे खेलत हरि होरी।। रत्न खचित पिचकाई सोंधे भर छिरकत नवल किशोरी।।1।। ललिता मोहन को मुख मांड्यो केसर सोंपट बोरी।। बिचित्र बिहारो बिहारिण परस्पर आनंद सिंधु झकोरी।।2।।

221. नायकी तुम बिन खेंल न रूचे लगार सुन्दर यार हो तुम हो सुघर खिलवार।। नारी सब मिल गावत आवत पिचकारीन की मार।।1।। द्वार–द्वार फगुवा के कारन रोक रहत ब्रजनार।। अंतर्यामी आनंददाता "सूर" प्रभु नंदकुमार।।2।।

222. नायकी ब्रज में खेले री धमार मोहन प्यारो री नंद को। संग बनी रस ओपी गोपी कह्यो न परत कछु बाढयो या सुख–सिन्धु उडुचंद को।।1।। बाजत ताल मृदंग उपंग किन्नरी ऊपर बाढ्यों सुख आनन्द को। 'नंन्ददास' प्रभु प्यारे कौतुक देखत ओर सोभा गिरिधर मेन फंद को।।2।।

223. नायकी नारी गारी दै गई वे माई हो–हो होरी आई। मदनमोहन पिय बांसुरी बजाई, श्रवन सुनत, गृह तज जुर धाई।।1।। चन्द्रावली अंजन लै आई, पकर मोहन जु की आँख अंजाई। फगुवा बिन दीयें, कैसे जै हो, 'धोंधी' के प्रभु कुंवर कन्हाई।।2।।

224. नट खेलत गिरिधरन लाल, परम मुदित ग्वाल बाल, इत बनी ब्रज नारी नवल, होरी बोलना।। गावत नट नारायन रागु, जुवती जन खेलत फागु, गारी देति गोप कुँवरि करि कलोलना।।1।। बीना बेनु तान तरंग, बाजत मधुर मृदंग, भेरी महुवरि डफ झाँझि ढोलना।। केसरि कुंमकुमा सुरंग, पिचकाई भरि–भरि तरंग, ब्रज जुवतीनि छिरकि, मिलि ब्रज टोलना।।2।। मोहन कों पकरि लै हु, फगुहा मिस फेंट गहु, माँडत मुख रोरी, घोरि करि कपोलना।। 'चतुर्भुज' प्रभु फगुवा दियो, राधा जू को भायो कियो, पीतांबर खेंचि लियो, करि झँझोरना।।3।।

225 अडानो खेलत हें ब्रज में हरी होरी।। ग्वाल बाल ललना संग लीने देत कूंक मिलब्रज की खोरी।।1।। अरगजा वाद कुंकुमा केसर चंदन वंदन रोरी।। सरस फुलेल अबीर अरगजा सुरंग गुलाल लियें भर झोरी।।2।। सुर मंडल मुखचंग पखावज विच मुरली मधुर ध्वनि थोरी।। श्रवण सुनत आईं ब्रज सुंदरि संग लियें वृषभान किशोरी।।3।। गावत फाग राग केदारों नाचत रंग भरे दुहुं ओरी।। तिहिं अवसर पकरे श्रीदामा आंजत नयन कहत हो होरी।।4।। रत्न जटित आभूषण अंबर और दई हंस पीत पिछोरी ।। देत असीस चलीं सब गोपी नंद सुवन युग युग जीवोरी।।5।। कुसुमन वृष्टि करत इंद्रादिक आये खेल फेर सिंघ पौरी ।। गोकुल नाथ वारत तन मन धन बल बल बल बल की नोरी।।6।।

226 अडानो ए नैना नैननि सौं खेलै होरी।। लाल लाड़िली गुलाल उड़ावति पलकन की करि झोरी।।1।। ऊघरत, मूँदत मुठि चलावति, कर-कर बैनन चोरी।। 'हरिबल्लभ' प्रभु खेलैं होरी आनंद सिंघु झकोरी।।2।।

227 अडानो खेलै-खेलै मोहन कुंज गली।। रँग-रंगीली बृषभानु सुता सँग राजति बहुत अली।।1।। ताल मृदंग बाँसुरी बीना मधुरे मिलि बजावति चली।। तैसो ही सुर गावति सब सुंदरि रंग-रंग रली।।2।। कर गुलाल राधे जब छिरकति सोभित मानौं कमल कली।। कुंज बिहारी जू अरगजा केसर छिरकी भाँति भली।।3।। सर सरिता खग मृग मुनि मोहे सबहिन अपनी गति बदली।। गुन रूप पिय प्यारी को मुख निरखति हैं सगली।।4।।

228 अडानो नवरंग पिय नवरंग प्यारी सौं बनि - ठनि हिलमिलि खैलैं फाग।। नवरँग पीत-बसन नवरँग कटि किंकिनी नवरंग लाल सिर बनी है पाग।।1।। नवरँग सखा संग बजावत ताल मृदंग, नवरँगराधिका ठाढ़ी है बाम भाग।। 'नँददास' प्रभु छाँटति छिरकति रस भरे गावैं अडानौ राग।।2।।

229. गौरी गोरी गोरी गुजरिया भोरी सी तैं मोहें, नँदलाल। खेलत में हो हो जु मंत्र पढि डार्यो तैं जु गुलाल।।1।। तेरी सौधें सनि अँगिया उरजनि पर अरू कटि लँहगा लाल। उघरि जात कबहुँक चलत में जेहरि ढिंग एडी लाल।।2।। तू सकल त्रियन में यों राजत हैं ज्यों मोतियनि में लाल। दास 'चतुर्भुज' को प्रभु मोह्यो अधर सुधा रस लाल।।3।।

230. गौरी राधा रसिक कुंजबिहारी। खेलें फाग सब जुवती–जन कहें हो–हो होरी।।1।। भरत परस्पर काहू की काहू न सुध ऐसें कैसें मन हरत मोहन जोरी। कर सों कर ही जोर कर कटि सों कटि ही मोरी नृत्यत कान काहू न सुध थोरी।।2।। 'हरिदास' के स्वामी स्यामा कुंजबिहारी फिरत न्यारी–न्यारी। सब सखियन की दृष्टि बचावत चमकत तब थोरी।।3।।

231. गौरी ऋतु बसंत सुख खेलियें हो आयौ फागुन मास।। होरी डांडो रोपियो सब बृज जन मन उल्लास।। गोकुल के राजा।।1।। रजनी मुख बृज आइयौ गौधन खरिक मंझार।। सखा नाम सब बोल के, घर–घर तै दै तब गार।। बड़े गोप वृषभान के आयै सब मिल पौरि।। श्रवन सुनत प्यारी राधिका चढ़ी चित्र सारी दौरि।।3।। उझखि झरोखा झाँकियो दौऊन मन आनंद। ऐसी छबि तब लागियो मानौ निकस्यौ घटा तै चंद ।। 4।। बासर खेल मचाईयो नेरै आयौ फाग।। झूमक चेतव गाव ही मनमोहन गोरी राग ।। 5।। नर नारी एकत्र भए घोषराई दरबार।। चहुं–दिस तै सब दौरियो भूसन बसन सिंगार ।। 6।। अगनित बाजे बाज हीं रूज मुरज निसान।। डफ दुंदुभी अरू झांलरी कछु बन सुनियत कान।। 7।। पिचकाई कर कनक की अरगजा कुंकुम घोर।। प्राण–पिया कौ छिरक ही तक–तक नवल किसोर ।। 8।। बहुरि सखा, सब दोरियौ आगे दै बलबीर।। जुवती–जन पर बरख हीं नवल गुलाल अबीर ।। 9।। ललिता विसाखा मतो मत्यो लीनौ सुबल बुलाय।। चेरी तेरै बाप की नेंक मोहन को पकराय।।10।। तबै सुबल कौतुक रच्यो, सुनों सखा एक बात। इन्हें भीतर जान देहु बोलत जसोदा मात।। 11।। हरे–हरे सब रेंगि चली, नेरे निकसी आय।। सैन सबें दै दौरियौ पकरै बल मोहन जाय।। 12।। प्यारी कौ अंचल लियो अरू पिय कौ पट–पीत।। सकत ही गठ–जोरो कियौ भले बने दौऊ मीत।। 13।। फगुवा में मुरली लई अरू कंठ कौ हार। श्रीराधा कौ पहराईयो हँसत दै–दै करतार।। 14।। मेवा मोल मंगाइयौ फगुवा दियौ निवेर।। मन भायौ कर छांडियो हँसत वदन तन हैर।।15।। यह बिधि हौरी खेल ही ब्रज–वासिन संग लगाय।। जुगल कुंवर के रूप पै जन "गोविंद" बल–बल जाय।।6।।

232. गौरी सब दिन तुम ब्रज में रहो, हरी होरी है। कबंहु न मथुरा जाओ, अहौ, हरि होरी है। परब करो घर आपनै। कुशल केलि निबाहो।।1।। परिवा पिय चलिये नहीं। सब सुख को फलफाग। प्रगट करो अब आपनौ। अंतर को अनुराग।। 2।। मानौ द्विज दिन शौध के भूपति कियौ काम। ससि–रेखा सिर तिलक दै सब कौऊ करै प्रणाम।।3।। कनक सिंघासन बैठ के। जुवतिन के उर आन। अलक चमर अंचल ध्वजा। घूंघट आतप तान।। 4।। फागुन मदन महीपति। इहि बिधि करहै राज। पंद्रह तिथि भर वरण हू। सादर कियो समाज।।5।। तीज तिहु पुर प्रगटियौ। अपनी आन नरेस। सुन मग–मग डफ दुंदुभी। सौई करिये सब देस।। 6।। चौथ चहु दिस चाहिये। यह अपनी एक रीति। मेरै गुन कहि निर्लज्ज ह्वै छाँड सकुच कुल नीति।।7।। पाँचे परमित परहरौ। चलहु सकल इक चाल। नार पुरूष एकत्र करौ। बचन प्रीति प्रीतिपाल।।8।। छटि छे राग छे रागिणी। ताल तान बंधान चपल चरित्र रतिनाथ कै। सिखवौ अति अभिधान ।।9।। सातें सुन सब सज चले। राजा की रूचि न जान। करत क्रिया जैसौ सबै। आयुस माथै मान।।10।। आठ डर उनमान कै। सबन मतौ मत्यौ एक। नृप जौ कहै सौई कीजिये। क्यों राखिये विवेक।। 11।। नवमी नव सत साज कै। कर सुगंध उपहार। मानौ चले मिल मेर के। मनसिज भवन जुहार।। 12।। दसें दसो दिश सोधि के। बोले राजा राय। जग जीत्यौ बल आपने। ज्ञान वैराग्य छुडाय।। 13।। सुन आई एकादशी। बोले सब सिर नाँय। ढोल भेर डफ बांसुरी पटह निसान बजाय।। 14।। देख भले भटू आपने। द्वादसी द्योस बिचार। काज करौ रूच आपनै। व्है निसंक नरनार।।15।। रथ रावक पावक सजै। खरन भयै असवार। धूर धातु घट रंग भरे। करन यंत्र हथियार ।। 16।। जहाँ तहाँ साने चली। मुक्त कच्छ सिर केस। आप आप सूझें नहीं राजा रंक आवेस।।17।। जहाँ सुनत तप संयमी। धर्मधीर आचार। छिरके जाय निसंक व्है। दौरे पकर किवार ।।18।। जै कबहु देखी नही। कबहु सुनी नही कान। तिन कुल बधू नारिन कै। लागू पुरूष पराण।।19।। धाय धरे बल कुल बधू। पर पुरूष नहि पहेचान। मात पिता पति बंधु की। छूट गई सब कान।।20।। भस्म भरे अंजर करे। छिरकत चंदन बार। मर्यादा राखे नहीं। कटि पट लै हि

उतार।। 21।। तेरस चोदस मास में। जग जीत्यौ डर डार। शठ पंडित बृज बधू। सब ही लये एक–सार।। 22।। पून्यौ प्रगट प्रताप ते। दुरे मिले पालाग जहाँ तहाँ होरी लगी मानौ मवासिन आग।। 23।। सब नाचै गावै सबें। सबै उडावै छार। साधु असाधु न पेख हौ। बोले बचन बिकार।।24।। अति अनीत मति देखि कै परिवा प्रगटी आन। बिमल बसन जो स्याम कौ मर्यादा की कान।। 25।। आबत ही बिनति करी उठ जोरे हँस हाथ। वर्ण धर्म सब राखिये। कृपा करहु रतिनाथ।। 26।। आज्ञा दई रतिनाथ ने। नृप समुझ यौ मन माँह। जाय धर्म अपुने चलो। बसो हमारी बाँह।।27।। "सूर" कहाँ लगि बरणिये मनसिज कें गुन ग्राम। सुनो स्याम यह मास में कियो जु कारन काम।। 28।। कान्ह कृपा कर घर रहे। बरजै मथुरा जात।। सरस "रसिक" मनि राधिका। कही कृष्ण सों बात।। 29।।

233. गौरी छैल छबीलौ ढोटा रस भर्यो बाकी चितवनि भ्रोंह मरोर।। खेलन मैं बहु छंद–फंद कर ले जु गयौ चितचोर।।1।। अरी वह बन–बन आवे बेनु बजावें गावे चटक मटक की गार।। हो–हो बोले गलियन डोले, हँसत सखा किलकार।।2।। हौ ठाडी अपने द्वारे भोरें थोरो सो घूंघटमार।। आंखिन मांझ गुलाल मुठी भर गयो अचानक डार।।3।। वाके बडरे नैना मधुरे बैना कह्यौ कछुक मुसिकाय।। "श्रीविट्ठल" गिरिधरन गये मेरे हिय रे चटक लगाय।।4।।

234. गौरी सब बृजकुल के राई लाल मनमोहनां। मन मोहनां निकसे हैं खेलन फागु लाल मन मोहनां।। नवल कुँवर खेलन चले। मन० ।मुदित सखा संग।।लाल०।।स्याम अंग भूषन सजे। मन०। बिमल बसन पहराई।।लाला०।। निकसि द्वार ठाढे भये। मन०। मुरली मधुर बजाय।। श्रवन सुनत सब बृज वधू।। जहाँ तहाँ तें चली धाई।।. .।। बिबिध भाँति बाजे बजे। मन०। ताल मृदंग उपंग।।.।। रूंज मुरज डफ दुंदुभी। मन०। कर कठताल सुरंग।।.।।जुवती जूथ मिलि धाइयो। मन०। भरि पिचकाई हाथ।। .।। चहुँ दिस तें वे छिरकहीं। मन०। भरत कुँवर गोपीनाथ।।.।। बहुरि सखा सनमुख भए। मन०। आगे दे बल बीर ।। ..।। जुवती जन पर बरस हीं। मन०। कुंकुम सुरँग अबीर।।..।। बहुरि सिमिटि

बृज सुंदरी। मन०। मोहन लीने घेरी।। ..।। एक मुरली ले भजी। मन०। एक कहे देहुँ फेर।। ..।। एक पीत पट गहि रही। मन०। फगुवा देहुँ कुँवर।।..।। ऐसे हम न पतीज हीं। मन०। गहने देहु मोती हार।। ..।। ललिता ललित बचन कहें। मन०। तुम सुनो हो गोकुल के राई।। तों हम तुम कों जान दे हिं। मन०। प्यारी राधा कों सिरनाइ।। प्यारी कर काजर लियो। मन०। आँजे पिय के नैंन।।..।। अंचल पट मुख दे हँसी।मन०। मिलवति कर दे सेंन।।ला०।। आलस अरून अति रसमसे। मन०।अंजन खरेई बिराज।।.।। जुगल कमल कर मुकुलित। मन०। मानो बैठे जुगल अलिराज।। अति रस भरी ब्रज सुंदरी। मन०। कछु न अंगन संभार. .।। खसियत बलय कटि किंकनी। मन०। पिय सँग करत बिहार।। .।। कुच पर कच लर बिलुलिता। मन०। लागत परम सुदेस।।. .।। मानों भुजंगम चहुँ दिसा। मन०। आए अमृत पीवत रस केस।। इहि बिधि सब मिल खेल हीं। मन०। गावत गोरी राग।। . .।। नवल कुँवर पर अति बढ्यो। मन०। प्रति दिन नव अनुरागु।। जुवती जूथ मिलि उलटियो। मन०।अपने–अपने टोल।। . .।। पिय मुख देखत फूल हीं। मन०। प्रमुदित लोचन लोल।। . .।। इहि बिधि होरी खेल ही। मन०। ब्रज जन संग लगाई।। . . .।। घोष नृपति सुत बदन की। मन०। 'गोविन्द' बलि–बलि जाइ।। . . .।।

235. गौरी गोकुल–राई–कुमार कमल दल लोचना। ठाढे सिंघ द्वार कमल दल लोचना।। नख सिख भेषु बनाइ, कमल०, सुंदरता अति चारू कमल०।। रसमसे नँद किसोर निकसे खेलन फागु, मधुर बेनु कर में धरें गावत गौरी राग।।1।। आए ब्रज के चौहटें लियें सखा सब संग। नव भूसन नव बसन सोहत साँवल अंग।। उपमा कहीं न जाई सुंदर मुख आनंद। बालक वृंद नच्छत्र प्रगटे पूरन चंद।।2।। बाजत ताल मृदंग आवज डफ मुख चंग। मदन भेरि सुर बीन गिडि–गिडी झाँझि उपंग।।3।। श्रवन सुनत चली दौरि गृह–गृह तें ब्रजनारि। तिन में परम सुदेस श्रीराधा अति सुकुमारि।।4।। बने चीर आभरन सब तन बिबिध सिंगार। कंकन अरू किंकिनी उर गज–मोतिन हार।।5।। नक बेसरि ताटंक कंठसिरी अनुभाँति। चौकी बनी जराई दूरि करत रवि–कांति।।6।। सेंदुर

तिलक तँबोल खुटिला बने बिसेख। सोहति केसरि–आड कुंकुम काजर रेख।।7।। प्रफुल्लित आनँद भयो चितवत हरिमुख ओर। मनु बिधु प्रीतम मिल्यौ सादर चारू चकोर।।8।। नैन रूप रस भरे बारंबार निहारि। गाव–हिं झूमकि चेत बीच सुहाई गारि।।9।। चोबा चंदन अरगजा सौंधे सजे अनेक। पिचकाँई कर लिये धाईं एक तें एक।।10।। अति भरि बाँधी फेंटि सुरंग अबीर गुलाल। दुहुँ दिसि माच्यौ खेल इत गोपी उत ग्वाल।।11।। नर नारिन परी चोख छिरकत तकि–तकि छेह। भरत भई अति भीर मानहुँ बरसत मेह।।12।। बरन–बरन भए बसन अंगनि रहे लपटाई। क्रिडा रस बस मगन आनँद उर न समाई।। 3।। ब्रज–जिवुतिनु मतौ मत्यौ मुख न जनावति बैन। पकरि नेंकु घनस्याम मिलवति इत उत सैन।।14।। जुवति–जूथ दल पेलि दीने सखा भजाई। कहति कहा मतु कर हि, अब तो कछु न सुहाई।।15।। कहत न बाँचे कछू बचन गारि अरू गीत। झुंडनि जुरि चहुँ ओर जाइ गह्यौ पट–पीत।।16।। नवल कुँवरि जानियें अब जो मुरली लेहु। राधा हि कर हु जुहार हमारौ फगुवा दे हु।।17।। फगुवा देहु, न देहु, छाँड हु ओर उपाई। हमारौ भायो कर हु छूटौ माथौ नाई।।18।। प्यारी पिय सों कह्यौ अति मीठे मृदु बोल। काजर आँजे नैन रोरी हरद कपोल।।19।। मुख माँडे छबि भई कोटि मदन सिरताज। त्रिभुवन सौभग लिए मानों ब्याहन आयो आजु।।20।। कीरति अविचल रही जुग–जुग इहि ब्रजवास। श्रीगिरिधर कौ जसु गान नित करहु 'चतुर्भुजदास'।।

236. गौरी होरी खेलनि को चले रंग भीने हो। सुंदर मदन गुपाल। लाल रंग भींने हो। आगें दै बलबीर। करति कुलाहल ग्वाला।। लाल०।।1।। बाजे बहु बिधि बाज हीं। जंत्र पखाबज ताल। रूंज मुरज ढ़फ दुंदुभि। बिच–बिच वेणु रसाल।।2।। श्रवण सुनत सब ब्रज बधू। घर–घर तैं उठि धाई। मुख्य जु राधा लाड़िली। गावति गारि सुहाई।।3।। सनमुख आबैं हुलसि कैं। केसर भरि पिचकाई। प्रान–पिया कौं छिरकि हीं। बदन मोरि मुसिकाई।।4।। जुवती जूथ पै थिरकि ही। सुरंग गुलाल अबीर। चौंक परैं सब खेलि हीं। भरति परसपर भीर।।5।। हो–हो होरी बोलि हीं। नाचे दै कर तारि। चहुं दिस तैं बे छिरकि हीं। करि जु अरगजा वारि।।6।। तब ललिता चंद्रावली। गहि लीनें घनस्याम। नैन आँजि मुख मांड़ कैं। झटकति गहि बन दाम।।7।। लै उठाइ भरि अंक में प्रेम आलिंगन दे हि।। एक अधर रस घूंट ही। एकु जु चुंबन लेहि।।8।। एक जु पान

खवाव हीं। एक जु लेहि उगार। भुज भरि राखैं पीय कौं।। हा–हा खाहु कुमार।।9।। हंसि–हंसि चिबुक उठाब हीं। दुलरी लींनी खोल। कै बल छूटो आपुनौ। कै ब्रजराजै बोल।।10।। यौं गिरिधर संग खेलि हीं।। बाढ्यौ उर आनंद। हेरैं नैन चकोर ज्यौं। पिय मुख पूरन चंद।।11।। मन भायौ फगुवा लियौ। अंबर मोतिन माल। बारैं सरबसु वारनैं। बलि–बलि "दास" गुपाल।।12।।

237. गौरी ढोटा दोऊ राई के खेलत डोलत फागु हो। लालै जो देखै सो मोहियो और प्रति छिनु नव अनुरागु हो।।1।। सखा संग सब बोलि कें घर–घर तें देतऽब गारि हो। सुनत कुँवर कोलाहल निकसीं घोख कुँवारि हो।।2।। भूसन बसन जु साजियो अरू गज मोतिनि के हार हो। झूमक चेतव गाव हीं हो घोखराइ दरबार हो।।3।। बाजे बहोत बजाव हीं डफ दुंदुभी कठताल हो। बलि मोहन मधि नाइका चहुँ दिसि नाचत ग्वाल हो।।4।। पिचकाई कर कनक की हो अरगजा कुंकम घोरी हो। बलराम कृष्ण को छिरक हीं हो हँसिऽब चली मुख मोरी हो।।5।। कोलाहल सुनि आइयो हो श्रीवल्लभ सिरताज हो। सिंघ–द्वार पै बैठियो बडरे गोप समाज हो।।6।। ब्रज–रानी तहाँ आइयो हो जहाँ बैठे नंद उपनंद हो। सोंधे ठाढी लीपियो आँजत आंखि सुछंद हो।।7।। इहि बिधि होरी खेल हीं अरगजा एक सुगंध हो। बिधि सों होरी लगाइयो पून्यो पूरन चंद हो।।8।। परिबा बसन जु साजियो न्हाहि धोहि आनंदा हो। 'गोविन्द' बलि बंदन करें जै–जै गोकुल के चंदा हो।।9।।

238 बधाई गौरी श्रीवल्लभ कुल मंडन प्रकटे श्रीविट्ठलनाथ। जे जन चरण न सेवत तिन के जन्म अकाध।।1।। भक्ति भागवत सेवा निश–दिन करत आनंद। मोहन लीला सागर नागर आंद कंद।।2।। सदा समीप बिराजे श्रीगिरिधर गोविंद। मानिनी मोद बढावें निज जनके रविचंद।।3।। श्रीबालकृष्ण मन रंजन खंजन अंबुज नैन। मानिनी मान छुडावे बंक कटाक्षन सेन।।4।। श्रीवल्लभ जग वल्लभ करुणानिधि रघुनाथ ।ओर कहां लगि वरनो जगवंदन यदुनाथ।।5।। श्रीघनश्याम लाल बल अवचल केलि कलोल। कुंचित केश कमलन जानों मधुपन के टोल।।6।। जो यह चरित्र वखाने। श्रवन सुने मन लाय। तिन के भक्ति जु बाढें आनंद द्योस विहाय।।7।। श्रवण सुनत सुख उपजत गावत परम हुलास। चरण कमल रज पावन बलिहारी कृष्णदास।।8।।

239 रामकली चलो सखी मिलि देखन जैयें नंद के लाल मचाई होरी।। अबीर गुलाल कुंकुमा केसरि पिचकारिन भरि भरि ले दौरी।।3।। एक जु पिय की चोरा चोरी हमें लखे नहीं कोरी।। कृष्ण जीवन लछीराम के प्रभु कों भरि हें राधा गोरी।।2।।

240 खट बरसानैं तैं बृषभानु पुरा की होरी खेलनि निकसी हो।। बरन बरन बन ठन आभूषन कनक बेल सी गिगसी हों।।1।। जोबन रूप मदन मनमथकौं उर मोहन मदमाती हो।। ऐंड़तचले चाल गरबीली मंद मंद मुसिंकाती हो।।2।। झोरी भरि अबीर कुँमकुमा करन कनक पिचकाई हो।।आवति चंग उपंग बजावति गाबति हरि कौं गारी हो।।3।। ठाड़े जहाँ सखा संग लीनें चतुर खिलारि कन्हाई हो।। सीस नवाइ दूर भई ठाड़ी हँसि हँसि निकट बुलाई हो।।4।। उमड़े हैं गोपी ग्वाल परसपर भारी खेलि मचायौ हो।। उड़ति गुलाल अबीर अरगजा अति हही अंबर छायो हो।।5।। गोपीन मतो बनाई धाई कैं मन मोहन गहि लीनें हो।। आँखि आँजि मुख माँडि महावर हो करि तजि दीनें हो।।6।। अपुने दावस्याम हु पाए तब गहि लीने राधे हो।। जेतेक दाव चाव चित उपजें सकल मनोरथ साधे हो।।7।। बेनी गुही बनाई उलटि कैं कछुक सेंधानी कीनीं हो।। दुहुं और दिठौना दै कैं तब छाँडि रंग भीनीं हो ।।8।। तारी दै दै ग्वाल हँसति है गोपिन मन मुसिकानी हो।। मन में मुदित भई बाहिर तैं राधा कछु कुमलानी हो।।9।। नँद नंदन बृषभानु लली की सोभा कहा बखानैं हो।।'ब्यासदास' प्रभु रीझि भिंजि सौं बारति तन मन प्रानैं हो।।10।।

241 खट आजु भोर ही नंद पौरि बृज–नारिन रोर मचाई। पकरि पानि गहि मारि पौरिया जसुमति पकरि नचाई।।1।। हरि भागे हलधर हू भागे, नंद महर हू हेरे।। तब ही मोहन निकसि द्वार व्है सखा–नाम ले टेरे।।2।। द्वार पुकार सुनत नहीं कौऊ, तब हरि चढे अटारी।। आओ रे आओ, सखा सब संग के, हमारे घर घेस्यो ब्रजनारी।।3।। सुनत टेर संगी सब दौरे, जब अपने–अपने धाम, अर्जुन तोक कृष्ण मधु मंगल, सुबल सुबाहु श्रीदाम।।4।। ग्वालिनि दौरि पौरि जब रोकी, आनन पाये नेरे।। चंद्रावलि ललितादि आदि दे स्याम मनोहर घेरे।।5।। कित जै हो बस परे हमारे भजि न सको नंदलाल।। फगुवा में मुरली हम ले हें पीतांबर बनमाल।।6।। केसरि डारी सीस तें मुख पर रोरी मांडत राधे।। "विष्णुदास" प्रभु भुज गहि गाढे, मन वांछित फल साधे।।7।।

242 पंचम देखो देखो ब्रज की बीथनि बीथनि खेलत हें हरि होरी।।गीत विचित्र कोलाहल कौतिक संग सखा लख कोरी।।3।। आईं झूमि झूमि झुंडन जुरि अगनित गोकुलगोरी।। तिन में जुवती कदंब सिरोमनि राधा नवलकिशोरी।।2।। छिरकत ग्वालबाल अवलन पर बूकावंदनरोरी।। अरुन अकास देखि संध्याभ्रम मुनिमनसा भइबौरी।।3।। रपटत चरन कीच अरगजा की केसर कुंकुम घोरी।। कही न जाय गदाधर पे कछु बुद्धिबल मति भई थोरी।।4।।

243 श्री हठी स्याम-संग खेलत चलि स्यामा सब सखियन कौं जोरि।। चंदन अगर कुमकुमा केसरि, बहु कंचन-घट घोरि।।1।। उड़त गुलाल अबीर, कुमकुमा, छबि छाई जनु साँझ।। नाहीं दृष्टि परत राधा-मुख, चंद निलंबर-मांझ।।2।। खेलि फाग अनुराग बढ्यौ घर, मची अरगजा- कीच।। ब्रज-बनिता कुमुदिनि-सी फूलीं, हरि-ससि राजत बीच।।3।। अष्ट सिद्धि, नव निधि ब्रज बीथिनि, डोलत घर-घर बार।।सदा बसंत वृंदावन, लता-लता द्रुम डार।।4।।देखि-देखि सोभा-सुख-संपति, जिय मैं करतिं विचार।।ब्रज बनिता हम क्यों न भईं, यौ कहति सकल सुर-नार।।5।। फाग खेलि अनुराग बढ़ायौ सब कैं मन आनंद।।चले जमुन अस्नान करन कौं, सखा, सखी, नंद-नंद।।6।। दुष्टनि दुःख, संतनि-सुख-कारन, ब्रज-लीला अवतार।। जै जै ध्वनि सुमननि सुर बरषत, निरखत स्याम-बिहार।।7।।जुगल-किशोर-चरन-रज मांगौ, गाऊँ सरस धमारि।। श्रीराधा गिरिवर-धर-ऊपर सूरदास बलिहारी।।8।।

244 श्री हठी खेलति फागु फिरति रस फूलै।। स्यामा स्याम प्रेम बस नाँचति गावति सरस हिंडोरे झूलै।।1।। वृंदांबन की जीबनि दोऊ नट नागर बंसीबट मूलै।। 'व्यासस्वामिनि' की छबि निरखति नैन कुरँग फिरति रस भूलै।।2।।

245 फाग हरि संग खेलति हैं सब फाग।इहिं मिस करति प्रगट गोपी; उर-अंतर कौ अनुराग।। सारी पहिरि सुरँग, कसि कंचुकि, काजर दै दै नैन। बनि बनि निकसि-निकसि भई ठाढ़ी, सुनी माधौ के बैन। डफ, बाँसुरी रुंज अरु महुअरि, बाजत ताल मृदंग। अति आनंद मनोहर बानी गावत उठति तरंग। एक कोध गोविंद ग्वाल सब, एक कोध बृज-नारि। छाँड़ि सकुच सब देतिं परस्पर, अपनी भाई गारि।। मिलि दस पाँच अली चली कृष्णहिं, गहि लावतिं अचकाई। भरि अरगजा अबीर कनक-घट, देतिं सीस तैं नाइ। छिरकतिं सखी कुमकुमा केसरि, भुरकतिं बंदन धूरि। सोभित हैं तनु साँझ-समै-धन, आए हैं मनु पूरि । दसहूँ दिस भयौ परिपूरन, सूर सुरंग प्रमोद। सुर-बिमान कौतूहल भूले, निरखत स्याम-विनोद।।

246 मान के पद बिहाग आज दिन होरी को हे तू जिन मान कर। मेरों कह्यों तू मान हठीली केसे हू गर्व टरे।।1।। उठ चल हिल-मिल गिरिधर पिय सो तों सब काज सरे। तेरे हो वश हे व्रजपति पिय तेरों ही ध्यान धरे।।2।।

247 पोढवे के पद अडाणों पोढे प्यारी पिय के संग सबे वसन भरे रंग। खेल फाग अनुराग बढ्यो दोउ आलस वश सब अंग।।1।। हँसत परस्पर अतिरस विहरत अंक भरत उमंग। परमानंद दंपति छबि पर वारों कोटि अनंग।।2।।

248 होलिकोत्सव ईमन एरी चलहु सखी तहाँ तहाँ जहाँ जैयै। नव निकुंज में खेल मच्यौ है, रंगनि रंग मिलैयै।। तजि अभिमान समझ सखी मन, स्याम मिलें सुख पैयै। अरस परस आलिंगन लहियै, चुंबन होड़ लगैयै।। करौ सिंगार सुभग तन थोरौ, मोतिन माँग भरैयै। सारी सेत पहिर तन सुख की, आलि गुलाल करैयै। 'रसिक प्रीतम' प्यारे सों मिलियै, अंतर भाव जनैयै। इहि बिधि फाग सुहाग सखी री, आनंद सिंधु बढ़ैयै।।

249. (मान) बिहाग प्यारी तू नित्य उठ मान मनावै। कौन सी टेव परी ब्रजसुंदरी पिय कौ पाय परावै।। 1।। नहिं बूझत समजत री सखी री सहज बात उठ धावै। तू जौ कहे हौ निपट सयानी स्यानपनो कहा जनावै।।2।। यह दिन फाग सुहागी सखी री सब काहू कों भावै। श्रीविट्ठल गिरिधरन लाल कौ तू काहे न रंग बढ़ावै।।3।।

250 (पोढवे) बसंत खेलि फागु मुसिकात चले दौऊ पौढे सुखद सेज मिलि दंपति।। हँसि हँसि बात करति सुनि सजनी निरखति कृपन मिली मनौं संपति।।1।। करति सिंगार परसपर हुलसति सोभा देखि मदन तन कांपति।। 'ब्रजपति' पिय प्यारी मिलि बिलसति सखी ललितादिक चरनन चाँपति।।2।।

251. (पोढवे) बिहाग चले पिय भाव ते रस लैन। खेल फाग अनुराग बढ्यौ हैं, महा मत्त गति मैन।।1।। झीने बसन गुलाल सगबगे, तन राजत दुति ऐन। "रसिक प्रीतम" पिय प्यारी पौढे नव निकुंज सुख सैन।।2।।

252 ताज बेगम बहुर ड़फ बाजन लागे होली खेलत मोहन साँवरो हो, किस मिस देखन जाय सास ननद बैरिन भई, अब कीजे कोन उपाय ।।1 ।। ओजत गागर डारिये, जमुना जल के काज यह मिस बाहिर निकस के, हम जाय मिले तजि लाज ।।2 ।। आओ बधरा में लिये वन को देही विड़ार वे देहे हम हीं पठै, हम रहेंगी धरी द्वे चार ।।3 ।। हा हा री हों जात हों मोपे नाहिन परत रह्यो तू तो सोचत ही रही, ते मान्यो न मेरो कह्यो ।।4 ।। राग रङ्ग गह गढ़ मच्यो नन्द राय दरबार गाय खेल हँस लीजिये फाग बडो त्योहार ।।5 ।। तिन में मोहन अति बने नाचत सबे ग्वाल बाजे बहुँ विघ बाजहीं, रूंज मुरज ड़फ ताल ।।6 ।। मुरली मुकुट बिराज ही, कटि पर बांधे पीत नृत्यत आवज ताज के प्रभु गावत होरी गीत ।।7 ।।

253 बिहाग खेलन दे मोहे होरी हो रसीया।। जानि न देहौं गहि राखौंगी काए कों बैंयाँ मरोरी हो रसीया।।1 ।। ब्रिंदाबन बिच खेलि मच्यौ है सँग राधिका गोरी हो रसीया।। सखी सहेली सब मिलि खेलैं हम कहा कीनीं चोरी हो रसीया।।2 ।। फगुवा लीयै बिनु जानि न देहौं तुम मत जानौं भोरी हो रसीया।। ‘ऋषिकेस’ प्रभु मिलि मगन भये डारति है तृन तोरी हो रसीया।।3 ।।

–:+:–

होली के रसिया

254 रसिया ठाडो रे हे कनुवा ब्रजवासी ठाडो रे हे। रंगडार कित भाज्यो रे लंगरवा लोक करे मेरी हांसी ठाडो रे हे। बालपनो खेलन में खोयो गोकुल में मारी मासी ठाडो रहे । पुरुषोत्तम प्रभु की छबि निरखत जन्म जन्म तिहारी दासी ठाडो रे हे।।12 ।। काना धर्यो रे मुकुट खेले होरो काना धर्यो रे। इत तें आये कुंवर कन्हाइ उत ते आइ राधा गोरी काना धर्यो रे। कहां ते रो हार कहां नक वेसर कहां मोतियन की तर तोरी काना धर्यो रे। गोकुल हार मथुरा नकवेसर वृंदावन में लर तोरी काना धर्यो रे। चोवा चोवा चंदन अगर अरगजा अबीर उडावो भर भर झोरी काना धर्यो रे। पुरुषोत्तम प्रभु की छवि निरखत फगुवा लीयो भर भर झोरी काना धर्यो रे।।13 ।। गेहू रे कर श्याम अमल पानी गेह रे कर। कुंडीबी दउंगी कुतकाबी दउंगी तेरी भाग मिरचकी में जानी गेहेरे कर। ले चलु तो कु बरसाने में हम होंयगी तेरे अंगवारी गेहेरेकर । तों हि करु होंरो को भरुवाहम होंयगी तेरे मेहेमानी गेहेरेकर। पुरुषोत्तम प्रभु की छवि निरखत तन मन धन सरवसवारी गेहेरेकर।।14 ।।

255. रसिया चलो बरसाने खेले होरी। उंचो गाम बरसानो कहीये तहाँ बसे राधा गोरी। पाँच बरस के कुँवर कन्हैया सात बरस राधा गोरी। चौबा चंदन अरू अरगजा केसर गागर भरी ढौरी। उत तै आए स्याम मनोहर इत तें आई राधा गोरी। ''सूरदास'' प्रभु तिहारे मिलन कुं रहो चिरंजीव यह जौरी।।1।।

256. रसिया बृज की तोहे लाज मुकुटवारे। चंद सूरज तेरो ध्यान करत है ध्यान धरत नव–लख तारे। इंद्र ने कोप कियो ब्रज ऊपर तब गिरिवर कर पर धारै।। 'पुरूषोत्तम'' प्रभु की छबि निरखत गाय गोप के रखवारे।।1।।

257 रसिया डफ बाजै नंद–बाबो घर के, डफ बाजै। चल री सखी देखन जईए छैल–चीकनीया नागर के। नाचत गावत करत कुलाहल संग सखा है बराबर के। 'पुरूषोत्तम' प्रभु के संग खेलो। झख मारत घर बारन के।।1।।

258. रसिया दरसन दे निकस अटा में ते दरसन दे। तू हे श्रीबृषभाननंदिनी ज्यों निकस्यौ चंद घटा मे तें। कोटी रमा सावित्री भवानी सौ निकसी तेरी अंग छटा मेंते। "पुरूषोत्तम" प्रभु यह रस चाख्यौ जैसे माखन निकस्यौ मठा मेंते।।1।।

259 .रसिया बन आयो, छैला होरी को बन आयो। मल्ल–काछ सिंगार धर्यो है जाके फेंटा सीस मरोरी कौ। सौधे भीनौ उपरना सौहे याकै माथे बेंदा रोरी को। ''पुरूषोत्तम'' प्रभु कुंवर लाडिलौ यह रसिया वाही गोरी कौ।।1।।

260. रसिया बृंदाबन खेल रच्यौ भारी बृंदाबन। बृंदाबन की गोरी नारी टूटे हार फटे सारी। ब्रज की होरी ब्रज की गारी ब्रज की श्रीराधा प्यारी। पुरूषोत्तम प्रभु होरी खेले तन–मन–धन सरवस वारी।।1।।

338. चंचल चपल चतुर चंद्रावलि, चालै चटक मटक की चाल। चंद्रावलि दधि बेचल चाली, घेरी गैल छैल बनमाली।। दान दधि जोबन देऊं चुकाय, दहैड़ी कौ नैक दही दै खवाय। कहै यों चंद्रावलि मुसकाय।।

(दोहा) – जो कान्हा पाले परौ, लऔ पतौआ तोर। छोड़ मनसुखा कूं गये, मोहन माखन चोर।। चंद्रावलि गई सटक मार, मनसुख कैं गुलचा गाल।। चंचल० पत्ता तोर श्याम जब घर आये जी, मनसुख लाल रोमते पाये जी। न देखी चंद्रावलि व्रजनार, करन लगे मन सोच–विचार। खिरक में जाय सोये मन मार।।

(दोहा)–ढूंढत–ढूंढत डोलती, घर–घर जसुमति माय। मेरौ बारौ कान्ह कित, कोई देउ बताय।। कहै मनसुखलाल खिरक में सोय रहै नंदलाल।। चंचल० टेरत मात श्याम नाँय बोलै, क्यूं लाला टूट पर्यौ झटोले। कि तो कूं कौने दीनी गार, कि तोकूं आवत ताव बुखार। बताय दे मेरे प्राण आधार।

(दोहा) – ना काहू गारी दई, ताव न आवत मोय। छल कर गई चंद्रावलि, कहा बताऊं तोय।। अपने लाल के चार ब्याह देऊं, घर चल मदन गुपाल।। चंचल० समद बहाऊं मैया चार बौहरिया, मेरे मन बसी चंद्रावलि गुजरिया। कही माता नैंक मो ढिग आउ, तोय छल गई, तूं बांय छलवाउ। चल्यौ तू रीठौरे कूं जाउ।

(दोहा) – इतनों सुनि कें श्याम नें, सखी भेष लियौ धार। लहंगा फरिया पहिर के, कर सोलह श्रृंगार।। चलत कमर बल खाय, बन गई नव नौरंगी बाल।। चंचल० तुरत श्याम बन गये जनाने, जसुदा नैं प्रभु नाँय पहचाने। उराहनौ दैन लगे घनश्याम, सामरी सखी बतायौ नाम। तुम्हारौ छोड़ जाँयगी गाम।

(दोहा) – जसुधा नैं पहचान कैं, लीने कंठ लगाय। माता आज्ञा पाय कै, रीठौरे गये आय।। चंद्रावलि कौ घर पूछत, सखियन तें दीन दयाल।। चंचल० चंद्रावलि घर यही डगरिया, ऊंची अटरिया, जामें लाल किवडिया। पहुंच गये चंद्रावलि के द्वार, खोल बहैना नेक झझन किंवार। द्वार पै कब की रही पुकार।

(दोहा) – चंद्रावलि कहिबे लगी, सुनौं सखी सुकुमार। कहाँ ते आई नाम कहा, सो मुख ते उच्चार।। कहा लगै नाते में आली, कह दे सांचौ हाल।। चंचल० चंद्रावलि सुन सांचे बैना, पीहर तें आई लगूँ तेरी बहना। कहै यूं चंद्रावलि समझाय, खिलाई गोद न जन्मी माय। कहां ते बहिन गई तू आय।

(दोहा) – चंद्रावलि तें सामरी, सखी लगी यों कहन। मामा फूफी की दोऊ, हम तुम लागें बहन।। व्याह तोरे में मोय सासुरे भेज दई तत्काल।। चंचल० मिलत बहन दोऊ भुजा पसारी, चंद्रावलि ने गिरा उचारी। कहत में लगै लाज बानी, लगैं तेरी छाती मरदानी। सामरी सखी कहै स्यानी।

(दोहा) – तेरी बहना निश दिना, करत रहत थी सोच। सोच करत में है गई, छाती मेरी पोच।। तेरे देखे बिना बहन मैंने पायो दुख विकराल।। चंचल० चल री बहन पानी भर लायें, दोनों बहन पानी कूँ जामें। अचंभौ भयौ सखी मोय आज, कहत में आवे मोकूँ लाज। मरदई चलै चाल तूं भाज।

(दोहा) – बालापन में बछरूआ, घेर चराई गाय। वही लकब मो पर रहो, सुन बहना चित्त लाय।। चाल मेरी मरदानी पै, तूं मत कर रो ख्याल।। चंचल० चलरी बहन तोय उबट न्हावाऊं, तेल सुगन्धित इतर लगाऊं। सामरी सखी जोर कर

हाथ, मेरे घर सैड़ सीतला सात। सुनी बुढिया पुरान में बात।

(दोहा) – जो बहना न्हावो मती, भोजन करौ अघाय। सखी सामरी प्रेम तें बड़े–बड़े ग्रासन खाय।। खीर खांड पकवान मिठाई, छके अनेकन माल।। चंचल० कहत सुनत मो शरम लगत है, मरदाने तूं कौर भरत है। सामरी सखी करै अरदास, मेरे घर में लड़हारी सास। देर जो करूं, देय दुख त्रास।।

(दोहा) – भोजन कर बीड़ा दई, अब है आई रैन। पचरंग पलंग बिछाय कै, करौ सेज सुख सैन।। चरन पलोट में पिंडरिन की लगै खरदरी खाल।। चंचल० तेरे विरज को लोग ठठोरा, कहा बूढौ कहा ज्वान छछोरा। बताय दई ऊभट मोकूँ बाट, जहाँ काँपे करील के ठाट। छिलो पिंडली लंहगा गयौ फाट।

(दोहा) – सोलह सिंगार उतार के, पीताम्बर लियो धार। चंद्रावलि चकित भई, करन लगी बलिहार।। मैं तोय लाला जब ही जान गई, पर्यौ लखाई जाल।। चंचल० को तेरी बहिन को बीरा, तूँ गूजर हम जात अहीरा। दधि कूँ तू छलि आई मोय, छली वा कारन मैंने तोय। परस्पर बदलो जग में होय।

(दोहा) – चंद्रावलि लीला करी, प्रेम भरी घनश्याम। गोवर्धन दसविसे में द्विजवर 'घासीराम'।। घासीराम जुगल छबि निरखत, भये निहाल–निहाल।। चंचल०

339. हँस के माँगे चंद्रावल्नि हमारी दे देओ आरसी। मनसुख ने मुख देखन लीनी। हाथन में चलती कर दीनी। करी कछु ऐसी वाने चाल, कि देखत रह गई सब ब्रजवाल। लाय के दीनी तुम्हें गुपाल।।

(दोहा) – दीनी तुम को लाय के, दीजै हमें गहाय। बिना आरसी जाउंगी, घर में सास रिसाय।। घर में सास रिसाय होत दीखै तकरार सी। हँस के माँगे०।। तोय तो ग्वालिन चढ़ रही सेखी। नांहि आरसी मैंने देखी। चोर मनमुख ने कब कर लई। लाय के मो कूं कब उन दई। आरसी दार अनोखी भई।।

(दोहा) – तुही अनोखी आरसी, बृज में पहिरन हार। जीवन ज्वानी जोर में, व्है रही तू सरसार।। व्है रही तू सरसार नार खिल रही अनार सी। हँस के माँगे०।। तुम औढो लाला कम्बल कारो। कहाँ आरसी को परखन हारो। मुकुट मुरली कुण्डल को मोल। मेरी आरसी बनी अनमोल। बोलते क्यों बढ़–बढ़ के बोल।।

(दोहा) – बढ़–बढ़ के बोल मति, जनम चराये ढोर। घर में तें जाय–जाय कें,

खायो माखन चोर।। खायो माखन चांर लाल तुम बड़े बनारसी।। हँस के माँगे०।। चंद्रावलि चतुराई दिखावै। आप शाह मोय चोर बतावै। जाति गूजर दधि बेचनहार। आपनी रही बड़ाई मार। आरसी दऊं मानले हार।

(दोहा) – हार मान के कहेगी, मुख ते जब ब्रजनार। धमकी ते देनों नही, चाहे तु कहे हजार।। चाहे कहे हजार बौल तेरौ कौन सिपारसी। हँसके माँगे०।। चन्द्रावलि मन में मुसिक्याई। तुरत श्याम आरसी गहाई। आरसी दे दीनी नंदनन्द, ग्वालिनी चली मान आनन्द। कृष्ण को बुरी प्रीत को फंद।।

(दोहा) – बुरो प्रीत को फंद, साँचे मन से प्रेंम। प्रेम के बस में होय के, बिसर जाय सब नेम।। "घासीराम" जीत गये मोहन ग्वालिन हारसी। हँस के माँगे चन्द्रावलि हमारी दे–देऔ आरसी।।

340. जमुना किनारे मेरौ गाँव सांवरे आ जइयो। टेक। जमुना किनारे मेरी ऊँची हवेली मैं ब्रज की गोपिका नवेली। राधा रंगीली मेरौ नाम कि बंशी बजाय जइयो।।2।। मल–मल के स्नान कराऊं घिस–घिस चन्दन और लगाउं पूजा करूंगी सुबह–शाम कि माखन खा जाइयो।।3।। खस–खस कौ बंगला बनवाऊं चुन–चुन कलियां सेज बिछाऊं धीरे– धीरे दाबूं मैं पांम प्रेम रस प्याय जइयो।।4।। देखत रहूँगी वाट तुम्हारी जल्दी अइयो कृष्ण मुरारी। झांकी करेगी ब्रजवाम के हँसि के मुस्काय जइयो।।5।। तुम तो फँस रहौ प्रेम हमारौ, खिच्वी कह रहौ आटे बारौ। बाबू खलौफा मेरौ काम नेंक करवाय जइयो।।6।।

341. ग्वालिन करि दै मोल दही कौ मोकू माखन तनक चखाय। सुन गोरी बरसाने बारी, नेंक चखाइ दै माखन प्यारी। आज मानले बात हमारी, मटकी के दर्शन करवायदे, क्यों राखी दुबकाय।।1।। नाय तौ आज समझले मन में, काऊ दिन हाथ परैगी बन में, कसर निकारूं छिन में। लकुटि मार फोरि दउं मटकी। लउंगो दान चुकाय।।2।। साँच समझलै नाहैं धोखौ, जा दिन मेरो लग जाय मोखौ, दही तेरो बिकवाय दऊं चोखौ, चोरी करें आज तेरे घर पहले दऊं जताय।।3।। पनघट पे भरवे जाय पानी, मोय तेरी गागरि लुढकानी। यही हमारी रीति पुरानी, अबहुँ समझि कृष्ण समझावै, फिर पाछें पछताय।।4।।

342. मैंया जब मैं घर से चलूं बुलामें घर में ग्वालिन मोय। अचक हाथ को झालौ देके मीठी बोलें देवर कहि कें। निधरक हैं जाय सांकर देकें।

(दोहा) – झपूट उतारें काछनी, मुरली लेंय छिनाय। मैं बालक ये धींगरी मेरी कहा बसाय। आपहुँ नाचैं मोय नचावैं कहा बताउं तोय।।1।। मैं भोरौ ये चतुर गुजरिया। एक दिन ले गई पकरि उंगरिया। फूटी सी याकी राम कुटरिया।

(दोहा) – धरी मटुकिया मो निकट, माखन की तत्काल। माखन दूंगी घनौ सौ, चींटी बीनौ लाल।। मैंने याकी चींटी बीनीं, ये पति संग गई सोय।।2।। एक दिना पनघट पै मैया, मैं बैठो एक द्रुम को छैया, ढिंग बैठ्यौ बलदाऊ भैया।

(दोहा) – लै पहुँची वहाँ गागरी, रिपटी याको पाम। मेरे गोहन पड़ गई, धक्का दीनो श्याम।। गुलचा देदे लाल गाल किये मैं ठाड़ौ रह्यौ रोय।।3।। तेरे मुंह पै करे बडाई, बाहर निकसते करें बुराई। ऐसी ब्रज की ढीट लुगाई।

(दोहा) – इन कौ पतियारौ करे, मैं झूठौ ये शाह। चोर नाम मेरौ धरौ, हो न दैंगी व्याह।। मोते इन नें ऐसी कीनी जैसी कहै न कोय।।4।।

343. अरे माखन की चोरी छोड़ कन्हैया मैं समझाऊँ तोय। बरसाने तेरी आई सगाई नित नई चरचा होय। बड़े घरन की राजदुलारी नाम धरैगी तोय।। अरे माखन की चोरी० मोते कहें मैं जाऊँ गइयन पै रहौ खिरक मैं सोय। काउ ग्वालिन की नजर लगी या दई कमरिया खोय।। अरे माखन की चोरी० माखन मिश्री लै खाने कूं क्यों है सुस्ती तोय। या तो बंशी नई मंगाय दऊँ कहि दै कान्हा मोय।। अरे माखन की चोरी० नौलख धेनु नंद बाबा के नित नयौ माखन होय। फिर भी चोरी करत श्याम तैने लाज शरम दई खोय।। अरे माखन की चोरी० व्रजवासी तेरी हंसी उड़ावें घर–घर चर्चा होय। तनक दही के कारन लाला लाज न आवै तोय।। अरे माखन की चोरी०

344. ग्वालिन मत पकरे तू बैंया। मेरी दुखै नरम कलैया, मैने तेरौ माखन नहीं खायौ, अपने घर के धोके आयो, मटुकी तै नाँय हाथ लगायौ। आज छोड़ी दे सौगन्ध खाऊँ, तेरी लऊँ बलैयां।।1।। ग्वालिन० खोली किबरिया तू गई पानी, भूली भई

अब क्यों पछतानी। मोते कर रही ऐंचातानी, झूँठो दोष लावे मेरौ। तेरी घर में घुसी बिलैयां।।2।। ग्वालिन० आज छोड़ी दे सौगन्ध खाऊँ फेरी न तेरे घर में आऊँ। नित्य तेरी गागर उचवाऊँ। बेगी छोड़ी दे देर है रही बोल रह्यौ बलभैया।।3।। ग्वालिन० तोकूं नैक दया न आवै, मो सुधे को दोष लगावे। घर बुलाय के चोर बनावै। वाट देखते होंय सखा सब, दूर निकसि गई गैया।।4।। ग्वालिन०

345. हरि ने चन्द्रावलि छलिवे को मोहिनी रूप बनायौ है। नैनन सुरमा हरि लगायौ, मुख भरी के ताम्बुल चबायौ करी सोलह श्रृंगार रति कौ रूप लजायौ है।। हरि ने०।। मात जसोदा के ढिंग आये, मीठे–मीठे वचन सुनाए, तेरौ लाल करै ठिठोली, कह बतरायौ है।। हरि ने०।। तू गुजरी मस्तानी डोले, झूठ वचन मुख ते क्यों बोले, मेरौ लाल उमर को बारो, तोऐ यौवन छायो है।। हरि ने० हँस गये कान्हा मात बलिहारी, मैया मेरी भोरी भारी चन्द्राबलि छलि गई छलन हित मन हुलसायौ है।। हरि ने०। बरसाने मन मोहन आयो, चन्द्रावलि घर पतौ लगायौ, "घासीराम" उस्ताद जाहिं तैरे घर लायौ है।। हरि ने०।

मिश्रित पद

346. खातिर कर लै नई गुजरिया, रसिया ठाड़ौ तेरे द्वार। ये रसिया तेरे नित्य न आवे, प्रेम होय जब दर्शन पावै, अधरामृत कौ भोग लगावै। करी महमानी अब मत चूके, समय न बारम्बार।। खातिर करलै ० हिरदै की चौकी करि हेली, नेह कौ चन्दन चरचि नवेली, दीक्षा लै बनी जैयौ चेलौ। पुतरिन पलंग बिछाय पलक की कर लै बन्द किवार।। खातिर करलै० जो कछु रसिया कहै सौ करियौ, सास ननद को डर परिहरियो, सोलह कर बत्तीस पहरियौ दे–दे दाम सूम की सम्पत्ति, जीवन है दिन चार।। खातिर करलै० सब ते तोरी नेह की डोरी, जमना पार उतर चल गौरी। निरधक खेल्यौ करियौ होरी। "श्याम" रंग चढ़ी जाए जा दिना, है जाय बेड़ा पार।।खातिर करलै०

347. नव हि अंग श्रृंगार के होरी चोरी दान। छलय करन रति बन–गमन बिरह मिलन अरू मान।।

होरी (फाग) – गृह को ने जातन रह्यो परे अगोने पांव।
नित होरी के खेल में, चित्त–चोरी को चाव।।1।।
बरसाने नंद गांव अति। उमंग दल दूहू ओर।
समर खेत संकेत में, आज फाग जुध जोर।।2।।
ढोलक ढोल मृदंग बाजे, मुरली ढप सहनाय।
गहगड गान धमार सुनि, रह्यो कुलाहल छाय।।3।।
उड गुलाल आंधी पहल डफ गरजन अभिराम।
रंग धार बरसन लगी गौर घट और श्याम।।4।।
मची दुहुन में फाग इत, राधे उत नंद लाल।
जमुना घर, गिर तरू लता, खग मृग भरे गुलाल।।5।।
लाल भई सब देखियत घुमड़्यो गगन गुलाल।
मनु दम्पति अनुराग को डार्यो ब्रज पर जाल।।6।।
रोकत घूघंट ओट सों, मुरि तिय पिचकी धार।
यह बचावनि देख उत, बचत नहीं रिझवार।।7।।
पट छूटत, छूटत नहिं, रहे खेल रस भोय।
हार टूट पायन परत, हार न मानत कोय।।8।।
"नागरिया" गति रीझ की, क्यूं हू जात कही न।
दम्पति फाग बिहार रस, भयो लीन मन मीन।।9।।
सुध बुध सब ही हर लई, मन मोहन मुस्काय।
ए दइया कैसी बनी, लागी बिरह बलाय।।10।।

रसिया नागनाथ लीला

348 निर्मल जमुना जल करिबै कूँ, प्रभु ने नाथों काली नाग।। ग्वाल बाल सब सखा बुलाये, नाँनाँ भाँतिन ख्याल रचाये।। गेंद में मारी टोल घुमाय, उछर जमना में पहुँची जाय। सखा श्रीदामा गयौ रिस्याय।।

(दोहा) – श्रीदामा रिसियाय कें, कही कृष्ण ते आय। जमुना में ते जायकें, दीजे गेंद गहाय।। यों मत जानें बिना गेंद दिये, घर को जाऊँ भाग ।। निर्मल०।। छोड़ फेंट श्रीदामा मेरी, घर चल गेंद दिवाय दऊँ तेरी। कहें यों श्रीदामा

झुँझलाय, मेरी तो वही गेंद दै लाय। ठाडौ क्यों बातें रह्यौ बनाय।।

(दोहा) – इतनी सुनकै श्याम नें, नटवर भेष बनाय। लै भैया मैं जात हूँ, घर मत कहियो जाय।। ठाड़े रहियों जमुना तट पै, मत जइयो मोय त्याग।। निर्मल०।। दह में कूदे कृष्ण मुरारी, सोवै नाग सहस फन धारी।। कही नागिन ने यों समझाय, गयौ तू बालक कहाँ ते आय।। खबर मेरे पति कूँ पर जाय।।

(छन्द) – आयौ, कहाँ ते, जाय कहाँ, यह भेद मोय बताइयै। कहा नाम और कहा गाँम है, को मात तोकूं जाइयै। बोले हैं बोल कुबोल तौते, कै घर नार रिस्याइयै। डस जायगौ जागत पति, या सौं बगद घर जाइयै।।

(दोहा) – जा तू बालक बगद के, मैं समझाऊँ तोय।। सूरत तेरी देख के, दया लगै है मोय।।जो डस जावै नाग, तेरे घर को बुझ जाय चिराग।। निर्मल० कृष्ण कहै सुन नागिन प्यारी, जगा नाग अपनों बलधारी। कहा धमकी सो रही, दिखाय, नाग कूँ क्यों ना देत जगाय। रही जा के ऊपर गरवाय।।

(छन्द) – देश पूरव गाँम गोकुल, नाम मम नन्दलाल है। बालक मती जाने मुझे, तेरे नाग को अतिकाल है। बोले न बोल कुबोल, मोते ना लड़ी घर बाल है। झूलें हिंडोला राधिका, तेरी नाग डोरी डाल है।

(दोहा) – डोरी डारू नाग की वृन्दावन के माँहि। नाथूँ काली नाग कूं अब भगवे को नाँहि।। अब भगवे को नाँहि, भगूँ तौ, कुल कूँ लग जाय दाग।। निर्मल०।। नागिन ने जब नाग जगायौ, दई फुंफकार क्रोध करधायौ। लपेटा तन में दै लीनों, कृष्ण कूं उछरन नाँय दीनों। सोच सब ग्वाल बाल कीनों।।

(दोहा) – ग्वाल बाल रोवन लगे, चले नन्द पे धाय। तेरौ लाला सामरौ, दह में कूदौ जाय।। कहा सौवै सुख की नींद रे बाबा, जाग जाग उठ जाग।। निर्मल०।। नन्द जसोदा रोवन लागे, गोकुल तज जमुनाजी कूं भागे। सकल ब्रज धाय रह्यौ जमुना तीर द्रगन ते बहै सबन के नीर। कृष्ण बिन धरे न मन में धीर।।

(दोहा) – जमुना में कूदे परें, ग्वाल रहे समझाय। उतमें अपनी कृष्णनें, दीनी देह बढ़ाय। खुलन लपेटा लगे वदन के, उठन लगे जल झाग।।निर्मल०।। नाग नाथ जल ऊपर आये, कमल पुष्प कंसा कूं लाये। दरश ब्रजवासिन कूं दीनों, नृत्य

फन–फन ऊपर कीनों। देख नागिन दुर्लभ जीनों।

(दोहा) – दुर्लभ जीनों देख कें, अस्तुति करें बनाय। प्रान दान याहिं दीजिये, कहूँ वचन सिर नाय।। क्षमा करौ अपराध पति कौ, राखौ मेरौ सुहाग।। निर्मल ०।। कृष्णचन्द्र नागिन समझाई, ब्रज कूं छोड़ अनत रहौ जाई। नाग कहै सुनों गरीब निवाज, गरूड से बैर परौ महाराज। छोड़ ब्रज कहाँ कूँ जावें आज।।

(दोहा) – गरूड़ बैर तोते तजौ, निर्भय जाओ देश। चरण चिन्ह् तेरे पर्यौ, मिट गये सकल कलेश।। "घासीराम" देवतन के मन, बढ़ी अधिक अनुराग। निर्मल जमुना जल करिबे कूँ, प्रभु नें नाथौ कालीनाग।।

चीरहरण लीला

349 कोई लै गयौ चीर हमारे, जुलम कर डारे। अपने–अपने वस्त्र खोलकें, पारन पर हम धर दीने। सब गोपिन नें जुरमिल कें, धस जमुना में गोता लीने।। उछरत चीर लखे नहीं गोपी, जमुना तीर किनारे ।।जुलम०।। देखत चारों और गोपिका, कोई नजर नहीं आयौ। होकर नागिन खड़ीं जमुना में, निज मन सोच बहुत छायौ।। नहीं कोई मनुष्य नहीं कोई बन्दर, कौनें बादर फारे। जुलम०। मन्द–मन्द मुस्काय कदम पै, बैठ देख रहे बनवारी। ताही समै बजाई बंशी चोंक पड़ी सब ब्रजनारी। देखौ सखी कदम पै, तौकूँ धन्य मोहना प्यारे।।जुलम०।। धन्य–धन्य महाराज आप कूँ, धन्य–धन्य बंशी धुन कूँ।। दीजै चीर गहाय, नहीं गुन बसे जाँय तुम्हारे।।जुलम०।। मदमाती तुम भई गुजरियां, क्यों इलजाम लगावत हौ।। यह तो फूल्यौ कदम हमारौ, या कूँ चीर बतावत हो।। कैसे चीर नाँय हम देखे, धौरे पीरे कारे ।।जुलम०।। चोर चोर कें लूट–लूटकें, खायौ दही बिरानों है। ताहू पै तेरौ पेट भरौ ना, सीखौ चीर चुरानों है।। मात जसोदा पिता नन्द के, कैसे नाम निकारे।।जुलम०।। तुम्हें नाम ते कहा सखीरी, वस्त्र अपने लै जाऔ। जलाते होय के न्यारी प्यारी, एक–एक मो ढिंग आऔ।। गिन–गिन कें दऊं चीर तुम्हें, जब आऔ बदन उघारे।।जुलम०।। नगिन स्त्री–पुरूष न देखें, वेद–शास्त्र सब यह गाई। कहें कंस ते जाय अभी हम, निकर जाय जब ठकुराई।। मारन नाँ निकरन दे मोहन, पनघट गैल गिरारे।।जुलम०।। कौन शास्त्र तुम पढ़ीं नगिन है कें जल में न्हाई प्यारी। जल कौ राजा वरूण देव हैं, दोष लग्यौ है अति

भारी।। कंस बिचारे से मैंने कितने, तहस नहस कर डारे।। जुलम०।। हैकें अति आधीन सखी सब, जलते बाहर चल दीनी। और उपाय भयौ नहीं कोई, ओट भुजन की कर लीनी।। दासी बनकें चीर माँगती, दीजै नन्द दुलारे।।जुलम०।। एक बात में कहूँ री सखी री, राखियों याद अपने मन में। शरद रैन के मध्य करूँ, लीला निज बृंदाबन में।। चीर हरन लीला कहें "घासीराम" गोरधन बारे।।जुलम०।।

गौचारण लीला

350. जसुदा मैया खोल किबरिया, लाला आयौ गाय चराय। जसुदा मैया करत, आरती, फूली नांय समाय। हँस–हँस लेत बलैया मैया, बार–बार बलि जाय।। जसुदा० खिरक खोल गैया कर दीनीं, बछरा रहीं चुखाय। कारी कमर धौरी घूमर कौ रहे दूध दुहाय।। जसुदा० दूध दुहाय कहें मनमोहन, मांखन दै मेरी माय। सदलौनी यौ होय सबेरें, खाओ खूब अघाय।। जसुदा० इतने में एक सखी सामरी, टेरत पहुंची आय। तुम बिन देत न दूध हमारी गैया रही रम्हाय।। जसुदा० सखी सांमरी की मोहन नें जाय दुहाई गाय। आधौ दध काढ़ धौनी में, आधेऐ गये चढाय।। जसुदा० देख दूध धौनी को मन में सखी गई मुस्काय। "घासीराम" घनश्याम लालानें लीयौ भोग लगाय।। जसुदा०

351. कर लै, धरम धार लै धीरज, सब धन धर्‌यौ धरन रह जायगौ। पियौ नहीं प्रेम सुधा–रस छान, कियौ नहीं साधुन कौ सनमान।। दियौ नहीं विप्र जनन कूँ दान।। (दोहा) – दान न विप्रन कूँ दियौ, सौ धन धूर समान। वा घर कूँ ऐसै गिनों, जैसे भूत समान।। जैसे भूत समान, अन्त में नीच वरण रह जायगौ। करौ तुम गोविन्द को गुणगान, धरौ तुम राधाकृष्ण कौ ध्यान।। परौ तुम परमारथ में आन।।

(दोहा) – परमारथ की प्रीति कूं, परम पदारथ मान। हरि के हेत लगाय धन, सो सच्चौ धनवान।। सो सच्चौ धनवान, जगत में नाम करन रह जायगौ। क़रलै० धर्म ते मिलै जो धन संतान, कर्म से मिलें मोक्ष कल्यान। नर्म सो मिलै नमो नारान।

(दोहा) – नमो नारायण मिलेगें, निश्चय करके जान। धर के ध्यान निहार लै, भक्तन बस भगवान।। भक्तन बस भगवान, सुयश कौ परम नाम रह जायगौ।

करलै०। भयौ मतिमन्द मूढ़ नादान।।

(दोहा) – नादानी कूँ छोड़ि कें, कर प्रभु ते पहिचान। छूटै आवागमन सों, पावे पद निर्वान।। 'घासीराम' कृष्ण के छीतर चरन शरन रह जायगौ। करलै०

मोर ध्वज लीला

352. अर्जुन और कृष्ण मुरारी, तपसी कौ भेष लियौ धारी। दो संत बने हैं आला, शिर जटा गले में माला।। कमण्डल हाथ, बगल मृगछाला, संग में केहर मतवाला।।

(झड़) – गये भूप के धाम, कह्यौ सियाराम, भूख हम लागी। हम सूने मोरध्वज, भूप भक्त बड़भागी।। दरबारी ते कही, खबर राजा ते करौ हमारी।। तपसी० सुन टेर चल्यौ दरबारी, बोल्यौ राजा ते बानी। दो संत खड़े निरवानी, संग में केहर अगवानी।।

(झड़) – चलौ आप सरकार, छोड़ दरबार, याद तुम्हें करते। तुम चल कें दर्शन करौ, संत हैं रमते। सुनकें आतुर चाल्यौ, आप राजा ने अरज गुजारी।। तपसी० सुन भूप ह्रदय हरषायौ, महलन तें दौड़ौ आयौ। आसन जल्दी बिछवायौ, फिर ऐसे वचन सुनायौ।

(झड़) – जो कछु होय दरकार, करूँ सत्कार आप फरमाऔ। जो इच्छा के अनुसार, कहौ सोई पाऔ।। कहर कूं भोजन मंगवाऊँ, इच्छा होय तिहारी।। तपसी० क्षुधा नें हमें सतायौ, दिन तीन अन्न नहिं खायौ। केहरि ने अति दुख पायौ, बिन अहार ये घबरायौ।।

(झड़) – चीरौ रतन कुमार, करौ दो फार, सिंह जब पावै। रानी ते पूछौ जाय, क्यों देर लगावै।। हम हैं रमते राम हमें जानौ है बहुत अगारी।। तपसी० सुन भूप महल में आये, रानी कूं बचन सुनाये। दो संत द्वार पे आये, तिन ऐसे बचन सुनाये।।

(झड़) – चीरौ राजकुमार, करौ दो फार, सिंह जब पावै। सुत चीरत में इक न आंसू, गिरन न पावै।। धर्म तुम्हारे साथ, सोच तुम मन में लेओ विचारी।। तपसी० अपनौ मन करकें गाढौ, कियौ बीच कुँवर कूँ ठाड़ौ। रानी राजा लियौ आरौ, सुत कर दियौ न्यारौ–न्यारौ।।

(झड़) – चीरौ रतन कुमार, करी दो फार, हियौ जब फाटौ। रानी इक आँसू गिरौ

डटो नहीं डाटौ। बैठे आसन मार, सन्त रानी की दशा निहारी।। तपसी० सुन राजा वचन हमारौ, इक फार सिंह कूँ डारौ। दूजे कूँ आप सम्हारौ, ढ़क देऔ रहै न उघारौ।

(झड़) – धरौ महल में जाय, हूँ समझाय, बात सुन लीजै। अब पत्तर लाऔ पाँच की पंगत कीजे।। घर ठाकुर को भोग, फेर भोजन की करौ तैयारी।। तपसी० मेरे संदेह यही है, राजा कर जोर कही है। स्वामी कहौ सही सही है, पाँचई पत्तर किस की है।।

(झड़) – कुँवर महल रह्यौ सोय, नींद में मोय कि हेला मारौ। पाँचई पत्तर पै आवै कुँवर तिहारौ।। भूप दई आवाज महल ते आयौ कुँवर हजारी।। तपसी० धन–धन प्रभु भाग्य हमारे, महलन में आप पधारे। भये लोचन सफल हमारे, नारायण नैन निहारे।

(झड़) – गोवर्द्धन शुभ धाम, व "घासीराम" नाम है मेरौ। तुम जानों बड़ौ बजार मुहल्ला खेरौ।। रखी भूप की लाज कि भैया राधेश्याम बिहारी।। तपसी०

353 मेरे बारौ सौ कन्हैया काली दह पै खेलन आयौ री। ग्वाल बाल सब सखा संग में गेंद कौ खेल रचायौ री।।1।। काहे की पट गेंद बनाई और काहे कौ डण्डा लायौ री।।2।। रेशम की पट गेंद बनाई और चंदन डण्डा लायौ री।।3।। मारी टोल गेंद गई दह में, अरे गेंद के संगई धायौ री।।4।। नागिन जब ऐसे उठि बोली, क्यों तू दह में आयौ री।।5।। कै तू लाला गैलि भूल गयौ, कै काहूने बहकायौ री।।6।। कैसे लाला तू यहाँ आयौ, के काहूने भिजवायौ री।।7।। नागिन नाग जगाय लै अपनौ, वाही की खातिर आयौ री।।8।। नाय जगाये तो फिर कह दे, ठोकर मारि जगायौ री।।9।। हुआ युद्ध दोनों में भारी, अंत में नाग हरायौ री।।10।। रमणदीप को नाग भेज दियौ, फन पै चिन्ह लगायौ री।।11।। "घासीराम" ने रसिया रचि कै, भर दंगल में गायौ री।।

मणिहारी व अन्य लीला

354 बन गये नंदलाल लिलहारी, लीला गुदवाय लेऊ प्यारी। लहंगा पहर ओढ़ सिर सारी जी। अंगिया पहरी जापै जड़ी किनारीजी। शीश पै शीसफूल बैना, लगाय लियौ काजर दोऊ नैना। पहर लियौ नख शिख सो गहना।

(दोहा) – नख शिख गहनों पहरकें, कर सोलह सिंगार। बलिहारी नंद–नंद की, बन गये नर सों नार।। शीश पै लिख दै श्रीगिरधारी जी। माथे पै लिख मदन मुरारीजी। द्रगन पै लिख दै दीनदयाल, नासिका पै लिख दै नंदलाल। कपोलन पै लिख कृष्णगुपाल।।

(दोहा) – श्रबणन पै लिख सांवरो, अधरने आनन्द कन्द। ठोड़ी पै ठाकुर लिखौ, गल गोकुलचन्द। छाती पै लिख छैल, दोऊ बाहन पै लिखौ बिहारी। बन गये० हस्तन पै हलधर जी को भैयाजी। अंगुरिन में आनन्द करैया जी। पेट पै लिख दै परमानन्द, नाभि पै लिख दै तू नंद–नंदन, जाँघ पै लिख दै जे गोविन्द।

(दोहा) – घोंटुन में घनश्याम लिख, पिंडरिन में प्रतिपाल। चरनन में चितचोर लिख, जगपति जै गुपाल।। रोंम–रोंम में लिखौ रमापति, राधावर बनवारी। बन गये० लीला गोद प्रेम जस आयौजी। तन मन कौ सब हौश गंवायौजी। खबर झोली झंडा की नाँय, द्यरन पै चरन नाँय ठहराय, सखी सब देखत ही रह जांय।

(छन्द) – देखत सखी सब रह गईं, झगड़ो निरख कर फंद कौ। बीसों बिसे दीखैं सखी, छलिया है ढोटा नन्द कौ। अंगिया में बंशी छिप रही, श्रीराधे ने लई निकारकें। हे प्यारे हे प्यारी कही भैटे हैं भुजा पसार कें।। "घासीराम" जुगल जोड़ो पै, बार–बार बलिहारी। बन गये नंदलाल लिलहारी, लीला गुदवाय लेउ प्यारी।।

355. ढोटा, नन्दनन्दन ब्रजचन्द्र, भेष धर लियौ सुनारी कौ। नख सिख सों बन गये जनाने। पहुँचे जाय तुरत बरसाने, लेऊ कोई बिछुआ ब्रज की नार, सुनें प्रीतम इन की झनकार। खैंच कै मनकूँ लेय निकार, भरौ है ऐसौ जंत्र अपार।।

(दोहा) – जंत्र भरे बिछुआन की रही बढ़ाई मार। पनघट मारग कौन ले, बेचौं हाट बजार।। गैल गिरारे नाँय कोई गाहक, वस्तु तुम्हारा कौ। ढोटा०।। सब गहनों मेरौ रतन जड़ाऊ। हाट बजारन नाय बिकाऊ।। कौन जानें गहने की सार, परख कोई करें, राज दरबार। सखी एक बोली सोच विचार, चपल चंचल तू सामल नार।

(दोहा) – कारेन की परतीत ना, कारौ नन्द कुमार। वाही की तू मिलनिया, वाही की उनहार। कबहू ना विश्वास करें, कारे नर नारी कौ। ढोटा०।। चली सुनारी

संग सखियन में। पहुँची प्यारी के महलन में।। पाँव लग बैठ गई हरषाय, कहि राधे जु नें समझाय। कहा लाई सो हमें दिखाय, तेरौ सब माल मता बिक जाय। (दोहा) — डिब्बा को खोलन लगौ, प्रेम प्रभाव सुभाव। प्यारी जी तुम पहरिये, गहने रतन जड़ाव।। सुनकें आई नाम, दूर ते राधा प्यारी कौ।। ढोटा०।। शीश फूल बेंदनी धराई। श्रवण झूमका नथ पहराई।। नार हँसली हमेल हिय हार। बरा बाजूबन्द देत बहार। ककनियाँ गजरे पहोंची डार, आरसी मुदली छल्ला चार।। (दोहा) — कड़े छड़े लच्छे पड़े, जड़े श्याम पुखराज। बिछुआ पहरे बाजने, कोट काम गये लाज।। सब गुन खिलौ सुहाग, श्रीवृषभानु दुलारी कौ। ढोटा०।। लै दरपन राधा मुसुक्याई। ललिता कूँ ऐसे समझाई। ये गहने लाई रूचिर बनाय, होय सब सौदा लेऔ मुल्याय। जो माँगे सो तुम देऔ गहाय, लई गठारी ललिता खुलवाय।।

(दोहा) — गठरी के गहनेन में, बंशी पर गई हाथ। नाँय सुनारी ये भटू, ढोटा गोकुल नाथ।। देखौरी देखौ बहना, छल छैल बिहारी कौ।। ढोटा० कोई लियौ चीर कौई लई चोली। कोई मुख गुलचा दै हँस बोली।। काउनें फेंटा दियौ बँघाय, कोई पीताम्बर रही कछाय। छटी जब पुजी जसोदा माय, महूरत कौन घड़ी गयौ आय।।

(दोहा) — भादों की कारी निशा, जन्मे नन्द किशोर। गोरस चोरी छोड़ि कें, अब भये रस के चोर।। सखियन करौ खिलौना, छौना जसुमति दारी कौ।। ढोटा०।। पर गए श्याम सखिन के वश में, प्रेम रसीले है रहे रस में।। प्रेम कौ पायो गरम प्रसाद, प्रेम परसाद में बड़े–बड़े स्वाद। प्रेम में टूट जाय मरियाद, प्रेम चलि आयौ आदि अनादि।।

(दोहा) — प्रेम परीक्षा में गयी, बासर बीत तमाम। मिले परस्पर प्रेमते, भुज भर श्यामा श्याम।। “घासीराम” नाम रट छीतर श्री गिरधारी कौ।। ढोटा०।।

रंगरेजन लीला

356 बन गये श्याम सुघड़ रंगरेजन चुंदर रंगवाय लेऔ प्यारी। पहुँच गए प्यारी की पौरी जी। ललिता खबर करन कूँ दौरी जी।। तुरत रंगरेजन लाई बुलाय, पांय लग बैठ गई हरषाय। (दोहा) — चुंदर चटकीली रंगौ, रंगरेजन सुकुमार। बीच

छबरिया रंगभर, कौने अजब किनार।। खोलपिटारी घरी अगारी, रंगत न्यारी न्यारी। बन गये० स्याह सोसनी सब्ज सिन्दुरी। असमानी अधकट अंगूरी।। कपासी, कन्नेरी, केलई, कपूरी केसरिया कत्थई। पिरोजई प्याजू और पिस्तई।।

(दोहा) – नारंगी और नीबुआ जामिन और जंगाल। खसखासी और खाकिया धानी तूती लाल।। कुसुमरंग कासनी किसमिसी, अगरई अन्नारी।। बन गये० गुलैनार गेरूआ गुलाबी। हारसिंगार अगरजा आबी। सिदली स्वेत सुर्ख जरदई, सबज स्याही सरबति सुरमई। चन्दनी चमकदार चम्पई।।

(दोहा) – बादामी और बैजनी, और बसन्ती रंग। मलागिरी और मोतिया, पचरंगीन प्रसंग।। तोतई जौजई जरद मूँगिया, करदई कोर किनारी।। बन गये० चटकीली चुंदर रंग दीनी। बिहसि राधिकानें धारण कीनी। रूप दरपन में रहा निहार, सखी सब करन लगी बलिहार। बड़ी रंगरेजन अजब हुशियार।।

(छन्द) – चूँदर रंगाई की बड़ाई, मुख करी ना जायगी। दै देऔ न्योंछावर–सखी, बैठी उमर भर खायगौ। मुस्क्याय मनमोहन गए, राधे के लख कें रूप कूँ। पहिचान सखियाँ सब गई, सावल स्वरूप अनूप कूँ।। "घासीराम" जुगल जोड़ी पै, "छीतरमल" बलिहारी। बन गये०

मालिन लीला

357 बन गये मालिन मदन मुरारी, छलबे कूँ राधा प्यारी। नख–शिख श्रृंगार बनायौ, लखि कामदेव सरमायौ।। फूलन को डला सजायौ, बरसाने ते ध्यान लगायौ।। फूलन कौ डला सजायौ, बरसाने ते ध्यान लगायौ।।

(झड़) – नाना भाँतिन के फूल, चुने चिल्लूल, महँक कलियन में। कोई फूल लैऔ री फूल कहत गलियन में।। लै गई सखी लिवाय, जाय कें आदर ते बैठारी।। छलवे कूँ० तू कौन गाम ते आई, को पिता कौन है माई। अपनौ दे नाम बताई, तू सुन मालिन की जाई।।

(झड़) – मम अचल पिता है नाम, है गोकुल गाँम, भक्ति है माता। सामरी सखी मोय कहें, सुनो अन्नदाता।। सुन के तेरो नाम श्रीराधेजी, आई पौर तिहारी।। छलवे कूँ० कहाँ गोकुल मथुरा जानों, कहाँ नंद गाँव बरसानों। तोय का विधि लग्यौ ठिकानों, कैसे भयौ तेरौ आनों।

(झड़) – तिहारे पितृ नृपति वृषभान, सुयश की खान और ठकुराई। राधा कौ नाम रह्यौ है तीन लोक छाई। ऐसे नाम ग्राम की बेटी, जानें सब संसारी।। छलवे कूँ० जानी तेरी चतुराई, तू कहा कहा सौदा लाई। नेक दै तू हम कूँ दिखलाई, तेरी लैंगे वस्तु मुल्याई।।

(झड़) – फूलन के गजरा हार, बने छविदार, गुथाई कीनी। बन्दनी झूमका, कली–कली चुन दीनी।। जो रूचि हो सो लेऔ, मोय आये भई बहुत अबारी।। छलवे कूँ० तू मत कह देरी–देरी, अब सुन लै मालिन मेरी। देहों तोय द्रव्य घनेरी, इच्छा होय पूरन तेरी।।

(झड़) – मैं बड़े घरन की नार, सुनों सुकुमार, लोभ नहीं धन कौ। सौदा मेरौ तुम समझौ, प्रेम रतन कौ। प्रेम प्रभाव चाव को, बनी फिरूँ ब्यौपारी।। छलवे कूँ० फूलन को करै बिकाई, क्यों हमते करत बढ़ाई। तू कहा अधिक इतराई, तेरी सेखी नांय समाई।।

(झड़) – सब सुर नर मुनि लख रहे, बैठ थक रहे, ध्यान में लामें। प्यारी जी ऐसे फूल उन्हें नहीं पामें। वा मोहन कौ बाग बडो है, फूल रही फुलवारी।। छलवे कूँ० मोहन कौ बाग बतायौ, राधा मनमोद बढ़ायौ। महलन में पलंग बिछायौ, आदर कियौ मन भायौ।।

(झड़) – अब आई रैन, करौ सुख सैन, चैन सों रहियै। बतरावें मन की बात, प्रातः उठ जइयै।। भये प्रेम बिबश बनवारी, घर ध्यान लगा गये तारी। लखि गई वृषभान दुलारी, ये छलिया छैल बिहारी।।

(झड़)–जब भेठे भुजा पसार, परस्पर प्यार, मगन भये मन में। मन मोहन मदन मुरार, मिले महलन में। 'घासीराम' नाम के ऊपर छीतरमल बलिहारी।। छलवे कूँ०

जोगिन लीला

358 कान्हा ने जोगिन भेष बनायौ, बरसाने में अलख जगायौ। बरसाने० सिर जटा जूट छबिछाई, श्रवणन मुद्रिका सुहाई। सब अंग भभूत रमाई, मृगछाला बगल दबाई।

(झड़)–गाती कौ गेरूआ रंग, झलक रह्यौ अंग, डार गलसेली। चितचोर चपल बन गये जोगिन अलबेली।। अलख–अलख कहें खोल पलक, फिर सिंगीनाद

बजायौ। बरसाने० राधा की दृष्टि परे है, कर जोर प्रणाम करी है। तू और ही प्रेम भरी है, तेरी सुधि बुधि कौन हरी है।

(झड़) – तू बड़े भूप की कुमर, हे बारी उमर, रूप रंग बरसै। क्यों जोग लियौ, अनुराग दृगन में दर सै। चलरी चल लै चलूं तोय घर, देख हियो हरसायौ। बरसाने० मुख आवै वही बखानों नहीं, जोग जुगति पहिचानो। तपसिन कौ अंत न पानों, मत जोग खिलौना जानों।

(झड़) – हम तन साधें मन मार, करे आहार बीन के बनफल। संसार छोड़ क्यों बसें, गृह स्थिन घर चल। काम क्रोध मद लोभ मोह, इन पाँचन कूं बिसरायौ। बरसाने० है ज्ञान सुघन बलिहारी, हम जोग जगत ब्यौपारी। हे अलख पुरूष आधारी, गिरि बन की बिचरन हारी।।

(झड़) – हम भोजन भूखे नहीं, कहैं हम सही, न इच्छा कोई। बिरमें जहाँ प्रीति, प्रभाव सु आदर होई।। बिना प्रीति आदर के मनुआं, बिरमें ना बिरमायौ। बरसाने० आदर हम करें तुम्हारौ, गहबर बन आप पधारौ। है प्रेम कौ भाव हमारौ, ब्रज में बसि होय निस्तारौ।

(झड़) – हम यहीं करे अरदास, रहौ तुम पास निकट बरसानों। भानोखर न्हानों, सन्तन के मन मानों।। बड़े भाग्य ब्रजवास मिलै जानें लिलार लिखवायौ। बरसाने० रहें ग्राम निकट संसारी, हम वन खण्ड के तपधारी। नित कर्म–धर्म आहारी, हम बसें न पौर तिहारी।।

(झड़) – हम जोग रचें वनखण्ड, है ज्योति अंखड, झलाझल झलके, खड़े सप्तद्वीप नवखंड, जोग तप बलके।। हम हैं रमते राम, ग्राम ग्रेहिन के लिये बतायौ। बरसाने० पृथ्वी सिर शेष सुनी है, सब बस रहें बेश दुनी है। कोई सुनों न ऋषि मुनि हैं, तू तो पर निपुण गुनी है।

(झड़) – तू करै अकहनी बात, नहीं सकुचात, सत्य नहीं बोलै। मन को नहीं खोलै, जोगिन बनकें डोलै।। सामल गात बात तेरी मोय, सुन–सुन अचरज आया। बरसाने० तुमें प्रीति प्रतीत नहीं है, अति अनुचित बात कही है। कहते कछु और रही है, लघु उमर सुता अब ही है।

(झड़) – तुम बैठो घर में जाय, कहूँ समझाय, मिलौ भोगिन सों। प्यारी जी तुम

कूँ काम कहा जोगिन सों।। करौ ज्ञान की बात ध्यान धर, क्यों गुमान सौ छायौ। बरसाने० तन में नाँय दुर्बलताई, मन में न उदासी छाई। तेरी देख चपल चतुराई, सबकौ मन जाय लुभाई।

(झड़) – तेरे चंचल द्रग चितचोर, चले चहूँ ओर, ये मीत परखो। तप लक्षण मैंने एक न तोमें देखौ।। सील स्वभाव सदां संतोषी, साधू बही कहायौ। बरसाने० हम जानत हैं गोपिन की, परख तुम्हें गोधन की। कहा जानों जोगी जनकी, मनकी ओर तप लक्षण की।।

(झड़) – तुम किन गुन करो निदान, नहीं पहिचान, संत की आवै। है दुर्लभ पद निर्वान सहज नहीं पावै।। जोगिन के घर दूर बड़े है पार न किनहूं पायौ। बरसाने० प्यारी नें भुज भर लीनी, बैठार भवन में दीनी। मोय पलिंग देऊ रंग भीनी, मन मिलनी चतुर प्रवीनी।।

(झड़) – करें भूमि पर सैन, संत दिन रैन, यही है रीति। तप मारग तज कें करै, मती अनरीति।। भोगिन है जोगिन बाने कौ कैसौ रूप सजायौ। बरसाने० है बिरज तुम्हारी हीयौ, मैंने अच्छी आदर कीयौ। तुम ज्ञान संत कूँ दीयौ, अवतार कलु ने लीयौ।।

(झड़) – प्यारी ने भुज फिर गही, बात यह करी, खेद मत लाऔ। तुम करौ रैन भर सैन, कहीं न चित लाऔ।।

(छंद) – भई प्रेम बस जोगिन विकल, बैठी जो गहकर मौन है। देखौ सखी पहिचानियों, ये श्याम सूरत कौन है।। पूरन परीक्षा कर लई, लक्षण दिखाई दै गये। सिंगार बदलौ श्याम नें, जोगिन ते जोगी है गये।। "घासीराम" नाम कौ यश कछु छीतरमल नें गायौ। बरसाने०

मनिहारी लीला

359 बन गये नवलनार घनश्याम कि चुरियां पहरौरी प्यारी। लहंगा पहर औढ़ शिर सारी, हिय चौलो अरू पटिया पारी। लट लटकें नागिन सी कारी।।

(दोहा) – नैनन अंजन सारके, बेंदी लई लगाय। सब आभूषण पहरके, चित कूँ रहे चुराय।। बधै रूप मनिहारी को झोली धर लई गिरधारी। बनगये० बादामो हरी लाल गुलजार, सुनहरा दाखी है छबिदार। जडैमा नग दै रहीं बहार।।

(दोहा) – नई–नई चुरियाँ मेरी, लाई हूँ अनमोल। यहाँ कोई गाहक नहीं आई सब ब्रज डोल।। कहै विशाखा राधा सों, इक आई मनिहारी। बनगये० कहीं राधा ने लाऔ बुलाय, सखी इक चल दीनी हरषाय। संग लै आई तुरत लिवाय।।

(दोहा) – राधे नें कही हे सखी, कहा तोपै है माल। सुन सुन्दरी मनिहारी कौ, कर दऊँ तोय निहाल।। सुने प्रेम के वचन खोल, झोली धर दई अगारी। बनगये० पकर कर दाबौ मनिहारी, पीर प्यारी के भई भारी। कहें श्रीराधे बनवारी।।

(दोहा) – राधे ने कही हे सखी, लाल गये मुसक्याय। मिले परस्पर प्रेम सों, लीने कण्ठ लगाय।। "द्विज घासी" कहा कहें, जाऊँ मैं इन पै बलिहारी।। बनगये०।।

बांकडे बिहारी

360 "भजन" बांकडे बिहारी, किनी होरी को तैयारी, उत आयो बृजनारी, इत मदन गोपाल। लाल बृज बाल लाल, ओढ़ रहे श्याम लाल, नँदजी के बाल लाल, उडते गुलाल। आयौ महनो फाग जिनहोने रंग राज, बड़े सखियों के भाग। भगवान संग प्रीत, गोपी अपार कर आयी श्रृंगार, वस्त्र पहनें जरीदार, कोई श्वेत कोई पीत। राधा सुख राशी, संग ललिता विशाखा, चित्र चंपक कलासी, रंग देवी समीप, भाभा सखी आयी, तुम विद्या को ले आयी, चन्द्र लेखा के मन भायी, राग गावत धमार।।

(दोहा) – अष्ट सखिन बिच मध्य किशोरी, खेलन चली श्याम संग होरी। कोई साँवरी कोई अति गौरी कोई अति चंचल कोऊ अति भोरी।। ब्रज बरसानों धाम, जाकि सखी तमाम, आयी नंदजी के धाम, चल करत मलाल। लाल बृज लाल। इत बृजनारी उत नंद को कुमार। रंग किये सब त्यार, सखा लिये बुलाय। मधु मंगल अमानो, मनसुखा मस्तानों, तन सुख दिवानों, श्रीदामा गये आय। नंद को किशोर बड़ो, माखन को चोर, ताक रहो चहूँ ओर, लीनी सैन मिलाय। करत किलोल, बाजन लगे ढ़प ढ़ोल, बोल–बोल मृदुबोल, राग रंग रह्यो छाय।

(दोहा) – शीश मुकुट कर लकुट विराजे, मुख मुरली अधरन पर राजे। कटि करधनी पटुका छबि छाजे, निरखत बदन मदन तन बाजे।। लकुटि को धर, पिचकारी लीनी कर, तामें रंग भर–भर मारी प्यारीजी के भाल। लाल बृज लाल० इत पिचकारी, उत कोडा मारे भारी, पिचकारी भयी भारी, चले रंग के फँवार।

डगर के बीच मची केशर की कीच, सखी रही चक भीज, बाङ्यौ रंग अपार। राधे देई टेर, लेवो मोहन को घेर, सखियाँ भई सब शेर, गहे नंद के कुमार, मुरली छिनाय। वस्त्र दिये पहराय, सखी सांवरी बनाय, सब किये श्रृंगार।

दोहा–मगन महेश शेष गुण गावें, सुर नर मुनि दर्शन को आवें। सनकादिक जाको पार न पावें, जय–जय करत सुमन बरसावे। ब्रह्मा, शिव ध्यावे, जाको पार न हावे। वाको गोपियाँ नचावें दे दे गुलचा गाल।। लाल बृज लाल।।

.361 बोली सखी सब, फगुवा लेगी तोसे अब, घर जाने देगी तब, सच सुनलें तू कान। नन्द को दुलारो बोल्यो प्यारी जी सुप्यारी, हूँ तो रजियाँ तीहारो, सब सखियाँ सुजान। प्रेम के बस नहीं सके निकस, बेद पुराणों में जस, नव रस भगवान, मिट गये द्वन्द, गावे होरी के ये छन्द, लीला किनी बृजचन्द, राखे सखियों का मान।

(दोहा) – श्रीकृष्ण की लीला वरणे, सब सखियाँ गयी तेरे शरणै, भेरी मृदंग झाँझ डफ बजने तेरो निजदास, दिये बृंदाबन को बास, श्रीकृष्णजी की आस, बन रहो इनके दास।। लाल बृज लाल०।।

आचार्य चरण द्वारा ग्रन्थ – प्रणयण

श्री मदाचार्य चरणों ने पृथ्वी परिक्रमा के समय भक्ति और वैष्णचार के उपदेशक अनेक ग्रन्थों की रचना की। आपने वेद–भगवद्गीता – ब्रह्मसूत्र और श्रीमद्भागवतादि प्रमाणों के आधार पर साकार ब्रह्मवाद के सिध्दांतो का प्रकाशन भाष्य ग्रन्थों में किया और श्रीमद्भागवत पर सुबोधिनी नामक सुमधुर गंभीर व्याख्या प्रकट की। काशी के हनुमानघाट पर सं. १५८७ के अषाढ़ सुद ३ को आपने आसुर–व्यामोह लीला की। आपश्री गंगाजी में प्रविष्ट हुए और सभी के देखते देखते एक तेजों पुंज सूर्य में समा गये।

षोडशग्रन्थ

१ यमुनाष्टकम्
२ बालबोध
३ सिध्दांतमुक्तावलि
४ पुष्टिप्रवाहमर्यादा
५ सिध्दांतरहस्य
६ नवरत्न
७ अंतकरणप्रबोध
८ विवेकधैर्याश्रय
९ कृष्णाश्रय
१० चतु:श्लोकी
११ भक्तिवर्धिनी
१२ जेलभेद
१३ पंचपद्यानि
१४ सन्यास निर्णय
१५ निरोधलक्षण
१६ सेवाफल

तत्वार्थदीपनिबंध

१७ शास्त्रर्थप्रकरण
१८ सर्वनिर्णयप्रकरण
१९ भागवतार्थप्रकरण

श्रीमद्भागवत

२० सूक्ष्मटीका
२१ सुबोधिनी
२२ त्रिविधनामावलि
२३ पुरूषोत्तमनाम सहस्त्रम्
१४ दशमस्कन्धानुक्रमणिका
२५ एकादशस्कन्धानुक्रमणिका
२६ श्रृतिगीता

भाष्यत्रयी

२७ पूर्वमीमांसा भाष्य
२८ ब्रह्मसूत्राणुभाष्य
२९ गायत्रीभाष्यं
३० पत्रावलम्बनम्
३१ नन्दकुमारष्टकम्
३२ गिरीराजधार्याष्टकम्
३३ परिवृढाष्टकम्
३४ मधुराष्टकम्
३५ शिक्षाश्लोकी

-: विशेष :-

अष्ट सखा के 2500 कीर्तनों का सेट अनुवाद सहित तैयार है।

सम्पर्क करे - **भवदीय-विद्यारत्न व्यास** सदैन्य सादर
'जयश्रीकृष्ण एवं भगवत स्मरण' बृज-सौरव, आनन्द नगर,
कोठारिया रोड़, लाल बाग, नाथद्वारा जिला राजसमन्द
(राजस्थान) मो.नं. 08875321699

श्री महाप्रभुजी की 84 बैठके

1	श्रीमद् गोकुल-1	03958706171 09675613532
2	श्रीमद् गोकुल-2	09758097493
3	श्रीमद् गोकुल-3	09719281752
4	श्री वृंदावन	05651-6528028 09897979326
5	श्री मथुरा	09837016642
6	श्री मधुवन	09927484460 09319991231
7	श्री कमोदवन	
8	श्री बहुलावन	09837621850 09837626969
9	श्री राधाकृष्णकुंड	09897407556
10	श्री मानसी गंगा	09758194827
11	श्री परासोली	
12	श्री अन्योर	0565-2815547 0565-2815059 09456661810 09897849382
13	श्री गोविंद कुंड	0565-2815731 09259581794 09784316829
14	श्री सुन्दरशीला	
15	श्री गीरीराज	
16	श्री कामवन	0564-220038
17	श्री गहवर वन	09917492855
18	श्री संकेतवन	0566-2325260 09358330843
19	श्री नन्दगाम	09358758750 09917755788
20	श्री कोकीलावन	09358175274
21	श्री भांडीरवन	09719225640 09761087285
22	श्री मानसरावेन	09759182798
23	श्री सोरमघाट गंगातीर	
24	श्री चित्रकूट	09424740162 09451753530
25	श्री अयोध्या	05278232033 09415460280
26	श्री नैमिषारण्य	09935800215 09935636464
27	श्री काशी	09335485457 0933591969
28	श्री काशी हनुमान घाट	0542-2277925 09936182535 09794113411
29	श्री हरिहर क्षेत्र	0624267224 09955007128
30	श्री जनकपुर	09471484730 09905651680
31	श्री गंगा सागर	0900229684
32	श्री चंपारण्य-1	0771-2777137 0771-2777211 0771-2777121
33	श्री चंपारण्य-2	0771-2777219
34	श्री जगन्नाथपुरी	0675-2226553 09668216970
35	श्री पंढरपुर	09850157795 09422653623 09422027660
36	श्री पंचवटी नासिक	025325175 0982251588 02532514109
37	श्री पन्ना नरसिंह जी	

38	श्री लक्ष्मण बालाजी	08772277317
39	श्री रंगजी	09443949277
40	श्री विष्णुकाशी	04427269023 09894057605
41	श्री रामेश्वर	04573221685 623526
42	श्री मलयाचल	
43	श्री लोहगढ़	08322364856 09370306575
44	श्री ताम्रपर्णा नदी	
45	श्री कृष्णा नदी	
46	श्री पंपा सरोवर	
47	श्री पद्मनाभ	
48	श्री जनार्दन	9645541522 9447881224
49	श्री विद्यानगर	
50	श्री त्रिलोक भानजी	
51	श्री तोताद्री पर्वत	
52	श्री ध्रुवसेनजी	
53	श्री सूरत तापी नदी	0261-2547968 09825341025
54	श्री भरूच नमदा	02642-264660 099045223
55	श्री मोरबी	02822-240335
56	श्री जामनगर नावमती नदी	0288-2570671 0288-5545265
57	श्री खंभालिया	02833-234966
58	श्री द्वारका पिंड तारक	09426027371 09427242801
59	श्री मूल गोमती	02892-202116 09998688688
60	श्री द्वारका	02892-234825
61	श्रीर गोपी तलैया	02892-269170 09426233511
62	श्री बेट शंखोद्वार	09426027356 09974841500
63	श्री नारायण सरोवर	09925640008 02839-266631
64	श्री जुनागढ	0285-2624108 0285-2655555
65	श्री प्रभास क्षेत्र	02876-232334
66	श्री माधवपुर	0286-2272344 09898206766
67	श्री गुप्त प्रयाग	02875-269364 09824164996
68	श्री धुंधका	02713-232521 02713-232522 09825034528
69	श्री नरोडा	079-22813444 09825022187
70	श्री गोधरा	0267-240442 09898493893 09426044611
71	श्री खेलालु	02761-230130
72	श्री सिध्धपुर	09879079705 09904021415
73	श्री उज्जैन	0734-2560240
74	श्री पुष्करजी	0145-2772493 09829805457
75	श्री कुरूक्षेत्र	09813208404 09728942964
76	श्री हरिद्वार	09368231677 09897138599 09412942550
77	श्री बद्रिकाश्रम	09412155023 09411506505
78	श्री केदारनाथ	
79	श्री व्यासाश्रम	
80	श्री हिमालय	
81	श्री व्यासगंगा	
82	श्री मन्द्राचल	
83	श्री अडेल	0532-2666108 09335134029 09333736202 09616332666
84	श्री चरणाट	05443-290342 09336958097

"OK" की भाव वन्दना

आज के युग में छोटे, बड़े एवं पढ़े या बिना पढ़े सभी ओ.के. शब्द का प्रयोग करते है। अर्थ सकारात्मक प्रभु से जोड़ने वाला है। ओ.के. के अर्थ पर प्रकाश डाला गया है जिससे जीवन में आनन्द ही आनन्द होवे।

O = Only, K = कृष्ण - केवल कृष्ण से जुडना अर्थात क्रियाशील होना और क्रिया शीलता जीवन में आनन्द देती है।

O = Our, K = कृष्ण - जब कृष्ण हमारा हो जावे तो जीवन में कुछ अभाव नहीं होगा। जीवन सुखमय निश्चित रूप से हो जायेगा।

O=औंकार मय, K=कृष्ण -जब शिव याने कल्याण ही प्रभु कृष्ण से जुड जावे तो विशेष आनन्द जीवन में होगा। ओम का रंग बहुत ही विलक्षण है। सकल विश्व ही सुख मय बनेगा।

O = Online, K = कृष्ण -यदि आपका हृदय उस कृष्ण प्रभु से जुड जाता है तो ठीक जिस तरह से मोबाइल का सम्पर्क टॉवर से जुडते ही वह मोबाइल सम्पूर्ण विश्व से जुड जाता है। उसे 'वसुधैव कुटुकम्' कहा गया है। बिना आन लाइन विश्व नहीं चलता।

(1) **Our** - हमारे कृष्ण सारे विश्व के है
(2) **Operator** - (विष्णु) हैं सम्पूर्ण देवी देवताओं में
(3) **Only**- सर्व श्रेष्ठ योगेश्वर कृष्ण तो
(4) **One**-(एक) ये एक ही देव 16 कलाओं से युक्त जो कि हमेशा-हमेशा सदा आनन्द देते रहते है।
(5) **One Line** - (ब्रह्म स्वरूप कृष्ण) विश्व को चलाते है। ये
(6) **Over Lord Krishna** - हमारे स्वामी है। ये ही हमारे
(7) **Over Other Krishna** - जो हमारे पूजनीय है
(8) **Over Wership Krishna** - जो हमारे पूजनीय है
(9) **On Ward**-कृष्ण-ये देव हमारे आत्मिक शक्ति को आगे की ओर अग्रगामी बनाते है।
(10) **Ogle** - त्रिभंगीलाल भी कहा गया है।
(11) **Orphie** - सुरीला एवं मुग्ध करने वाला यंत्र
(12) **Oboe**-बाँसुरी, जब कृष्ण बजाते है तो सारे विश्व को मोहित करते है, और हम भक्ति जगत के जीव
(13) **Obtain**- प्रवृत्त होते भक्ति मार्ग का आनंद लेने हेतु।
(14) **Owe**- (ओ) कर्जदार होना - प्रभु का दिया हुआ जीवन है अतः प्रभु के हम कर्जदार है सो श्रेष्ठ जीवन जीते हुए उसी की महिमा के रंग में डूब जावे।
(15) **Offer**- कृष्ण भगवान ने हमे-ज्ञान, कर्म एवं भक्ति प्रदान की है उसे हम जीवन में उतारे।

दो शब्द

नाहं विप्रो न च नरपतिर्नापि वैश्यो न शुद्रों, नाहं वर्णी न च गृहपतिर्नो वनस्थो यतिवा।
किन्तु प्रोद्यन्निखिल परमानंद पूर्णामृताब्धे, गोंपीभर्तु : पदकमलयोर्दास दासानुदासः ।।

अर्थ : मैं ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र, ब्रह्मचारी, गृहस्थी या सन्यासी नहीं, पर, अति उज्जवल संपूर्ण परमानंद, पूर्ण रसामृत सागर श्रीगोपीजन-वल्लभ-चरण-कमल के, दासों का दास हूँ, और नित्य लीला के भावों के लिये हूँ ।

श्रीमद्वल्लभाचार्य चरण ने वैष्णव समाज को **'प्रेम लक्षणा'** भक्ति का दान दिया है आपश्री की आज्ञा है **'सर्वदा सर्व भावेन, भजनीयो व्रजाधिपः'**, निरन्तर सब भावों से श्रीकृष्ण की सेवा करो । सेवा की व्याख्या आपश्री ने की है- **'चेतयस्तत - प्रवणता सेवा'**। चित्त को भगवान् में पिरो देना ही सेवा है। जिस की सिद्धि, तनु-वित्तजा सेवा से होती है। इस का अर्थ है कि, क्षण मात्र के लिये, श्रीकृष्ण को नहीं भूलना है। कारोबार करते समय श्रीअष्टाक्षर मंत्र (**श्रीकृष्णः शरणं मम**) का मन में उच्चारण चलता रहना चाहिये। इस आज्ञा को कार्यान्वित करने के लिये **भगवत्सेवा कीर्तन** सहित रखी है। उसी आधार पर श्रीगुसाईजी के घरानों में जो रीति देखने में आई है, का संक्षिप्त वर्णन, इस ग्रन्थ में सचयन किया गया है।

विशेषः सभी भगवत् लीलाएँ अप्राकृत, दिव्य और अलौकिक हैं। गोपिजनों में लौकिक काम की गंध भी नहीं थी । श्रृंगार-रस एवं खंडिता के पदों की शब्दावली, लौकिक काम-क्रीड़ा के समान हे। किन्तु इन में अलौकिक परलौकिक काम है। गोपिजनों में लौकिक काम का अभाव था।

आभार

''कुछ ऐसे ज्ञात या अज्ञात है जिन्हें हृदय निरन्तर याद करता है''

ग्रंथ के प्रकाशन में बहुत से महानुभावों का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग रहा है। तन-मन-धन से जिन महान् पुरुषों ने मुझे चाहा, उन्हीं को इस कार्य सिद्धी का श्रेय मिलता है। छत्र की तरह जिन की कृपा मुझ पर रही, मैं उन महान् पुरुषों का हृदय से आभारी हूँ।

विद्यारत्न व्यास

प्रतिमा विद्यारत्न व्यास

हम सपरिवार बहुत बहुत आभारी है । हमारे परिवार की तरफ से
सभी वैष्णवों को सदैन्य भगवत् स्मरण एवं दण्डवत विनती होवे।

प.पू.तिलकायत महाराज द्वारा सम्मानित

लेखक की आत्मजा **सुश्री आशिता दाधीच** को जन्माष्टमी के उपलक्षय में प्रवचन देने उपरान्त **(प्रथम स्थान)** प्राप्त होने के कारण उन्हें पुरस्कार से सम्मानित किया गया दिनांक 04.09.2007



परमदयाल गोस्वामी श्री श्री 108 गुसांईजी



श्रीयमुना महारानी जी